आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* विश्व रेडक्रॉस दिवस
* संत तारण तरण गुरुपर्वी”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 112 | उज्जैन, शुक्रवार 08 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया डीपी बदली, ऑपरेशन का लोगो लगाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर बदलकर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो लगाया है। यह पहल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए सैन्य ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना के साहस को ट्रिब्यूट देने के लिए की गई। अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। 7 मई 2025 को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ बड़े आतंकी लॉन्चपैड को नष्ट कर दिया था।

### सबरीमाला केस: हर धार्मिक प्रथा को चुनौती देना गलत- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।

### अक्षय कुमार की आंखों की सर्जरी हुई



**एक्टिंग करियर से लिया ब्रेक, देखने में हो रही थी दिक्कत, 5 मई तक कर रहे थे शूटिंग**

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार के फैंस के लिए बुरी खबर है, क्योंकि साल में 3-4 फिल्में करने वाले अक्षय कुमार ने फिल्मों और एक्टिंग से एक छोटा सा ब्रेक लिया है। इस ब्रेक की वजह उनकी आखों की सर्जरी है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट में एक्टर से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि अक्षय कुमार की 6 मई की सुबह माइनर सर्जरी हुई, यह एक विजन करेक्शन की सर्जरी थी। अब अक्षय कुछ दिनों तक के लिए ब्रेक लेंगे और स्वस्थ होने पर फोकस करेंगे, क्योंकि उन्होंने अनीस बज्मी के साथ अपनी अगली फिल्म केरलम का शूटिंग शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। इस फिल्म में वो विद्या बालन और राशी खन्ना के साथ नजर आने वाले हैं। सूत्र के अनुसार, अक्षय कुमार की आंखों की सर्जरी 6 मई को हुई है। इससे कुछ ही घंटों पहले उन्होंने फिल्म केरलम की शूटिंग खत्म की थी। अक्षय ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से सेट की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था, केरलम शेड्यूल पूरा हुआ। खूबसूरत जगह पर अच्छे लोगों के साथ काम करने से बेहतर कुछ नहीं होता। हमारे डायरेक्टर अनीस बज्मी को कैमरे के पीछे की उनकी शानदार एनर्जी के लिए बहुत प्यार, और मेरी बेहतरीन को-स्टार्स विद्या बालन, राखी खन्ना, छोटा राजपाल और पूरी टीम का दिल से धन्यवाद। यह प्रोजेक्ट मेरे लिए बेहद खास रहा। अक्षय कुमार बॉलीवुड में सालाना सबसे ज्यादा फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं। इन दिनों एक्टर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला से सुर्खियों में हैं, जिसे सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसी साल उनकी दो बड़ी फिल्में वेलकम टू द जंगल और हैवान रिलीज होनी हैं। फिलहाल दोनों की ही रिलीज डेट्स सामने नहीं आई हैं। इसके अलावा अगले साल यानी 2027 के लिए उनकी 3 फिल्में शेड्यूल हैं, जिनमें केरलम, वेदत मराठे वीर दौड़ले सात और गोलमाल 5 शामिल हैं।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए। चोरो में एक चर्च को छोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचा। बाद में असम राइफल्स समेत सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

### चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में अपने पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक दोनों नेताओं को दो साल की राहत अवधि के साथ डेथ सेंटेंस दिया गया है। दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से गंभीर अनुशासन उल्लंघन के आरोपों में निष्कासित किया गया था। चीन में इस शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर भ्रष्टाचार के मामलों के लिए किया जाता है। ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। दोनों नेताओं पर रिश्वत और पद के दुरुपयोग जैसे आरोप लगे थे। चीनी कानून के तहत मौत की सजा के साथ राहत अवधि का मतलब है कि दोषी को तुरंत फांसी नहीं दी जाती। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

---

प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने आगरा-मुंबई हाईवे पर खलघाट से लेकर मुरैना तक 7 जगहों पर हाईवे किया जाम

## कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई धक्का-मुक्की

### जीतू पटवारी ने कहा- सीएम हाउस में करेंगे तालाबंदी, सिंघार बोले- सड़क पर फसल फेंक रहे अन्नदाता, सरकार झालमुड़ी खा रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन/शाजापुर



मध्य प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को आगरा-मुंबई हाईवे पर खलघाट से लेकर मुरैना तक करीब 580 किलोमीटर के दायरे में 7 जगहों पर हाईवे जाम किया। कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई, जबकि हजारों यात्री घंटों फंसे रहे। शाजापुर के रोजवास टोल प्लाजा, ग्वालियर के निरावली तिराहे, इंदौर बायपास, महू और मुरैना सहित कई जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने इस आंदोलन को किसानों की आवाज बताया, तो भाजपा ने इसे राजनीतिक स्टंट करार दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने साफ कहा कि कांग्रेस ने सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया था। तय समय पूरा होते ही किसान और कार्यकर्ता सड़क से हट गए। उन्होंने कहा- अगर किसानों की मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। अगर सरकार फिर भी नहीं मानी, तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी।

खलघाट टोल टैक्स पर चक्काजाम खत्म होने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश का किसान अपनी फसल सड़क पर फेंकने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद में सो रही है। अगर सरकार को सिर्फ बंगाल की राजनीति करनी है, तो मुख्यमंत्री वहीं चले जाएं, फिर मध्य प्रदेश में उनका क्या काम है।

सिंघार ने कहा कि किसान सब देख रहा है और अगर सरकार किसानों को रुलाएगी तो किसान भी सरकार को रुलाने का काम करेंगे। इस समय पूरी बीजेपी झालमुड़ी खाने में व्यस्त है। पश्चिम बंगाल की राजनीति दिखाई दे रही है, लेकिन किसानों का गेहूं और सोयाबीन दिखाई नहीं दे रहा।

#### सड़क पर उतरी कांग्रेस हाईवे पर लगा जाम

प्रदेश के कई जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। शाजापुर के रोजवास टोल प्लाजा, ग्वालियर के निरावली तिराहे, इंदौर बायपास, महू और मुरैना समेत कई जगहों पर सुबह से कार्यकर्ता जुटने लगे थे। शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर रोजवास टोल प्लाजा आंदोलन का बड़ा केंद्र बना। यहां उज्जैन, देवास, तराना और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। तराना विधायक महेश परमार के नेतृत्व में हाईवे पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर हटाने को लेकर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

#### मुरैना और ग्वालियर में पुलिस कार्रवाई, नेताओं की गिरफ्तारी

मुरैना में कांग्रेस का चक्काजाम करीब एक घंटे तक चला, जबकि पहले पांच घंटे तक जाम की घोषणा की गई थी। बाद में पुलिस ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ग्वालियर भेज दिया और धीरे-धीरे यातायात बहाल कराया। ग्वालियर में नेशनल हाईवे-44 पर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को प्रशासन ने पहले चेतावनी दी। एसडीएम ने हाईवे खाली करने के लिए दो मिनट का समय दिया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं हटे। इसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई कर नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने भेज दिया। इसी दौरान भिंड में कांग्रेस नेता राहुल भदौरिया और एक पुलिस आरक्षक के बीच झड़प भी हुई।

---

## मैंने ममता को हराया, इसीलिए पीए की हत्या: सुवेंदु

### चंद्रनाथ की मां बोलीं- हार का बदला बेटे से लिया, हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक मिली

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है।

सुवेंदु ने कहा- इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है। उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। इस मामले में पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक मिल गई है।

#### चंद्रनाथ की कार पर गोलियों की बौछार, हमलवार तुरंत फरार

चंद्रनाथ की हत्या बुधवार देर रात 10.30 बजे की गई थी। वे कोलकाता से मध्यमग्राम अपने घर लौट रहे थे। कोलकाता से करीब 20 किमी दूर डोलतला में एक कार रथ की स्कॉर्पियो के सामने खड़ी हो गई। इसी बीच बाइक पर आए हमलावरों ने 6 से 10 राउंड फायरिंग की। दो गोलियां चंद्रनाथ के सीने से आर-पार हो गईं, एक गोली पेट में लगी। उनके ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी। हत्या के बाद हमलावर कार छोड़कर बाइक से फरार हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चंद्रनाथ को मृत घोषित कर दिया। उनके ड्राइवर का इलाज जारी है।

---

विनोद पांडेय का मिशन बना जनआंदोलन

### भोपाल को साइकिल सिटी बनाने की पहल तेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

शहर में बढ़ते प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच अब एक नई सोच तेजी से आकार ले रही है साइकिल सिटी भोपाल। इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं विनोद पांडेय जिनका उद्देश्य भोपाल को एक स्वच्छ, स्वस्थ और साइकिल-फ्रेंडली शहर बनाना है।

विनोद पांडेय ने बताया कि आज भोपाल जैसे सुंदर शहर को सबसे बड़ी चुनौती प्रदूषण और ट्रैफिक की है। हर दिन बढ़ती गाड़ियों की संख्या न सिर्फ हवा को खराब कर रही है, बल्कि आम आदमी की जेब पर भी भारी पड़ रही है। ऐसे में साइकिल एक सरल और प्रभावी समाधान है, उन्होंने कहा इस अभियान के तहत साइकिल टू वर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि वे हफ्ते में कम से कम 2-3 दिन साइकिल का उपयोग करें। इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा और शहर का ट्रैफिक भी कम होगा।

---

आर्ट ऑफ लिविंग के 45 साल

### 10 मई को कार्यक्रम में पीएम मोदी होंगे शामिल, 182 देशों से लोग आएंगे



एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

आर्ट ऑफ लिविंग 10 मई को स्थापना के 45 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इसके संस्थापक गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर 13 मई को 70वां जन्मदिवस मनाएंगे। इन दो आयोजनों के ऐतिहासिक संयोग पर बेंगलुरु में महाआयोजन होने जा रहा है। वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के प्रतिभागी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगे। 10 मई से शुरू हो रहे आयोजन 26 मई तक चलेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके साक्षी बनेंगे। वे 10 मई को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और शुभकामनाएं देंगे। पीएम मेडिटेशन हॉल ध्यान मंदिर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मेंटल हेल्थ, रूरल डेवलपमेंट, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन से जुड़ी राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का भी शुभारंभ करेंगे।

#### आयोजनों की श्रृंखला: 7 बिम्सटेक देशों के युवा नेता लीडरशिप का अनुभव लेंगे

- 13 मई को श्रीश्री रवि शंकर के जन्मदिन पर विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान होगा। विश्वभर में लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।
- 182 देशों की संस्कृतियों को पेश करते हुए संगीत, नृत्य और कलात्मक अभिव्यक्तियों से वाला सांस्कृतिक महोत्सव होगा।
- भारत के 450 से अधिक जिलों में काम कर रहे अनसुने नायक विशेष समारोह में सम्मानित होंगे।
- 25-26 मई को कैदी कल्याण और नीतिगत सुधार पर विशेष गोलमेज चर्चा होगी।

उद्देश्य जेलों में सुधार की सर्वोत्तम पद्धतियों को बताना और कैदियों के पुनर्वास में आर्ट ऑफ लिविंग के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करना होगा। विदेश मंत्रालय के सहयोग से बिम्सटेक यूथ लीडरशिप एक्सचेंज कार्यक्रम होगा। सभी 7 बिम्सटेक देशों के युवा नेता आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नेतृत्व प्रशिक्षण के लिए जुटेंगे।

---

मार्कशीट बदलने पर

### पिता ने आरी मशीन से 9 साल की बेटी की हत्या की



एजेंसी ▸▸ पुणे


पुणे के देउलगांव राजे गांव में एक पिता ने अपनी 9 साल की बेटी की आरी मशीन से गला काटकर हत्या कर दी। दरअसल बेटी ने अपने भाई की मार्कशीट में बदलाव कर खुद को पहले और भाई को दूसरे नंबर पर कर दिया था। जब पिता शांताराम चव्हाण (33) को इसका पता चला तो उसने बेटी को मार डाला और सबूत मिटाने के लिए घर में आग लगा दी। पुलिस की जांच में पता चला कि आग जानबूझकर लगाई गई थी। चव्हाण और उसकी एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

आईटी कारोबारी के ठिकानों पर ईडी की रेड

### 9वीं मंजिल से फेंके नोटों से भरे बैग, 21 लाख हुए बरामद

एजेंसी ▸▸ मोहाली



मोहाली जिले के खरड़ स्थित नामी हाउसिंग सोसायटी वेस्टर्न टावर्स में ईडी ने रेड की है। रेड के दौरान 9वीं मंजिल के एक फ्लैट से नकदी से भरे दो बैग नीचे फेंके गए।

ईडी की टीम सुबह करीब 7 बजे खरड़ पहुंची और चज्जूमाजरा स्थित वेस्टर्न टावर्स सोसायटी के फ्लैट नंबर 906 में तलाशी अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि यह फ्लैट आईटी कारोबारी नितिन गोयल से जुड़ा हुआ है। ईडी अधिकारियों ने फ्लैट के अंदर कई घंटों तक दस्तावेजों और अन्य रिकार्ड की गहन जांच की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेड के दौरान अचानक फ्लैट की ऊपरी मंजिल से दो बैग नीचे फेंके गए। बैग गिरते ही उनमें से 500-500 रुपये के नोट सोसायटी परिसर में बिखर गए।

---

### एकनाथ शिंदे का हेलिकॉप्टर आंधी में फंसा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का हेलीकॉप्टर कल्याण के पास खराब मौसम और तेज आंधी-तूफान में फंस गया। जानकारी के अनुसार शिंदे मुंबई के महालक्ष्मी हेलीपैड से कल्याण के आगे मुरबाड में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में अचानक मौसम बिगड़ गया। पायलट हेलिकॉप्टर को आगे ले जाने के बजाय वापस ले आया। मुंबई के जुहू हेलीपैड पर सेफ लैंडिंग की गई।

---

सब्जी कैरेट के पीछे छिपाकर मादक पदार्थ की हो रही थी तस्करी

## महासमुंद में 1.14 करोड़ का गांजा जब्त

एजेंसी ▸▸ महासमुंद

महासमुंद जिले में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने एक पीकअप वाहन से 226.600 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 14 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिले में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि ओडिशा से एक पीकअप वाहन में गांजा छत्तीसगढ़ होते हुए महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर गनियारीपाली गांव स्थित एनएच-53 पर सिल्की ढाबा के पास नाकेबंदी की गई।




**गांजा, पीकअप वाहन और तीन मोबाइल फोन जब्त**

जांच के दौरान संदिग्ध पीकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में रखे खाली सब्जी कैरेट के पीछे बोरियों में गांजा छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने मौके से गांजा, पीकअप वाहन और तीन मोबाइल फोन जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीनाथ आश्रु जाधव और अक्षय बरुक के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गांजा ओडिशा के बालिगुड़ा से महाराष्ट्र के अहमदनगर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## मालवा के दादा का बीज पब में पुष्पित हुआ

हाल ही में लोकतंत्र के आए परिणामों में मालवा का बीज पब में पुष्पित हुआ है। करीब 5 वर्ष पूर्व मालवा की होल्करों की राजधानी के दादा को वहां बीज के साथ भेजा गया था। जमकर दादा ने मशक्कत की थी, बीज का रोपण किया था। इस दौरान उन्होंने कई कठिनाईयों का सामना सीमा पार के एवं तृकां के लोगों से किया था। तत्कालीन दौर में पब में उन पर हमले हुए थे और उन्हें भी घेरा गया था। मालवा के इस राजनीति के कृषक ने फिर भी विपरित हालातों में बीजारोपण में कोई कमी नहीं रखी थी। खाद और पानी की समस्या से निपटने के लिए भी उन्होंने तत्कालीन प्राकृतिक उपायों का पालन करने के लिए वहां के स्थानीय कृषकों को टिप्स दे दिए थे। पूरे पांच साल बाद मालवा का बीज पूरी तरह से पुष्पित हो गया है। खास यह है कि बीजारोपण करने वाले दादा को कोई श्रेय नहीं दे रहा है न ही इस बागबानी के लिए उनका जिक्र ही किया जा रहा है। खैर शिव के नाम वाले दादा वैसे भी श्रेय से परे रहकर अपने काम को मातृ संस्था की तरह अंजाम देने के आदी रहे हैं। गढ़ में भी वे एक समय विपक्ष की भूमिका में जमकर अपना लौहा मनवा चुके हैं। पांच वर्ष पूर्व पब में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से दल के लिए निभाया था। देवी अहिल्या की नगरी से पब तक वे जमकर चर्चित रहे थे। उस समय प्रकृति ने साथ नहीं दिया और बीज एक दम से पुष्पित पल्लवित नहीं हो सका लेकिन समय के साथ बीज ने जमीन की गहराई को पकडा और उसे सियासती खाद मिलती रही। इससे बीज ने पांच साल बाद ही सही पुष्पित होकर दिखा दिया। दादा के द्वारा उपयोगी मालवा का बीज अब दल को बेहतर उत्पादन भी देने वाला है और गहराई तक जडें होने से आने वाले समय में यह लंबे समय तक चलना भी तय है। खुसूर-फुसूर है कि मालवा ने सियासत में एक से एक उन्नत कृषक दिए हैं। उनमें दादा भी शुमार हो चुके हैं। ऐसे में दादा का उपयोग वहां कृषि वैज्ञानिक के तौर पर किया जाना दल के भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए तो बेहतर होगा ही उसके साथ सीमा क्षेत्र में घुसपैठियों पर कार्रवाई के लिए भी उनका दबाव रहेगा और आपराधिक वृत्तियों की नसबंदी में भी। जैसा कि एक समय प्रदेश के दाऊ साहब ने खाली जगह मांगने वालों को नेस्तनाबूद करने में अपना योगदान दिया था।




## न्यूज कॉलम

### महाराष्ट्र समाज धर्मशाला द्वारा मिक्स कचरा देने पर निगम ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत उज्जैन नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता को बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयासरत है। शहर के नागरिकों के साथ-साथ बड़े होटलों, अस्पताल, धर्मशाला, मैरिज गार्डन इत्यादि को अपने यहां से निकलने वाले कचरे को पृथक-पृथक करते हुए स्वयं द्वारा निष्पादित किया जाना है, इसके लिए संबंधित को अभियान की गाइडलाइन के अनुसार जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाती है। इसके पश्चात भी कतिपय द्वारा मिक्स कचरा दिया जाता है जिन पर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही की जाती है। गुरुवार को वार्ड क्र. 24 क्षीर सागर स्थित महाराष्ट्र समाज धर्मशाला द्वारा अपने यहां से निकलने वाला कचरा को मिक्स रूप से दिया जा रहा था जिस पर गाइडलाइन का पालन न करने पर स्वच्छता निरीक्षक मुकेश भाटी द्वारा 10 हजार का जुर्माना लगाया गया।

### 28वीं जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट स्पर्धा 10 मई को

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 10 मई को नागदा में किया जाएगा। मातृत्व दिवस और स्वर्गीय फिलोमेना एंथोनी की पावन स्मृति में उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन तथा मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस स्पर्धा में जिले भर के लगभग 230 खिलाड़ी भाग लेंगे। उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का वजन और पंजीयन शुक्रवार 8 मई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के मध्य तरण ताल परिसर स्थित स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में किया जाएगा। मुख्य स्पर्धा 10 मई को सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग स्टेजों पर एक साथ शुरू होगी। यह चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स महिला व पुरुष वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उज्जैन जिले के साथ-साथ नागदा, तराना, खाचरौद, बड़नगर और महिदपुर तहसीलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कारों के अलावा 12 स्ट्रांग मैन और स्ट्रांग वूमेन बेस्ट लिफ्टर अवार्ड के आकर्षक खिताब भी रखे गए हैं। चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेम सिंह यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शैलेंद्र व्यास और मध्य प्रदेश शरीर सौष्ठव संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित रहेंगे। आयोजन में संयोजक की भूमिका मारिया शेखावत और सहसंयोजक की जिम्मेदारी मनोज कपासिया निभा रहे हैं।

---

### प्रबंधन में जल विभाग मात खा रहा, पानी अभी पर्याप्त

# पीएचई के संदेश की देरी ने नागरिकों की समस्या बढ़ाई

## बुधवार को अंबोदिया प्लांट पर बिजली शट डाउन का संदेश देर रात दिया पीएचई ने

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गुरूवार सुबह आम शहरी नल के चलने का इंतजार करता रहा लेकिन नल नहीं चले। लोगों ने नगर निगम कंट्रोल रूम एवं पीएचई कंट्रोल रूम पर संपर्क किया तो सामने आया कि सप्लाय नहीं देने का संदेश सोश्यल मीडिया पर जारी किया गया था। इसे लेकर नागरिकों की समस्या और बढ़ गई दिन चढ़ने के साथ सूरज निकलने से समस्या और गहरा गई। सामने आया कि पीएचई ने देर रात में संदेश जारी किया था। इस मामले में पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री के जवाब की अपेक्षा के लिए मोबाइल पर काल किया जाता रहा लेकिन वे देर तक नो रिप्लाय होते रहे।

गुरूवार को शहर में गैस टंकी की लाइन की तरह पानी को लेकर भी लाइन लग गई। पानी के लिए घरों में मारामारी की स्थिति बन गई। शहर में आमजन ने जहां और जैसे पानी मिल सका लिया है। इसके लिए हैंडपंप एवं नलकूप एवं कुओं का सहारा लेना आमजन की मजबूरी रही है। जैसे तैसे जितना पानी मिल सका आमजन ने उसी से काम चलाया है।



### पर्याप्त पानी कुप्रबंधन का परिणाम

इधर पूरे मामले पर सामने आ रहा है कि पीएचई विभाग में समन्वय के अभाव के चलते ऐसे हालात बने हैं। सूत्रों के अनुसार डेम एवं वहां से संबंधित कार्य को कार्यपालन यंत्री ने अपने हाथ में ले रखा है। पूर्व में यहां पदस्थ सहायक यंत्री को हटा दिया गया है। खास तो यह है कि शट डाउन की स्थिति में अपराह्न में ही जल प्रदाय किया जा सकेगा या नहीं यह स्थिति सामने आ जाती है उसके बाद भी सूचना देर रात को प्रसारित की गई। गंभीर बांध में वर्तमान में वर्तमान में 578 एमसीएफटी पानी है। शहर को प्रतिदिन सप्लाय में करीब 7 एमसीएफटी पानी लग रहा है। ऐसे में पानी की कमी नहीं है। उसके बाद भी कुप्रबंधन के कारण से शहर गुरूवार को प्यासा रह गया।

### तपती गर्मी में मशक्कत

मई माह की गर्मी में सुबह से ही सूरज तेजी में रहता है। ऐसे में आमजन को पानी के लिए हैंडपंप एवं नलकूपों पर पहुंचकर पानी की मशक्कत करना पड़ी। गर्मी की वजह से आमजन को परेशानी भी हुई। कई क्षेत्रों में हैंडपंप एवं नलकूपों पर अच्छी खासी लाइन लग गई और नंबर से लोगों को पानी भरने का अवसर मिल सका। इसके चलते समय और धूप दोनों में आमजन को बेवजह पसीना बहाना पड़ा है।

### ये कारण बताया गया

पीएचई ने बुधवार देर रात अपने संदेश में गंभीर डेम के इंटकवेल एवं अंबोदिया में बिजली का शटडाउन होने के कारण प्लांट संचालन में बाधा होने की जानकारी सोश्यल मीडिया पर साझा कर अपनी जिम्मेदारी पूर्ण कर ली थी। देर रात जारी संदेश व्हाटसप के ग्रुपों में चलता रहा। गुरूवार सुबह संदेश से अंजान आम शहरी नल आने का इंतजार करता रहा। जब नल के समय पर पानी नहीं आया तो लोगों ने नगर निगम एवं पीएचई कंट्रोल रूम से जानकारी जुटाई। इसके बाद आमजन पानी के लिए इधर उधर भागा।

---

### पत्ती विक्रेताओं को निगमायुक्त की दो टूक हिदायत

# सफाई का ध्यान रखें अन्यथा बाजार बंद करें

## नंबर वन पर बने रहने के लिए कवायद तेज की गई, सुबह 4 बजे कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वच्छता में नंबर वन पर बने रहने के लिए उज्जैन नगर निगम ने अपनी स्वच्छता बनाए रखने की कवायद तेज कर दी है। इसके चलते सुबह 4 बजे से ही अमला मैदान में उतर रहा है। आयुक्त अभिलाष मिश्रा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्टैंडअप मिटिंग ले रहे हैं। गुरूवार को पत्ती बाजार क्षेत्र में पहुंचे निगमायुक्त ने यहां पत्ती विक्रेताओं को दो टूक हिदायत दी है कि सफाई का ध्यान रखें अन्यथा बाजार बंद करें।

वार्ड क्रमांक 13 स्थित के पत्ती बाजार के विक्रेताओं को उन्होंने सख्त हिदायत दी कि बाजार खत्म होने के बाद सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें बची हुई पत्तियों को सड़क पर ना डालें अन्यथा बाजार बंद करना पड़ेगा। यही नहीं भारी जुमार्ना की कार्यवाही भी की जाएगी। निगमायुक्त ने वार्ड में सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया। चैंबर्स को खुलवाते हुए लेवल देखा। नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जिस पर अमल शुरू हो गया। जत्थों के रूप में नालियों के ऊपर से होकर घरों तक पहुंच रही पाइपलाइन को लेकर उन्होंने पीएचई विभाग से बात करते हुए 160 एमएम की लाइन डालने का कार्य के निर्देश दिए। उक्त कार्य सीवरेज के कार्य के साथ-साथ हो सके बाद में रोड को नहीं खोदना पड़े।



### वन-टू-वन चर्चा की

गुरुवार को प्रातः 6 बजे ग्रांड होटल पर स्टैंडअप मीटिंग करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों एवं आईईसी के सदस्यों निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के अंतर्गत प्रमुख चौराहों के साथ-साथ वार्ड की गालियां भी साफ स्वच्छ हो। कचरे का ढेर कहीं भी ना बने तत्काल सफाई के बाद ढेरियां उठवा ली जाए। वार्डों में मुख्य रूप से कचरा सेग्रीगेशन पर नागरिकों से संवाद एवं जन जागरूकता गतिविधियों का कार्यक्रम संचालित किए जाएं। फील्ड में ज्यादा से ज्यादा मेहनत करते हुए स्वच्छता में हमें नंबर वन पर बने रहना है।

### तड़के खुले में कचरा फेंकने वालों की पहचान

गुरुवार को झोन क्रमांक 4 अंतर्गत निगम अमले द्वारा प्रातः 4 बजे निरीक्षण कर फ्रीगंज गुरुद्वारा के पास खुले में कचरा फेंकते 2 रहवासियों को चिन्हित किया। दोनों पर पृथक-पृथक रूपए 500 का जुर्माना किया गया। समझाइश दी गई कि प्रतिदिन वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन आता है उसी में कचरा गीला एवं सूखा पृथक-पृथक कर ही डाले।

---

# हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण में फिर नई मार्किंग

## अतिरिक्त जमीन लेने की तैयारी, दोबारा की तो लोगों में विरोध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

हरसिद्धि मंदिर से रामघाट तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण को लेकर एक बार फिर मार्किंग की गई। गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में दोबारा मार्किंग किए जाने के बाद प्रभावित लोगों में नाराजगी और विरोध बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सेंट्रल लाइन मार्किंग के आधार पर उन्होंने अपने भवनों का हिस्सा तोड़कर सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन दे दी थी, लेकिन अब फिर से अतिरिक्त जमीन लेने की तैयारी की जा रही है। पाटीदार धर्मशाला और प्रजापत धर्मशाला के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा पहले की गई मार्किंग के अनुसार उन्होंने निर्माण हटाकर पर्याप्त जगह दे दी थी। इसके बावजूद अब नई मार्किंग कर अतिरिक्त जमीन मांगी जा रही है। लोगों का कहना है कि नई मार्किंग के अनुसार किसी की 3 फीट, किसी की 7 फीट तो किसी की 18 से 19 फीट तक जमीन और प्रभावित हो रही है। कई मकान ऐसे हैं जो अब पूरी तरह चौड़ीकरण की जद में आ जाएंगे। प्रभावित रहवासियों ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चौड़ीकरण के नाम पर केवल एक तरफ के भवनों को तोड़ा जा रहा है, जबकि दूसरी ओर स्थित मुंबई धर्मशाला की तरफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



### मुंबई धर्मशाला का प्रशासन ने किया अधिग्रहण!

क्षेत्र में स्थित मुंबई धर्मशाला को प्रशासन द्वारा अधिग्रहित किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि आगामी सिंहस्थ के दौरान इस धर्मशाला का उपयोग कंट्रोल रूम के रूप में किया जा सकता है।

---

## स्वच्छता अभियान में महापौर का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान के तहत बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने सुबह 7 से 9 बजे तक विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य, पीएचई, उद्यान, प्रकाश व्यवस्था और आईईसी टीम ने मिलकर सफाई, उद्यानों की देखरेख, पानी के लीकेज सुधार और गंदे पानी की शिकायतों का निराकरण किया।

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 28 (दूध तलाई, दौलतगंज, घी मंडी) वार्ड 46 (बंगाली कॉलोनी) और वार्ड 39 (किशनपुरा बालाजी मंदिर क्षेत्र) में विशेष सफाई की गई। दूध तलाई में फूल मंडी के व्यापारियों द्वारा सड़क पर फूल फेंकने पर नाराजगी जताते हुए निर्माल्य वाहन से कचरा संग्रहण के निर्देश दिए गए

बंगाली कॉलोनी में गंदगी और अतिक्रमण मिलने पर तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए दो दिन का विशेष



अभियान चलाने और पुनः निरीक्षण की चेतावनी दी गई। सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कही गई। किशनपुरा बालाजी मंदिर परिसर में महापौर ने स्वयं पोछा लगाकर सफाई का संदेश दिया और सफाई मित्रों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य सत्यनारायण चौहान, एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, जोनल अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र पाल सिंह जादौन एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

---

### नगर निगम की अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले

# प्रमुख चौराहों से हटाए अवैध फ्लेक्स, होर्डिंग्स और हाथ ठेले





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम की अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा गुरुवार को शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण, बिना अनुमति लगाए गए फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन का कहना है कि इन अवैध फ्लेक्स और होर्डिंग्स से शहर की छवि एवं सुंदरता प्रभावित हो रही थी।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान में अतिक्रमण गैंग ने बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए कई स्थानों से अवैध प्रचार सामग्री हटाई। साथ ही शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों एवं दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे प्रचार-प्रसार के नाम पर शहर की सुंदरता को खराब न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान गाड़ी अड्डा चौराहा से आगर रोड तक, देवास गेट बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन होते हुए इंदौर गेट क्षेत्र के फुटपाथों पर लगाए गए अवैध हाथ ठेले एवं घूमटियों को हटाया गया। इसके अलावा चकोर पार्क से मक्सी रोड डिपो चौराहा ब्रिज तक बिना अनुमति लगाए गए फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स भी हटाए गए।

---

### मंगलनाथ मंदिर के सामने की जर्जर सड़क बनी परेशानी का कारण

# गड्ढे वाली सड़क से श्रद्धालु व वाहन चालक परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल मंगलनाथ मंदिर के सामने की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। जगह-जगह गड्ढे पड़ जाने और सड़क के उखड़ जाने से मार्ग पूरी तरह उबड़-खाबड़ हो गया है, जिससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाहर के श्रद्धालु मंगलनाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही इस मार्ग से काल भैरव, सिद्धवट और अंगारेश्वर महादेव जैसे अन्य प्रमुख मंदिरों तक भी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्ग होने के बावजूद अपनी खराब हालत के कारण लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है।



### रखरखाव के अभाव में सड़कों की हालत खराब

सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और अधिक खराब हो गई है। कीचड़ फैलने के कारण पैदल चलने वालों को फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखने में दिक्कत होती है। कई स्थानों पर सड़क की गिट्टी उखड़कर बाहर आ गई है, जो राहगीरों के लिए चोटिल होने का कारण बन रही है। वर्ष 2016 के सिंहस्थ महापर्व के दौरान मंदिर परिसर के साथ ही इस सड़क का भी निर्माण किया गया था, लेकिन समय के साथ रखरखाव के अभाव में इसकी हालत लगातार खराब होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है कि थोड़ी सी बारिश के बाद ही सड़क पर जलभराव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

---

### अशोक जाट को किया जिला बदर

# विरोध में आज से कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक जाट के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा की गई जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस आज 8 मई से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार एवं मुकेश भाटी आज सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय पर धरने पर बैठेंगे।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि अशोक जाट लगातार मंडी में किसानों की समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे, जिसके चलते प्रशासन ने उनके खिलाफ यह कदम उठाया है। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह द्वारा अशोक जाट को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है।

कांग्रेस का कहना है कि यह कार्रवाई किसानों की आवाज दबाने का प्रयास है। पार्टी नेताओं ने प्रशासन के निर्णय को लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। वहीं, धरने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी देखी जा रही है और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश के विकास के लिए निमाड़ में होगा इन्वेस्टर समिट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों के लिए नई भूमि और उसका केनवास तैयार हो चुका है, अब हम उद्योगपतियों के साथ मिलकर योजनाओं और नीतियों के सहारे रंग भरने का काम कर रहे है। इसमें नव उद्यमिता के लिए पर्याप्त नए अवसर पैदा किये जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था सक्षमता के साथ बढ़ रही है। दक्षिण के द्वार के नाम से प्रसिद्ध बुरहानपुर, प्रदेश के विकास का द्वार है। बुरहानपुर में उद्यम और परिश्रम के संस्कार हैं, जिले के लोगों के हुनर बहुमुखी हैं। कृषि से लेकर उद्योगों तक सभी क्षेत्रों में बुरहानपुर में गतिशीलता का वातावरण है। बुरहानपुर के विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

### जिले में खाद की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में किसानों को पारदर्शी सुगम एवं समयबद्ध उर्वरक उपलब्ध करने के उद्देश्य से ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान पोर्टल के द्वारा निजी एवं सहकारिता के माध्यम से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन हेतु कुल 32701 मेट्रिक टन उर्वरक भण्डारित होकर 1357 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में 5627 मेट्रिक टन यूरिया, डी.ए.पी. 2093 मेट्रिक टन, एन. पी.के. 9986 मेट्रिक टन, एम.ओ.पी. 4357 मेट्रिक टन एवं सुपर फास्फेट 9281 मेट्रिक टन उपलब्ध है।

### संपति एवं जल कर के सरचार्ज में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मई शनिवार को प्रदेश के समस्त जिला न्यायालय एवं तहसील के व्यवहार न्यायालयों में 'नेशनल लोक अदालत' का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों के कल्याण और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नेशनल लोक अदालत में नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदान करते हुए संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य उपभोक्ता कर के लंबित प्रकरणों में देय अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व छूट प्रदान की जा रही है। योजना के प्रावधानों के अंतर्गत 50 हजार रुपये तक के संपत्ति कर और 10 हजार रुपये तक के जल कर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णतः माफ किया जाएगा। इससे अधिक की बकाया राशि होने पर निर्धारित स्लैब के अनुरूप सरचार्ज में 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों को छूट के उपरांत शेष राशि अधिकतम दो आसान किश्तों में जमा करने की सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नेशनल लोक अदालत में सहभागिता कर अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण करवाएं।

### मंडियों में समय पर हो भुगतान, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी नीतियों और मंडी बोर्ड की सक्रियता का परिणाम है कि कृषि उपज मंडी समिति चौरई की अपील पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 64 कृषकों को उनके द्वारा विक्रय की गई उपज की राशि 96 लाख 51 हजार 500 रुपये के भुगतान करने के आदेश प्रसारित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसान के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति चौरई में पंजीकृत अनुज्ञप्तिधारी फर्म ज्ञाताश्री ट्रेडर्स, चौरई के द्वारा कृषकों से खरीदी गई अधिसूचित कृषि उपज का भुगतान नहीं करने पर मंडी समिति ने त्वरित कार्रवाई की। न्यायालय तहसीलदार, चौरई द्वारा फर्म से वसूली के लिए आर.आर.सी. जारी कर 96,51,500 रुपये (छियानबे लाख इक्यावन हजार पांच सौ रुपये) की वसूली की गई और राशि मंडी समिति के खाते में जमा कराई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सिविल कोर्ट/जिला कोर्ट से अनुमति नहीं मिलने पर मंडी समिति की ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की गई।

### इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

**इंदौर।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के कार्यों में मदद के लिए नागरिक और कॉर्पोरेट सेक्टर भी आगे आ रहे हैं। इनके सहयोग से पुरानी बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कर उनका सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है तथा उपयोगी बनाया जा रहा है। जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले के जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य जा रहे हैं।

# घर में घुसकर परिवार पर किया हमला, गाड़ी फूंकी

## महिलाओं से मारपीट, एक घंटे चलता रहा हंगामा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित कंचनपुरा इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर देर रात एक घर में घुसकर हमला किया गया। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों से मारपीट की, घर में तोड़फोड़ की और एक गाड़ी में आग लगा दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार, कंचनपुरा निवासी आईटीआई कर्मचारी भगीरथ रायकरवार घटना के समय ड्यूटी पर थे। उनके घर में उनकी बेटी पूजा और बुजुर्ग दादी मौजूद थीं। इसी दौरान, पड़ोस से जुड़े पुराने विवाद के चलते गोलू उर्फ पप्पू (28) निवासी ढांचा भवन अपने 8 से 10 साथियों के साथ वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में थे और उन्होंने घर के बाहर हंगामा शुरू कर दिया।



### आरोपियों ने घर के दरवाजे पर एसिड से भरी बोतलें फेंकीं

परिजनों के मुताबिक, आरोपियों ने पहले घर के दरवाजे पर एसिड से भरी बोतलें फेंकीं। इसके बाद उन्होंने लाठी-डंडों से दरवाजे, खिड़कियां और घर का सामान तोड़ना शुरू कर दिया। टीवी सहित अन्य घरेलू सामान में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। घर में मौजूद महिलाओं, पूजा और उनकी दादी के साथ मारपीट की गई, जिससे वे घायल हो गईं। घटना से घबराई पूजा ने अपनी बुआ उषा और चचेरे भाई भारत को मदद के लिए बुलाया। हालांकि, उनके पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान, घर के बाहर खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हुए आरोपी



सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मौके से गोलू और उसके नाबालिग साले को हिरासत में ले लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। घायलों को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पूजा और उनकी दादी का इलाज जारी है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में रात करीब 12 बजे से 1 बजे तक लगातार हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़ होती दिखाई दे रही है। लगभग एक घंटे तक इलाके में गुंडागर्दी का यह तांडव चलता रहा, जिससे क्षेत्र के लोग भयभीत हो गए।

# पिपलिया पाला तालाब का गहरीकरण कार्य शुरू

## जल संकट से निपटने की तैयारी: निगम कमिश्नर बोले- यह तालाब बनेगा जल बैंक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पिपलिया पाला तालाब के गहरीकरण कार्य की शुरूआत गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने की। शहर में लगातार गिरते भू-जल स्तर और बढ़ती जल जरूरतों को देखते हुए नगर निगम ने जल संरक्षण की दिशा में यह अहम कदम उठाया है।

नगर निगम के अनुसार तालाब के गहरीकरण से उसकी जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी, जिससे भविष्य में जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी। साथ

### सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग

नगर निगम इस अभियान को विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से चला रहा है। इस कार्य में भारतीय जैन संगठन इंदौर उमंग और जैन इंजीनियर्स सोसायटी ने भी सहभागिता की है। निगम कमिश्नर ने कहा कि जनभागीदारी से किए जाने वाले ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हैं। कार्यक्रम में भारतीय जैन संगठन इंदौर उमंग के संतोष कुमार जैन, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे समेत कई लोग मौजूद रहे। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

### सफाई व्यवस्था पर निगम सख्त, निगमायुक्त सड़कों पर उतरे

गुरुवार सुबह नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शहर के विभिन्न रहवासी और व्यावसायिक क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सबसे पहले जोन क्रमांक-3 अंतर्गत तिलक पथ स्थित मल्हार आश्रम के पास शासकीय 15 नंबर स्कूल के पीछे बने सीटीपीटी पहुंचे। यहां उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार करने, आवश्यक संधारण कार्य तत्काल कराने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अमन कचहरी स्थित निगम के वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े पुराने और अनुपयोगी वाहनों को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की गई और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने सुभाष मार्ग स्थित भोई मोहल्ला मच्छी मार्केट क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित सफाई, कचरा संग्रहण और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

# छेड़छाड़ का विरोध किया तो पिता को फावड़ा मारा

## बचाव करने गए चाचा भी घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया मे एक 15 साल की लड़की से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर उसके पिता जब आरोपी से बात करने पहुंचे तो उसने फावड़े से हमला कर दिया। बाद मे बचाव करने गए चाचा के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने बुधवार रात एफआईआर की है। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि एक नाबालिक लड़की के पिता की शिकायत पर अतुल पुत्र कैलाश जामले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। बुधवार शाम पीड़िता अपने घर की तरफ जा रही थी। तब आरोपी ने उसे अश्लील इशारे किए पीड़िता ने यह बात अपने पिता को बताई। जब पिता आरोपी के घर पहुंचे तो उसने मारपीट शुरू कर दी। वहीं फावड़ा उठाकर सिर और पीठ पर मार दिया। आवाज सुनकर पीड़िता के चाचा बचाव करने पहुंचे तब आरोपी अतुल ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस मामले मे जांच कर रही है।

# चोरों का कारनामा: उज्जैन में 1 मिनट 38 सेकंड में बाइक चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार सुबह चिमनगंज थाना क्षेत्र की कमल कॉलोनी में बदमाशों ने महज 1 मिनट 38 सेकेंड में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पूरी घटना सुबह करीब 6:43 बजे की है, जिसमें दो बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक बड़ौद निवासी पवन दायिमा अपने साढ़ू भाई की स्प्लेंडर बाइक क्रमांक टढ 70 ऊ9630 लेकर बुधवार को उज्जैन आए थे। वे कमल कॉलोनी निवासी ईश्वरलाल से मिलने पहुंचे थे। बाइक गली में खड़ी कर दोनों घर के अंदर सो गए। गुरुवार सुबह जब वे बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में सुबह करीब 6:45 बजे दो युवक दूसरी बाइक से आते दिखाई दिए। बदमाशों ने दो मिनट से भी कम समय में बाइक का हैंडल लॉक तोड़ा और वाहन चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद ईश्वर रिश्तेदार के साथ चिमनगंज थाने पहुंचा और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज दिखाए। हालांकि पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस ने रजिस्टर में एंट्री कर 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।



# इंदौर के सांवेर-उज्जैन रोड पर मिले 2.83 करोड़

## 500 के नोटों की गड्डियों के बीच भरे थे रंगीन कागज; सीसीटीवी तलाश रही पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सांवेर-उज्जैन रोड पर गुरुवार सुबह पुलिस ने तीन संदिग्ध बैगों से करीब 500 रुपए के नोटों की 566 गड्डियां बरामद की हैं। बैगों में नोटों के बीच अलग-अलग रंगों के कागज भी रखे हुए थे। शुरूआती जांच में नोट असली जैसे दिखाई दे रहे हैं, हालांकि पुलिस ने उनकी सत्यता की पुष्टि के लिए जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीण थाना पुलिस के मुताबिक सड़क किनारे लावारिस हालत में तीन बैग पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीआई गिरजाशंकर महोबिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहले से ग्रामीणों की भीड़ जमा थी।

पुलिस ने जब बैग खोलकर जांच की तो ऊपर और नीचे नोटों की गड्डियां रखी मिलीं। गड्डियों को खोलकर देखने पर करीब 130 से अधिक गड्डियों में नोटों के बीच रंगीन कागज भरे हुए मिले। टीआई महोबिया के अनुसार बरामद नोटों की गिनती कराई गई, जिसकी कुल राशि करीब 2 करोड़ 83 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल नोट देखने में पूरी तरह असली लग रहे हैं, लेकिन उनकी पुष्टि के लिए विशेषज्ञ जांच कराई जा रही है।



### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

एडीशनल एसपी महू रूपेश द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक किसान ने सड़क किनारे संदिग्ध बैग पड़े होने की सूचना पुलिस को दी थी। शुरूआती जांच में सामने आया है कि गड्डियों के ऊपर लगे कुछ नोट असली हैं, जबकि नीचे नकली नोट और बीच में कागज रखे गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और नोटों की वास्तविकता को लेकर विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि संदिग्ध परिस्थितियों में ये बैग वहां कौन छोड़कर गया। इसके लिए हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को इस मामले की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दी गई थी।

### सुपर कॉरीडोर जैन मंदिर से चोरी में मिला सुराग

- इंदौर के एरोड्रम इलाके स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात में पुलिस को बड़ा सुराग मिला है। एफएसएल जांच में मिले फिंगरप्रिंट्स के आधार पर पुलिस ने लखन नाम के आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रहा है।
- जानकारी के मुताबिक मंदिर में सोमवार को हुई चोरी के बाद जोन-1 पुलिस ने विशेष टीम गठित की थी। मौके से एफएसएल टीम ने फिंगरप्रिंट जुटाए थे, जिनका मिलान तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पकड़े गए आरोपी लखन के रिकॉर्ड से हुआ।
- एरोड्रम थाना पुलिस अब तक चोरी गई मूर्तियां और सामान बरामद नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि दीपक चौहान और गोलू चोरी का माल लेकर महाराष्ट्र भाग गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर ली है और अब माल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।
- सूत्रों के अनुसार इस मामले में लखन और उसके साथी बलराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम महाराष्ट्र पहुंची हुई है।
- पुलिस जांच में सामने आया है कि लखन और रामबाबू ने वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथियों दीपक चौहान, गोलू और अन्य लोगों को महाराष्ट्र से बुलाया था। चोरी के बाद आरोपी मंदिर से मूर्तियां और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए थे।

## नवकारसी विवाद; समाज में बढ़ी तल्खी, गैर निर्वाचित दखल के आरोप

# भक्तों में आक्रोश, समाज एकता के लिए होगा भैरव अनुष्ठान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्वेतांबर जैन महासंघ और श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस के बीच महावीर जन्म कल्याणक पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गहराता दिखाई दे रहा है। समाज के भीतर समाधान और संवाद की कोशिशें जारी हैं, लेकिन समाजजनों का आरोप है कि महासंघ से जुड़े कुछ गैर निर्वाचित पदाधिकारी विवाद के शांतिपूर्ण पटाक्षेप में बाधा बन रहे हैं।

नवकारसी आयोजन में कथित व्यवधान और उसके बाद लगाए गए आरोपों को लेकर श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस की ओर से मानहानि की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महासंघ के पदाधिकारियों को विधिवत मानहानि नोटिस भी भेजे गए हैं। इस घटनाक्रम के बाद मामला केवल आयोजनगत विवाद तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि महासंघ की कार्यशैली और निर्णय प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं।



### राजनीतिक महत्वाकांक्षां पूरी करने के आरोप

समाज के कई वरिष्ठजनों और प्रबुद्ध वर्ग का कहना है कि यदि नेतृत्व समय रहते संवाद और समन्वय की दिशा में पहल करता, तो विवाद का सम्मानजनक समाधान अब तक निकल सकता था। हालांकि, आरोप है कि कुछ प्रभावशाली गैर निर्वाचित पदाधिकारी व्यक्तिगत प्रभाव और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते समाधान प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ने दे रहे।

### जल्द नई तारीख की उम्मीद

सोशल मीडिया पर भी इस विवाद को लेकर लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। बड़ी संख्या में समाजजनों ने महासंघ नेतृत्व से सर्वमान्य बैठक बुलाकर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की मांग की है। कई लोगों का कहना है कि घटना को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ठोस पहल नहीं होना नेतृत्व की संवेदनशीलता और कार्यशैली पर प्रश्न खड़े करता है। इसी बीच समाज के कुछ भैरव भक्तों ने समाज में सद्भाव और संवाद की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से विशेष ह्लनाकोड़ा भैरव अनुष्ठानह्व आयोजित करने की घोषणा की है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन किसी व्यक्ति विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि समाज की एकता, समन्वय और सकारात्मक वातावरण निर्माण के उद्देश्य से किया जाएगा। नाकोडा जैन कॉन्फ्रेंस के मनीष पामेचा ने बताया कि जल्द ही इसकी तारीख तय की जाएगी।

# पति-पत्नी दोनों के नाम से एलपीजी कनेक्शन है तो एक बंद होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच अब कुछ ऐसे मापदंडों को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की मुश्किलें और भी बढ़ सकती है। एजेंसी संचालक बताते हैं कि तीनों ऑइल कंपनियां केवाईसी की अनिवार्यता की प्रक्रिया को पूरा करवाने के साथ ही उपभोक्ताओं के बारे में कुछ ऐसी जानकारी भी जुटा रही हैं, जो कि मापदंडों के विपरीत रही तो कनेक्शन ब्लॉक होना तय है। निधन के बाद परिजन ने डायरी में नाम चेंज नहीं करवाया तो भी कनेक्शन ब्लॉक होगा यदि किसी परिवार में पति-पत्नी दोनों के नाम से गैस कनेक्शन हैं तो इनमें से एक कनेक्शन बंद कियाा जाएगा। ऐसे परिवार व उपभोक्ता जिनके यहां पीएनजी कनेक्शन है तो वहां भी एलपीजी का कनेक्शन ब्लॉक किया जाएगा। ऐसे परिवार जिनके मुखिया का निधन हो गया, बावजूद परिजन ने एलपीजी की डायरी में नाम चेंज नहीं करवाया है तो भी उनके यहां का कनेक्शन ब्लॉक होगा। ऐसे कनेक्शनधारी, जो सालभर में एक-दो ही सिलेंडर ले रहे हैं, ऐसे कनेक्शन भी गैर जरूरी करार देते हुए ब्लॉक किए जाएंगे। वर्षभर में 12 सिलेंडर लेने का प्रावधान है।

## न्यूज कालम



## पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर पक्षियों के लिए सकोरे वितरण का आयोजन

**आलोट।** पूर्व विधायक स्व. अशोक सांखला की पुण्यतिथि के अवसर पर आज जन अभियान परिषद, विकासखंड आलोट द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अरिहंत कॉलोनी, सांखला परिवार एवं भारत विकास परिषदआलोट द्वारा घर-घर पक्षियों के पानी के लिए सकोरे (मिट्टी के पात्र) वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा आलोट अध्यक्ष कमल गुप्ता सचिव मनीष फरक्या राजेश मंडवारिया ,नवांकुर अध्यक्ष जगदीश जी शर्मा, परामर्शदाता पूजा संदीप सांखला, हेमेंद्र सिंह निगम, मिथिलेश जोशी (एडवोकेट), हिमालय सांखला, रवि सिसोदिया,अमित चौधरी, कमलेश, शासकीय महाविद्यालय आलोट का स्टाफ एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

## नागेश्वर तीर्थ में हर्षोल्लास के साथ सीमंधर स्वामी की वार्षिक ध्वजा चढ़ाई



**आलोट ।** समीपस्थ उन्हैल में गुरुवार को जैन तीर्थ नागेश्वर पार्श्वनाथ स्थित श्री जिनकुशल सूरी दादावाड़ी परिसर में सीमंधर भगवान और दादा श्री जिन कुशल सूरी की चतुर्थ वार्षिक ध्वजा साध्वी चंदनबाला श्रीजी आदि ठाणा 10 की निश्रा में विधि विधान से चढ़ाई गई। ध्वजा चल समारोह और अर्पण श्री संघ की उपस्थिति में चल समारोह निकालकर लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा अर्पित की गई। ध्वजा के लाभार्थी महिदपुर के अजय कुमार चोपड़ा परिवार रहे। इसी अवसर पर नूतन विचक्षण चंद्रभवन एवं चंदनबाला आराधना भवन का भी शुभारंभ हुआ। चंद्रभवन के मुख्य लाभार्थी नई दिल्ली के महेंद्र सिंघी परिवार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान अखिल भारतीय खतर गच्छ संघ अध्यक्ष रिखबचंद्र झाड़जूर भी उपस्थित थे।

## सनावद सब्जी मंडी में बिगड़े हालात के चलते लगने लगा है जाम



**सनावद।** कृषि उपज मंडी समिति के द्वारा संचालित नगर की सब्जी मंडी के हालात दिनों दिन बिगड़ते ही जा रहे हैं इसका मुख्य कारण है व्यापारियों के द्वारा बीच सड़क में अपना वाहन खड़ा कर खाली करवाना है जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जाम मंडी गेट से बाहर सड़क तक पहुंच जाता है जिसके कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है मंडी में आने जाने वाले छोटे व्यापारी जिसे लेकर काफी परेशान और चिंतित है उन्हें अंदर आने जाने में काफी परेशानी होती है परेशानी होने के बाद भी समय रहते वह उचित खरीदी नहीं कर पाते हैं वहीं कांग्रेस नेता सब्जी व्यापारी दीपक बैसवार का आरोप है कि मंडी के बड़े व्यापरियों के द्वारा बीच रास्ते में गाड़ी खड़ी करवा कर खाली करवाते हैं और उन्हें कई बार बोलने के बाद भी नहीं मानते हैं मंडी सचिव को भी मौखिक बताया जा चुका है इस बारे में किंतु मंडी सचिव के द्वारा अभी तक सब्जी मंडी का निरीक्षण नहीं किया गया उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन हीं दिया जाता है कि हम सब्जी मंडी में उत्पन्न समस्याओं का जल्द निराकरण करेंगे किन्तु समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

## भाजपा की बूथ स्तर की तैयारियों को लेकर मंडल की बैठक सम्पन्न

**सनावद।** भारतीय जनता पार्टी सनावद ग्रामीण मंडल की बूथ स्तर की रणनीति को लेकर आयोजित बैठक जिला मंत्री एव मंडल प्रभारी दुलीचंद बांके के आतिथ्य में अभिज्ञान स्कूल ग्राम साला में सम्पन्न हुई। पितृपुरुष के चित्र पर माल्यार्पण करके अतिथियों का स्वागत करके कार्यक्रम की शुरूआत हुई मंडल अध्यक्ष सोहन यादव ने स्वागत भाषण करते हुए कहा संगठन द्वारा मंडल का विस्तार हुआ हे पहले 66 बूथ थे अब 73 बूथ हो गए हे साथ ही शक्तिकेंद्र पहले 7 थे अब 10 हो गए हे संगठन काम को ओर अधिक आसान बनाने हेतु यह निर्णय लिया गया साथ ही हर महीने मंडल शक्तिकेंद्र ओर बूथ की बैठक करने के निर्देश दिए।जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी दुलीचंद बांके ने कहा सभी मंडल पदाधिकारी एवं शक्तिकेंद्र पदाधिकारी सक्रिय होकर काम करे संगठन के कार्यों में लापरवाही ना बरते।

## शासकीय बालक कीड़ा परिसर में चयन हेतु 15 जून तक होगें आवेदन

**बड़वानी ।** शासकीय बालक परिसर बड़वानी में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की रिक्त सीटों हेतु नवीन प्रवेश 2026-27 के लिये प्रवेश प्रकिया (टैलेंट सर्च) के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत विद्यार्थी मिनी वर्ग हेतु कक्षा 6वी के लिए जन्म तिथि वर्ष 2015, कक्षा 7वी हेतु जन्म तिथि वर्ष 2014 एवं कक्षा 8वी हेतु जन्म तिथि वर्ष 2013, जूनियर वर्ग हेतु कक्षा 9वी हेतु जन्म तिथि वर्ष 2012 एवं कक्षा 10वी हेतु जन्म तिथि वर्ष 2011, सीनियर वर्ग के लिये जन्म तिथि वर्ष 2010 होना आवश्यक हैं। चयन प्रक्रिया बैटरी टेस्ट के माध्यम से होगी।इच्छुक पालकगण आवेदन पत्र लेने हेतु शासकीय बालक कीड़ा परिसर बड़वानी में प्रातः 8.30 बजे दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होकर कीड़ा परिसर अधीक्षक से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 जून 2026 रहेगी।

## 5 उपडाकघरों में लगेगा विशेष आधार शिविर

**बड़वानी ।** डाक विभाग द्वारा 9 मई को बड़वानी, अंजड़, राजपुर, ठीकरी एवं सेंधवा उपडाकघर में प्रातः 8 से शाम 6 बजे तक जनसुविधा हेतु विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया जायेगा । जिसमें आधार इनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर किया जायेगा ।

# बुरहानपुर में भाजपा का भव्य विजयोत्सव उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में बुरहानपुर में आयोजित भाजपा के भव्य विजयोत्सव-जन विश्वास का उत्सव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटना पर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की निर्मम हत्या की घटना को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस का हिंसक और क्रूर चेहरा एक बार फिर देश के सामने उजागर हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में बुरहानपुर में भाजपा का भव्य विजयोत्सव उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में झालमुड़ी वितरण कर लोकतंत्र की इस ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और राष्ट्रहित की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा बंगाल में मिली विजय जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति को मजबूत कर रही है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में मिली यह विजय देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर लगाए गए विश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसके कारण जनता भाजपा एवं एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा ने हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

विजयोत्सव के कुछ ही समय बाद पश्चिम बंगाल से आई खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए चिटनिस ने कहा कि राजनीतिक हिंसा, भय और आतंक के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस चुनावी हार की खीज निकाल रही है। अगर वे चुनाव जीत जाते तो खून की नदियां बहा देते। राजनीतिक प्रतिशोध और हिंसा की राजनीति लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि गत विधानसभा चुनावों के दौरान संगठन की ओर से उन्हें पश्चिम बंगाल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने स्वयं वहां का भयावह वातावरण देखा है। चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच लगातार डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। चुनाव संपन्न होने और उनके वापस लौटने के बाद भाजपा के निष्ठावान कार्यकताओं के घरों में आग लगा दी गई थी। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र की मयार्दा और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। चिटनिस ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# पानीपुरी के ठेले पर सट्टा लगा रहे दो सगे भाइयों को तीन-तीन माह का कारावास

### बुरहानपुर कोर्ट ने सुनाई सजा, 40,500 रुपये नकद और दो मोबाइल जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर कोर्ट ने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के मामले में गुरुवार को दो सगे भाइयों को तीन-तीन माह के साधारण कारावास और एक-एक हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भारत सिंह भंवर ने सुनाया।

**पानीपुरी के ठेले पर ले रहे थे सट्टा**

उपनिरीक्षक विक्रम सिंह बामनिया और आरक्षक दुर्गेश को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रास्तीपुरा निवासी दीपक पिता कैलाश और राजू पिता कैलाश, दोनों भाई जयस्तंभ चौराहे के पास अपनी पानीपुरी के ठेले पर आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा ले रहे हैं। वे मुंबई इंडियंस और दिल्ली डेविल्स के मैच पर हार-जीत का दांव लगवा रहे थे।

**मोबाइल फोन और नकदी जब्त**

सूचना के आधार पर पुलिस टीम जयस्तंभ चौराहे पहुंची। महाकाली पानीपुरी सेंटर के ठेले के पास मोबाइल फोन पर बात करते हुए दो व्यक्ति दिखे। पुलिस ने घेराबंदी कर दीपक उर्फ हेमू (26) और राजू (28), दोनों निवासी रास्तीपुरा, बुरहानपुर को पकड़ा।

आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच करने पर आईपीएल क्रिकेट से संबंधित हिसाब, आईडी, व्हाट्सएप चैटिंग और रिकॉर्डिंग पाई गई। दीपक के कब्जे से एक वीवो कंपनी का मोबाइल और 15,400 रुपये नकद जब्त किए गए। वहीं, राजू के पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल और 25,100 रुपये नकद बरामद हुए।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने अभियुक्तों को पब्लिक गैम्बलिंग मध्यप्रदेश एक्ट 1976 की धारा 4 (क) के तहत दोषी पाया। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनिलसिंह बघेल और उषा इंगले ने पैरवी की।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

प्रदेश के ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और सुदृढ़ी करण हेतु बीडीएस डिग्रीधारी दंत चिकित्सकों को संविदा चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्त करने की मांग विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से की है।इस संबंध में विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है।पत्र में कहा गया है कि वर्षों से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।इस कारण आमजन को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के रोगियों को छोटी और सामान्य बीमारियों के लिए भी चिकित्सा के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता है। पत्र में मांग की गई है कि ग्रामों और सुदूरवर्ती आदिवासी इलाकों में चिकित्सकों की कमी की समस्या के त्वरित एवं स्थायी समाधान के लिए बीडीएस डिग्रीधारी युवा चिकित्सकों को संविदा के आधार पर चिकित्सा अधिकारी के पद पर सेवा देने का अवसर प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि बीडीएस दंत चिकित्सक पाठ्यक्रम के दौरान शरीर विज्ञान के बुनियादी विषयों का गहन अध्ययन करते हैं और सामान्य रोगों के उपचार में सक्षम एवं प्रशिक्षित होते हैं।इस आधार पर दंत चिकित्सक सामान्य और मौसमी बीमारियों का प्रभावी उपचार कर सकते हैं। इसके अलावा दुर्घटना एवं महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा भी कर सकते हैं।दंत चिकित्सकों की नियुक्ति से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं सर्वसुलभ होंगी। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के अस्पतालों में बीएएमएस एवं बीएचएमएस चिकित्सकों को चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने का पात्रता प्रदान की गई है। उसी तर्ज पर बीडीएस स्नातकों को भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

# उत्कृष्ट कार्य हेतु जनगणना प्रगणक और पर्यवेक्षक सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



नगर परिषद द्वारा जनगणना कार्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रगणको और पर्यवेक्षकों कों परिषद में आयोजित समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय रावल, जनगणना लिपिक कैलाश वर्मा,भूपेन्द्र तोमर ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया हैं।

नगर के पांच जनगणना ब्लॉक में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया हैं। सम्मानित होने वालों में ब्लॉक पर्यवेक्षक सुनील जमरे, आशीष ब्राह्मणे, अमिष सिंदल, प्रगणक संजय राज पाटीदार, गुलाब सिंह सिंगारे, लोकेन्द्र नामदेव, अतुल शर्मा एवं संजय कुमार पाटीदार शामिल हैं। जनगणना कार्य के चार्ज अधिकारी एवं सी एम ओ संजय रावल ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय कार्य हैं जनगणना कार्य में लगे सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक भी अपना कार्य शीघ्रता और शुद्धता के साथ पूर्ण करें।

आम नागरिक भी इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।जनगणना पूर्ण होने के बाद देश के विकास का नया अध्याय शुरू होगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय और जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश सरकार, कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी खरगोन श्रीमति भव्या मित्तल के निर्देश अनुसार नगर में 1 मई से 30 मई तक जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सुचीकरण किया जा रहा हैं। नगर मंडलेश्वर के 15 वार्डो के लिए कुल 22 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं

# थाना नागलवाड़ी में जब्त 12 वाहनों की सार्वजनिक नीलामी 13 मई को

**बड़वानी।** थाना नागलवाड़ी क्षेत्रांतर्गत धारा 25 पुलिस एक्ट के तहत जब्त कुल 12 वाहनों के निस्तारण हेतु सार्वजनिक नीलामी का आयोजन किया जा रहा है। यह नीलामी दिनांक 13 मई 2026 को दोपहर 12 बजे पुलिस चौकी ओझर, थाना नागलवाड़ी परिसर में संपन्न होगी। नीलामी में शामिल वाहनों का अवलोकन इच्छुक व्यक्तियों द्वारा थाना नागलवाड़ी एवं पुलिस चौकी ओझर में किया जा सकता है। नीलामी संबंधी शर्तें एवं आवेदन/फॉर्म कार्यालय थाना नागलवाड़ी, जिला बड़वानी से कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 7 मई 2026 से 12 मई 2026 तक सायं 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी की समस्त कार्यवाही सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। वाहनों का विक्रय च्च्जैसी स्थिति में हैं के आधार पर किया जाएगा तथा वाहन संबंधी समस्त वैधानिक देयताओं का वाहन क्रेता द्वारा किया जाएगा।

**तहसीलदार शहर ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण**

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निदेर्शानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है ।

# जिले के कई प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने किया मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जनगणना 2027 अंतर्गत जिले में संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में विभिन्न चार्जों के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करते हुए कई क्षेत्रों में कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा रहा है।

इसी क्रम में वरला में सर्कल क्रमांक 27 के सुपरवाइजर श्री प्यारसिंग आर्य के अंतर्गत एचएलबी क्षेत्र 162 के प्रगणक श्री जवान सिंह सेनानी द्वारा फील्ड एवं ऑनलाइन कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया गयाए जिस पर चार्ज अधिकारी द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। नगर परिषद खेतिया में श्री नरेन्द्र पाठक द्वारा ब्लॉक क्रमांक 09ए वार्ड क्रमांक 4 का जनगणना मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण किया गया। वहीं जनगणना चार्ज पलसूद अंतर्गत एचएलबी क्रमांक 008 के प्रगणक श्री पवन राठौड़ द्वारा भी गणना कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य किया गयाए जिस पर चार्ज अधिकारी द्वारा उनका सम्मान किया गया।

तहसील राजपुर (ग्रामीण) के सर्कल क्रमांक 7 अंतर्गत सुपरवाइजर श्री रविन्द्र राठौड़ को आवंटित एचएलबी क्रमांक 35 नरावला में प्रगणक कुमारी निलेश्वरी कर्मा द्वारा भवन एवं मकान गणना कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया गया।

इसी क्रम में तहसील पाटी में प्रगणक श्री विनोद कोचले एवं श्री अंतिम यादव द्वारा भी अपने आवंटित क्षेत्रों में मकान सूचीकरण कार्य उत्कृष्ट रूप से पूर्ण किया गया। नगरीय चार्ज निवाली बुजुर्ग में जनगणना प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण किया।

# उज्जैन पुलिस की पांच संदिग्ध डेरों पर दबिश : 147 से अधिक संदिग्ध में, 25 से अधिक दोपहिया वाहन जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने बीती रात पांच क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें खासकर डेरों से संचालित होने वाले गिरोह और घटना को अंजाम देने पर अलग-अलग लोगों की संदिग्ध भूमिका होने पर पकड़ा है। पांच थानों की टीम ने संयुक्त दबिश कार्यवाही के दौरान कुल 147 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर संबंधित थानों पर लाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ, पहचान सत्यापन एवं पृष्ठभूमि जांच की गई। उज्जैन पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, संगठित अपराधों पर अंकुश, फरार एवं आदतन अपराधियों की निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए कार्तिक मेला ग्राउंड स्थित डेरा ,पंवासा पारदी डेरा, चिमनगंज क्षेत्र स्थित आकाश पेट्रोल पंप के पास डेरा, थाना भैरवगढ़ क्षेत्र स्थित नाथ डेरा, थाना घट्टिया क्षेत्र स्थित लाखेड़ा पारदी डेरा पर दबिश दी।

पांच थानों के बल के साथ एडिशनल एसपी शहर आलोक शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल देशमुख एवं नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग जीवाजीगंज पुष्पा प्रजापति के साथ थाना प्रभारियों, बल एवं साइबर सेल पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए डेरो से 147 लोगो को पकड़ा है।

कार्यवाही के दौरान 25 से अधिक दोपहिया वाहन जब्त किए गए, जिनके स्वामित्व, दस्तावेजों एवं वैधानिक स्थिति की गहन जांच की जा रही है। जांच के उपरांत 22 व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए जाने पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान संदिग्ध तत्वों में अफरा-तफरी एवं हड़कंप मच गया। कई व्यक्तियों ने मौके से भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।

साइबर सेल एवं फील्ड यूनिट की संयुक्त टीमों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, लोकेशन डेटा एवं पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर इन व्यक्तियों की जांच में यह भी सामने आया कि इनमें से कई व्यक्ति संगठित रूप से संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त रहते हैं।

# कांग्रेस के महाजाम में शामिल हुए उज्जैन के कांग्रेसी शाजापुर के पास हाईवे पर किया जाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, टोकन सिस्टम में तानाशाही, तुलाई में गड़बड़ी और भुगतान में देरी के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया। जाम में शामिल होने के लिए उज्जैन के कांग्रेस कार्यकर्ता सामाजिक न्याय परिसर से रोजवासा टोल के लिए रवाना हुए थे। उज्जैन से करीब 200 कार्यकर्ता जाम में शामिल हुए।

प्रदेशभर में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को चक्काजाम आंदोलन किया। शाजापुर के रोजवास टोल प्लाजा पर जीतू पटवारी विधायक महेश परमार सहित उज्जैन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने मिलकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया।

**70 वाहनों का काफिला**

शाजापुर जिले में होने वाले चक्काजाम में उज्जैन से करीब 70 वाहनों का काफिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में रवाना हुआ था। जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने बताया कि वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ शाजापुर में आयोजित चक्काजाम में शामिल हुए है। वहीं, मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है और स्लॉट बुकिंग व टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत यात्रा करने वाले सौभाग्यशाली : उपाध्याय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सोमनाथ मंदिर पर 1026 में हुए पहले हमले के 1000 वर्ष और 1951 में पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा एक राष्ट्रीय स्मरणोत्सव है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह आयोजन भारत की अटूट आस्था, सांस्कृतिक एकता और विरासत के पुनरुद्धार को दशार्ता है।

यह महोत्सव बताता है कि सोमनाथ मंदिर, जिसे बार-बार नष्ट करने का प्रयास किया गया, आज भी भारत की आस्था का केंद्र बनकर अडिग खड़ा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुप्रयासों से प्रदेश के श्रद्धालुओं को यह अवसर मिल रहा है। इस पर्व के तहत सोमनाथ की यात्रा कर रहे रतलाम जिले के सभी तीर्थ यात्री सौभाग्यशाली है। उन्हें बहुत शुभकामनाएं।

उक्त विचार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत रतलाम से सोमनाथ की यात्रा पर प्रस्थान कर रहे रतलाम जिले के ४७ श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सोमनाथ जाकर सभी श्रद्धालु दर्शन लाभ भी लेवें और वहां विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर हमारी सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित हों।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली जैन ने इस अवसर पर कहा कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में इस यात्रा के आयोजन के लिए गठित दल द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। सभी श्रद्धालु यात्रा के दौरान अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें । अपने समूह के साथ रहें और वहां के प्रत्येक स्थल का भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि जीवन में धार्मिक यात्रा का बहुत महत्व है। इसे पूर्ण श्रद्धा भाव से किया जाए, यह आवश्यक है।

## न्यूज -कॉलम

### हत्या के 2 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**उज्जैन।** 19 मई 2022 को तेजूबाई नामक महिला ने नरवर थाना पुलिस को अपने पति हरिराम की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बताया था कि पति को बल्लू उर्फ बालकृष्ण महाराज अपने साथ ले गया था। उसके बाद से पति नहीं लौटा है। पुलिस ने लापता हरिराम की तलाश शुरू की, इस बीच 25 मई 2022 को एक कुएं से वृद्ध की लाश मिली। जिसकी पहचान हरिराम के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर चोंट के निशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर बल्लू महाराज उर्फ बलराम उर्फ बालकृष्ण शर्मा निवासी ग्राम आसेर थाना कायथा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी गोकुलसिह निवासी ग्राम सारोला और महेश पांचाल निवासी ग्राम दोंता जागीर थाना मक्सी जिला देवास के साथ हत्या कर लाश ठिकाने लगाना कबूल कर लिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 4 साल तक चली सुनवाई के बाद गुरूवार को अपर सत्र न्यायाधीश ए.पी.एस. चैहान (विषेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट) द्वारा बल्लू उर्फ बालकृष्ण ओर गोकुल को धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया पुलिस अनुसंधान के दौरान पाया गया कि आरोपी बालकृष्ण और हरिराम में लेनदेन का संव्यवहार था, आरोपी बालकृष्ण ने मृतक हरिराम को नकली सोने के हार व कान का टाप्स देकर रुपए उधार लिये थे। हरिराम द्वारा उक्त हार व कान की टाप्स बैंक में जमा करने की बात बालकृष्ण को बताई तो बालकृष्ण को लगा कि उसकी पोल खुल जायेगी तब उसने सहआरोपी गोकुल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और लालच दिया कि हार उसके हिस्से में जायेगा। हत्या में महेश पांचाल को भी शामिल किया और उसकी बाइक से हरिराम को हत्या वाली जगह तक लाया गया। जहां गोकुल और बल्लू महाराज ने हत्या कर लाश को ठिकाने लगा। प्रकरण में शासन का पक्ष पैरवीकर्ता ईश्वरसिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखा गया।

### साडी का फंदा बनाकर युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के राजेन्द्रनगर में रहने वाले भूरा पिता मदनलाल राठौर 30 साल ने गुरूवार शाम घर में साडी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो भूरा को लटका देखा। उसे नीचे उतारकर चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रधान आरक्षक विरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। परिजन कुछ बात पाने की स्थिति में नहीं थे। जिसके चलते फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल घटनास्थल का कमरा सील किया गया है। संभावना जताई जा रही कि आर्थिक परेशानी या पारिवारिक विवाद के चलते भूरा ने आत्मघाती कदम उठाया है। जिसका खुलासा जांच के बाद हो पायेगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल 2 बुजुर्गो की थमी सांसे

**उज्जैन।** माकडोन के सामटियाखेडी से सडक दुर्घटना में घायल मोहनदास पिता बिहारीदास बैरागी 58 साल को परिजन उपचार के लिये उज्जैन स्थित फ्रीगंज के निजी अस्पताल लेकर आये थे। गुरूवार दोपहर मोहनदास की मौत हो गई, मामले में माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम किया। एक अन्य मामले में घायल मोहम्मद पिता शुभान शाह 60 साल निवासी धानसुत्ता रतलाम को भी उज्जैन स्थित नानाखेडा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां गुरूवार को मौत होने पर नानाखेडा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। दोनों मामलों की मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को जांच के लिये भेजी जायेगी।

### सुभाषनगर चोरी के आरोपी से रिमांड पर पूछताछ

**उज्जैन।** सुभाषनगर ओम रेजीडेंसी में 2 मई को इंजीनियर साक्षी राठौर के मकान में चोरी होना सामने आया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर साक्षी राठौर के नाबालिग रिश्तेदार को हिरासत में लिया था। जिसने अपने साथी शशिकांत उर्फ गोलू पिता ताराचंद निवासी हाथीपुरा के साथ चोरी करना कबूल किया था। नाबालिग की निशानदेही पर 32 हजार रूपये नगद और 5 लाख के आभूषण बरामद किये गये थे। जिसे न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया था। शशिकांत को बुधवार शाम हिरासत में लिया गया। जिसे गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 2 दिनों रिमांड पर लिया गया है। एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि शेष आभूषणों की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। वहीं थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ जारी है। शशिकांत वर्ष 2013 में हत्या का आरोपी भी रह चुका है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 690-5 | 236-1 |
| मेन बाजार | 158-4 | 335-1 |
| कल्याण नाइट | 124-7 | 469 -9 |
| मिलन डे | 160-7 | 258-5 |
| मिलन नाइट | 118-0 | 167-4 |
| मधुर डे | 677-0 | 234-9 |
| मधुर नाइट | 126-9 | 160-7 |
| शुभांक | 1 7 | 3 |

उज्जैन-इंदौर मार्ग पर आटो-आयशर की भिडंत....

# महाकाल दर्शन करने आ रहे 3 दोस्तों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आटो से महाकाल दर्शन करने आ रहे 3 दोस्तों की बुधवार-गुरूवार रात भीषण सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। आटो चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। गुरूवार को तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने जांच शुरू की है।

नानाखेडा थाना प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि रात में डेढ़ से 2 बजे के लगभग इंदौर-उज्जैन मार्ग पंथपिपलाई ओव्हर ब्रिज से पहले आटो क्रमांक एमपी 09 ए झेड 3589 और लोडिंग्र क्रमांक एमपी 13 जी ए 6538 में आमने-सामने की भि?त होने की खबर मिलने पर पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची थी। आटो इंदौर की ओर से आना सामने आया। लोडिंग उज्जैन से इंदौर की ओर जा रही थी। आटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। उसमें चालक और 3 युवक सवार थे। सभी को तत्काल निजी अस्पताल



पहुंचाया गया।

जहां से तीन की मौत होने पर उन्हे चरक अस्पताल लाया गया। चालक की हालत नाजुक होने पर निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। मृतकों की पहचान करने पर पता चला कि इंदौर के लसुडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नम्बर 78 अरण्य नगर के रहने वाले गोलू उर्फ आकाश पिता दीपक ठाकुर 30 साल, चिराग पिता संजय सोलंकी 27 साल और विशाल पिता राजकुमार रावत 27 साल है। तीनों के परिजनों को सूचना दी गई। गंभीर घायल आटो चालक जितेन्द्र पिता सुरेश कछवाय अरण्य नगर का था। त?के सभी के परिजन उज्जैन पहुंच गये थे। मामले में मर्ग कायम कर दोपहर में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों तीनों के शव अंतिम संस्कार के लिये इंदौर ले गये है।

#### प्रायवेट काम करते थे तीनों मृतक

मृतकों के परिजनों ने बताया कि तीनों आपास में दोस्त थे और प्रायवेट काम करते थे। गुरूवार देर रात बाबा महाकाल के दर्शन करने का बोलकर निकले थे। शुक्रवार सुबह दर्शन करना थे। लेकिन उससे पहले तीनों के साथ दुर्घटना की खबर सामने आई। बताया जा रहा है कि आयशर से भिड़त इतनी भयावह थी कि चालक सहित तीनों पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई आटो में फंस गये थे, जिन्हे बमुश्किल बाहर निकाला गया।

#### आयशर जप्त, चालक की तलाश

नानाखेड़ा थाना पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक आयशर छोड़कर मौके से भाग निकला था। दुर्घटनास्थल से आयशर को जप्त कर लिया गया है। नम्बर के आधार पर आरटीओ से जानकारी मांगकर मालिका का पता लगाया जा रहा है। जिसकी जानकारी आने पर चालक की गिरफ्तारी का प्रयास किया जायेगा। फिलहाल चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है।

## रिमांड पर 4.50 लाख ठगने वाला फर्जी प्रिंसिपल

### मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का दिया था झांसा

**उज्जैन।** बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 4.50 लाख की ठगी करने वाला पश्चिम बंगाल के फर्जी प्रिंसिपल कानपुर जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर उज्जैन लाया गया है। जिससे 11 मई तक रिमांड पर पूछताछ की जायेगी।

मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले एमआर सतीशचंद्र पटेल एमआर ने 29 मार्च को नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि बेटे हर्ष का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करना था। उनके भाई महेश कुमार का पुत्र सतना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की प?ाई कर रहा है। 15 फरवरी को उसने बताया कि हमारे कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे ने बताया कि बिहार के कटिहार स्थित मेडिकल कॉलेज में सीट खाली है। प्रोफेसर का नम्बर मिलने पर उसने संपर्क किया गया। उन्होने कटिहार मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आर. बी. गुप्ता का मोबाइल नम्बर दिया। चर्चा की तो पता चला कि एक छात्र की मौत होने पर सीट खाली हुई है, जो एनआरआई कोटे की है। उक्त प्रिंसिपल ने ईमेल पर कॉलेज सीट के पैकेज की जानकारी भेजी और 2 बैंक अकाउंट नम्बर के साथ वाट्सएप पर नीट स्कोर कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट पुत्र की मांगी। एक अकाउंट नम्बर कॉलेज का था। जिसमें 25 हजार रुपए जमा कराये गये, शेष राशि 4.25 लाख दूसरे खाते में जमा किये गये। 19 फरवरी को बिहार के कटिहार पहुंचने पर सामने आया कि कोई सीट खाली नहीं है और ना ही फीस जमा हुई है। कॉलेज के प्रोफेसर आरबी गुप्ता ने कॉलेज का बैंक अकाउंट देखा तो उसमें 25 हजार रुपए पटेल परिवार की ओर से भेजना सामने आये। आर. बी. गुप्ता ने कॉलेज अकाउंट में आये रुपए को लेकर कहा कि कोर्ट में मामला लगाये, रुपए लौटा दिये जायेगा। पूर्व में भी ऐसी धोखाधडी सामने आ चुकी है। पुलिस ने सतीशचंद्र की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि बिहार कॉलेज के प्रिंसिपल गुप्ता से संपर्क करने पर पता चला कि पूर्व में भी 4 से 5 बार जयंत सरकार नामक पश्चिम बंगाल का व्यक्ति कॉलेज के नाम से ठगी कर चुका है। जयंत सरकार का पता लगाने पर सामने आया कि वह धोखाधडी के मामले में कानुपर पुलिस की हिरासत में है। जिससे पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया। न्यायालय के आदेश पर कानपुर से जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी शांतिपाट भक्तिनगर जलपाई गुडी पश्चिम बंगाल को उज्जैन लाया गया है। वह फर्जी प्रिंसिपल बनकर लोगों को अपने झांसे में लेता था। 11 मई तक पूछताछ की जायेगी। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर हुई धोखाधडी में कुछ ओर नाम सामने आ सकते है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

## पारदी डेरो पर दबिश, 147 संदिग्ध हिरासत में

### 25 बाइक जप्त, 22 पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अपराधों पर अंकुश और वाहन चोरी की वारदातों की रोकथाम के लिये बुधवार-गुरूवार रात पांच थाना क्षेत्रों के पारदी डेरों पर पुलिस ने एक साथ दबिश मारी। 147 संदिग्धों का हिरासत में लिया गया। 25 से अधिक बाइक जप्त की गई है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में आमजन भय मुक्त और खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, इसको लेकर पुलिस गुंडे-बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस संपत्ति अपराधों को लेकर भी अलर्ट है। इसको लेकर बुधवार-गुरूवार रात एएसपी आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में सीएसपी राहुल देशमुख और पुष्पा प्रजापति की टीम बनाई गई थी। जिसमें थाना प्रभारियों, पुलिस बल,



सायबर सेल को शामिल किया गया। टीम ने एक साथ कार्तिक मेला ग्राउंड, पंवासा, चिमनगंज क्षेत्र स्थित आकाश पेट्रोल पंप के पास, भैरवगढ़ क्षेत्र और थाना घट्टिया क्षेत्र स्थित लाखडा पारदी डेरो पर दबिश मारी गई। टीम ने 147 लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। डेरों से 25 दो पहिया वाहन भी मिले, जिन्हे जप्त किया गया। हिरासत में लिये सभी से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में 22 ऐसे व्यक्ति सामने आये है, जिनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज थे। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जप्त वाहनों के दस्तावेज प्राप्त किये जा रहे है और पता लगाया जा रहा है कि चोरी के तो नहीं है। जांच में चोरी के वाहन पाये जाने पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। डेरों से हिरासत में लिये संदिग्धों की दैनिक गतिविधियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उज्जैन पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, संगठित अपराधों पर अंकुश, फरार और आदतन बदमाशों की गतिविधियों पर सतत कार्रवाई के लिये अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान का उद्देश्य कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि स्थायी रूप से अपराधियों में कानून का भय और जनसुरक्षा की भावना को सुदृढ करना है। रात में डेरों पर दी गई दबिश से पहले पूरे जिले में कॉम्बिंग गश्त कर फरार, इनामी बदमाशों के साथ वारंटियों की धरपकड की गई थी।

## बाढ़ में सुरक्षा के लिये क्षिप्रा नदी में उतरा होमगार्ड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मानसून को 2 माह का समय शेष बचा है। इससे पहले नदी, तलाबों में आने वाले उफान (बाढ़) में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए होमगार्ड/एसडीआरएफ जवानों क्षिप्रा नदी में उतर गये है। 3 दिन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कुशल तैराक, वोट हैंडलर और डीप डायवर्स तैयार किये जायेगें।

होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष जाट ने बताया कि आगामी मानसून से पहले विभाग के जवानों को बाढ बचाव और आपदा प्रबंधन के लिये तैयार करने के लिये 3 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस दौरान 180 कुशल तैराक, 70 वोट हैंडलर और 20 डीप डायवर्स को तैयार किया जायेगा। प्रशिक्षण प्लाटून कमांडर पुष्पेंद्र त्यागी, गायत्री वर्मा और सहायक उपनिरीक्षक भैरूलाल सारेल के निर्देशन में लालपुल स्थित क्षिप्रा नदी पर गुरूवार से शुरू किया गया है। पहले दिन 35 जवानों को प्रशिक्षित किया



गया। जिसमें जवानों को आगामी मानसून में बाढ बचाव में उयोगी तैराकी, वोट हैंडलिंग के साथ ड्राय रेस्क्यू टेक्निक का अभ्यास कराया गया। जिला कमांडेंट के अनुसार प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होमगार्ड विभाग में कौशल क्षमता उन्नयन करना है। प्रशिक्षण प्राप्त जवानों को जिले के आपदा संभावित क्षेत्रों में स्थापित डीआरसी और क्यूआरटी टीम में तैनात किया जायेगा।

**मानसून से पहले आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण**

## महाकाल दर्शन करने आये परिवार के साथ मारपीट



**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने आये परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल परिवार की शिकायत पर मामले में एक युवक और 2 महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गाजियाबाद से विश्वबंधु पिता देशबंधु मेहरा बुधवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने पत्नी और बेटे के साथ आये थे। महाकाल क्षेत्र के कहारवाडी में उन्होने होटल में रूम बुक किया। शाम को वह बाबा की शयन आरती में पहुंचे और दर्शन के बाद वापस होटल लौटे। पत्नी और बेटा होटल में चले गये वह बाहर थे, इस दौरान होटल अक्षत के पास ही एक दुकान से सामान खरीदा। जहां ऑनलाइन पेमेंट करने की बात पर दुकान ने विवाद शुरू कर दिया, उसके द्वारा नगद पेमेंट मांगा जा रहा था। उन्होने ऑनलाइन देने की बात कहीं तो गाली-गलौच शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। दुकान में कुछ महिलाये भी थी। वह भी मारपीट पर उतारू हो गई। पत्नी को कॉल कर बुलाया तो वह होटल से बेटे के साथ बाहर आई। मारपीट करने वाली महिलाये झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगी। उन्होने पत्नी और बेटे से भी मारपीट की। मामले में महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि गाजियाबाद से आये श्रद्धालुओं ने मामले में शिकायती आवेदन दिया था। जांच के बाद मामले में एक युवक और 2 महिलाओं के खिलाफ गुरूवार देर शाम प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**ऑनलाइल पेमेंट पर विवाद, पुलिस ने दर्ज किया केस**

## गिरफ्त में आये मवेशी चोरी करने वाले बदमाश



**उज्जैन।** खेत पर बने मकान का ताला तोडकर मवेशी चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी के मवेशी और प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया है। बदमाशों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में उपजेल भेजा गया है।


नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि 3 मई को ग्राम कलसी में रहने वाले नजीर पिता नबीरबक्श मंसूरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 मई की रात खेत पर बने मकान का ताला तोडकर अज्ञात बदमाश दो भैसे और एक बछडा चुराकर ले गये है। 2 दिन तक पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की लेकिन नहीं मिली। शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया और आसपास क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज दिखे। जिसमें संदिग्ध पिकअप दिखाई दी। जिसे ट्रेस कर कुंदन पिता राजेन्द्रसिहं सोलंकी 25 साल, शौकत पिता अल्लानूर खान 25 साल और धर्मेन्द्र पिता बनेसिंह सिसौदिया 30 साल का हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने मवेशी चोरी करना कबूल कर लिया। तीनों की निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त पिकअप के साथ एक भैस और बछडा बरामद किया गया। बदमाशों के पास से 20 हजार रूपये नगद मिले है। एक भैस ठिकाने लगा दी गई थी। बदमाशों को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमिस्वामी मोहनसिंह पिता श्री सीतारामजी, व्यवसाय व्यापार, जाति-धोबी, निवासी 99, स्नेह नगर सांई मंदिर के पास, उज्जैन (म.प्र.) आधार नंबर 4239 3746 6966 से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक कृषि भूमि सर्वे नंबर 283/2 रकबा 0.108 हेक्टर स्थित ग्राम सुरासा प.ह.नं. 39, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि सिचिंत होकर वो फसली है तथा मुख्य मार्ग से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है को विक्रय करने के उद्देश्य से सौदा तय किया है। उक्त सौदे का विक्रय अनुबंध पन्त्र भी लिखा जा चुका है. एवं मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी भूमिस्वामी को अदा कर दी है। अब शेष बची विक्रय मूल्य की राशि देकर विक्रय पत्र का निष्पादन / पंजीयन होना शेष रहा है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान या किसी विभाग का कोई लेन देन बाकी हो, ऋण भार बाकी हो. स्वत्व या हित रखते हो. तो ऐसे व्यक्ति / संस्था इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाण सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। इसके बाद कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों बंधनकारी नहीं होगी। यह सूचित हो।
इति दिनांक 07.05.2026

**घनश्यामसिंह हंस, एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्या. चेम्बर 104, प्रथम मंजिल, कल्पतरू टॉवर, शास. माधव नगर अस्पताल, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9329410391**

# शिक्षा का उद्देश्य साफ हो



मनुष्य ने मन में यह कल्पना पाल रखी है कि ईश्वर उसी की शक्ल के हैं। इसीलिए उसको इतना घमंड है। दूसरे जीवों की तुलना में अधिक क्षमता रखने के कारण उसने अपने को भगवान मान रखा है। केवल अपनी भलाई के बारे में सोचते हुए उसने उन सभी को इस जगत से दूर करने का निश्चय कर लिया, जो उसके अनुकूल न हो। ऐसी सोच फैलाने के लिए बनी है आज की शिक्षा पद्धति।

एक वैज्ञानिक ने अपने शोध आलेख के पन्नों को जोड़ने के लिए एक पेपर क्लिप की तलाश की। मेज पर रखी क्लिप टेढ़ी थी। उसे सीधा करने के लिए उन्हें एक औजार की जरूरत पड़ी। सभी चीजों को उलट-पुलटकर ढूंढ़ते हुए उन्हें जंप-क्लिप का बॉक्स मिल गया। वैज्ञानिक ने उसमें से एक नई क्लिप हाथ में ले ली। इस सही क्लिप की मदद से वह टेढी क्लिप को सीधा करने में जुट गए। यह देखकर उनका सहायक चौंक उठा। उसके संकेत करने के बाद वैज्ञानिक को अपनी मूर्खता का पता चला। पता है, वह वैज्ञानिक कौन थे? स्वयं आइंस्टीन! इसीलिए कह रहा हूं, सीखना अलग चीज है और जागरूकता के साथ काम करना अलग बात।

हमारे देश में पहले पारंपरिक रूप से शिक्षा दी जाती थी। अकेले किसी व्यक्ति के निर्माण तक वह नहीं रुकी थी। उसके साथ जुड़े लोगों को भी उन्नत बनाने की शिक्षा के रूप में वह बनाई गई थी। वह दूसरों को अपने समान देखने की स्वस्थ दृष्टि प्रदान करती थी, लेकिन जब शिक्षा ब्रिटिश हुकूमत के अधीन हुई, उसने हम सबको भुलाकर केवल ह्ममैंह्ल के बारे में सोचने की प्रेरणा दी। मैं, मेरा के बारे में देखने वाली शिक्षा समाज या परिवार के लिए कभी उचित नहीं है। जो शिक्षा अपने ही घर, परिवार और देश को हेय दृष्टि से देखने की प्रेरणा देकर स्वयं को अपने ही देश में पराये की तरह अनुभव कराती है, ऐसी शिक्षा कदापि अच्छी नहीं है। शिक्षा वही उत्तम है, जो केवल जीविका तलाशने तक न रुके और सीखने वाले के दृष्टिकोण को स्वस्थ बनाए। जो हमारी संस्कृति की जड़ों को मजबूत करे। देश के नागरिकों को बंधनमुक्त, निर्भीक और पक्षपात रहित जीवन की ओर आगे बढ़ाए। अपनी उस संस्कृति से वह पुनः हमारी मुलाकात कराए, हमें जोड़े, जो स्वतंत्र वातावरण व दूसरों को अपने समान मानने की मनोवृत्ति को बढ़ावा देती थी। राजनीति और धर्मो ने शिक्षा को अपने नियंत्रण में लेकर जनता के साथ ठगी करते हुए उन्हें निकम्मा बना दिया है। यदि योजनाबद्ध रूप से किसी चीज को ध्वस्त किया जा सकता है, तो हम योजनाबद्ध से किसी चीज का निर्माण क्यों नहीं कर सकते? शिक्षा एक ऐसा सशक्त हथियार है, यह हथियार सबको मिलना चाहिए, ताकि वह अपनी सुरक्षा कर सके।



## सम्पादकीय

## ईरान की निंदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ खड़े होते हुए ईरान द्वारा किए गए हमले की जो निंदा की है, वह अभूतपूर्व है। यह बहुत दुखद है कि ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात या यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों से हमला किया। ध्यान रहे, भारत इस युद्ध का पक्षधर नहीं है और वह जल्द से जल्द युद्ध-विराम के पक्ष में है। यूएई भी युद्ध नहीं चाहता है और भारत से उसकी मित्रता छिपी नहीं है। ईरान भी भारत का मित्र देश है, पर यूएई का भारत से तालमेल ज्यादा बेहतर है। बड़ी संख्या में भारतीय इस संपन्न, खूबसूरत, अपेक्षाकृत ज्यादा उदार व समावेशी देश में रहते हैं। कई भारतीयों के लिए यह दूसरे घर की तरह है। अतः भारत द्वारा यूएई पर हमले की निंदा स्वागत के योग्य है। अक्सर कहा जाता है कि भारत ऐसे मौकों पर ठोस फैसले नहीं ले पाता और चुप्पी साध लेता है। इस पृष्ठभूमि में भी भारत द्वारा की गई निंदा से पूरे पश्चिम एशिया में ऐसा सकारात्मक संदेश जाएगा, जो आज बहुत जरूरी है।

यह प्रशंसनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री ने न सिर्फ यूएई के साथ एकजुटता दिखाई है, बल्कि होर्मुज समुद्री मार्ग में नौवहन की आजादी बहाल करने की भी अपील की है। यूएई की अमेरिका और इजरायल से मित्रता ईरान को नागवार गुजर रही है। ईरान पर अमेरिका-इजरायल ने मिलकर हमला किया है, लेकिन रणनीति के तहत ईरान आसपास के देशों को निशाना बना रहा है, ताकि अपने पक्ष में सामरिक दबाव बना सके। बेशक, ईरान एक बड़ी सैन्य ताकत है, लेकिन उसका अपने करीबी पड़ोसियों के प्रति ऐसा हिंसक व्यवहार बड़े अफसोस की बात है। ईरान के अपने पड़ोसियों के साथ रिश्ते अब पता नहीं कब सामान्य हो पाएंगे? ईरान द्वारा फुजैराह बंदरगाह पर किया गया हमला सुनियोजित था, क्योंकि यह बंदरगाह, खोर फक्कन बंदरगाह के अलावा, होर्मुज के बाहर और ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह बंदरगाह भारत के लिए भी बहुत महत्व रखता है। अगर इस बंदरगाह से तेल-गैस के जहाजों का संचालन सहजता से होने लगे, तब होर्मुज से गुजरने की जरूरत नहीं रह जाएगी। यहां यह भी समझने की जरूरत है कि यूएई तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक से बाहर निकल आया है। उसके बाहर निकल आने से भारत जैसे मित्र देशों को ज्यादा फायदा है। वैसे भी, भारत को तेल की आपूर्ति करने वाले पांच देशों में यूएई शामिल है। यूएई से ज्यादा से ज्यादा तेल-गैस लेना भारत के लिए मुफीद है। यहां ईरान की निंदा होनी ही चाहिए। वह युद्ध के समाधान तक या अपनी बात को माने जाने तक पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बनाए रखना चाहता है।

### हिंदुत्व, पहचान और जनादेश का नया समीकरण

# कमल की लहर में हिंदुत्व की धार, बंगाल ने बदला रुख



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)



पश्चिम बंगाल-यह केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह अध्याय है जहाँ आध्यात्म, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक जागरण ने बार-बार इतिहास को दिशा दी है। कभी इसी भूमि से वंदे मातरम्‌ की गूंज उठी, तो कभी विश्व मंच पर भारत की आत्मा का उद्घोष हुआ। किन्तु समय के साथ यह प्रदेश वैचारिक प्रयोगों का केंद्र बनता गया-वामपंथ से लेकर क्षेत्रीय राजनीति तक। और अब, हालिया चुनावी संकेतों ने एक नया प्रश्न खड़ा कर दिया है-क्या बंगाल फिर से अपनी मूल सांस्कृतिक पहचान की ओर लौट रहा है?

हालिया चुनावी परिणामों ने संकेत दिया है कि बंगाल की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। इसे केवल सामान्य चुनावी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि मतदाता के भीतर पनप रही उस व्यापक मनोभूमि के रूप में देखा जा रहा है, जिसे कई विश्लेषक परिवर्तन की लहर के रूप में व्याख्यायित कर रहे हैं।

राज्य में वाम मोर्चा का शासन वर्ष 1977 से 2011 तक लगभग 34 वर्षों तक चला। इस दौरान ज्योति बसु के नेतृत्व में भूमि सुधार और श्रमिक राजनीति को बल मिला, किन्तु समय के साथ औद्योगिक ठहराव, निवेश की कमी और रोजगार के सीमित अवसर प्रमुख चुनौतियाँ बनकर उभरे।

वर्ष 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस का उदय हुआ। परिवर्तन के नारे के साथ शुरू हुआ यह दौर अब डेढ़ दशक के करीब पहुँच चुका है। इस दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार हुआ, किन्तु तुष्टिकरण, राजनीतिक हिंसा और प्रशासनिक पक्षपात जैसे मुद्दे भी लगातार चर्चा में रहे।

भारतीय जनता पार्टी का उभार बंगाल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में सामने आया है। आधिकारिक चुनावी आँकड़े बताते हैं कि- वर्ष 2016 में भाजपा मात्र 3 सीटों तक सीमित थी।

वर्ष 2021 में यह संख्या बढ़कर 77 सीटों तक पहुँची। वोट प्रतिशत भी लगभग 38 प्रतिशत दर्ज किया गया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 42 में से 18 सीटें हासिल कर लगभग 40 प्रतिशत मत प्राप्त किए। ये आँकड़े इस बात के संकेत हैं कि राज्य में राजनीतिक आधार तेजी से परिवर्तित हो रहा है।

चुनावी परिणामों के विश्लेषण में यह स्पष्ट होता है कि एक वर्ग के मतदाताओं के बीच सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक आस्था से जुड़े प्रश्न अधिक प्रमुख हुए हैं। हिंदुत्व इस संदर्भ में केवल एक राजनीतिक नारा न रहकर सामाजिक-सांस्कृतिक विमर्श के रूप में उभरा है। हालांकि, इसे एकमात्र कारण मानना उचित नहीं होगा, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि पहचान आधारित राजनीति ने चुनावी रुझानों को प्रभावित किया है।

बांग्लादेश से लगती सीमा के कारण पश्चिम बंगाल लंबे समय से अवैध घुसपैठ और संसाधनों पर दबाव जैसे मुद्दों का सामना करता रहा है। हालिया चुनावों में ये विषय पुनः केंद्र में आए। मतदाताओं के एक वर्ग ने इन मुद्दों को सुरक्षा और जनसांख्यिकीय संतुलन से जुड़ा प्रश्न माना, जिसे राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता मिली।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रभाव भी चुनावी रुझानों में परिलक्षित होता है। उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विशेषकर महिलाओं और ग्रामीण वर्ग को प्रभावित किया है। चुनाव आयोग के आँकड़ों के अनुसार, कई क्षेत्रों में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों के बराबर या उससे अधिक दर्ज किया गया, जो इस वर्ग की निर्णायक भूमिका को दर्शाता है।

भाजपा के उभार में संगठनात्मक मजबूती भी एक प्रमुख कारक रही है। बूथ स्तर तक विस्तार, स्थानीय मुद्दों की पहचान और उन्हें व्यापक राजनीतिक विमर्श से जोड़ने की रणनीति ने इसे एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया।

**सार्थक चिंतन :** बंगाल में कमल का खिलना केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि एक व्यापक परिवर्तन का संकेत है। इसमें सांस्कृतिक पहचान, नीतिगत प्रभाव, सत्ता विरोधी रुझान और बेहतर विकल्प की तलाश-सभी तत्व सम्मिलित हैं।

यह परिवर्तन स्थायी होगा या अस्थायी, यह आने वाला समय तय करेगा; किन्तु इतना स्पष्ट है कि बंगाल की राजनीति अब एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहाँ मतदाता अधिक जागरूक और निर्णायक भूमिका में है।

## चुनावी नतीजे

लिए नया रंगरूप पुरस्कृत नई ही चुनावी खीर,
चुनावी नतीजे और आई राज्यों की नई तस्वीर,
देश में कहीं जश्न कहीं बट रही हैं ढ़ेरों मिठाई,
चमकी देखो किस-किसकी यहाॅ पर तकदीर ।
बीजेपी ने ठोकी नव जीत की आनंद ताल,
झन्नाटेदार झालमुडी.ने रचाया करारा कमाल,
ममता दीदी की हुई अब15 साल बाद विदाई,
असम और पुडुचेरी में बीजेपी का मचा धमाल ।
केरल में पर नहीं बन पाई वो जीत वाली बात,
बीजेपी को तमिलनाडु में भी मिली है मात,
टीवीके की बढ़त चुनावी युद्ध में दी दिखाई,
डीएमके एडीएमके की हार के दर्शन साक्षात ।
जनता ने लगाई इस बार नए चेहरों से आस,
किया है नव गठबंधन पर अब नया विश्वास,
इन उम्मीदों पर खरे उतरना ओ नेता भाई,
जनता के वोटों ने ही तुमको बनाया खास ।
भूल न जाना तुम जनता का महत्वपूर्ण योगदान,
देश के विकास पर देना तुम सबसे पहले ध्यान,
जनमानस की बात सुनकर दूर करना कठिनाई,
नेताजी समस्याओं का दिलाना उचित समाधान ।

**- मोनिका डागा आनंद, चेन्नई**

## चुप चाप खड़े खूनी

पुराने बरगद की जटाएं अब हवा में नहीं, दहशत में झूलती हैं। सुना है? पीपल ने पत्तों की खड़खड़ाहट में फुसफुसाहट घोली। क्या? शीशम की टहनियां कांपीं। इंसान आ रहा है, हाथ में 'उन्नति' लेकर। बरगद ने गहरी सांस ली, जैसे कोई ओड़िया वृद्ध 'हे भगवान' कह रहा हो। उन्नति? पिछले बार तो इसे 'सड़क' कहते थे, साल के पेड़ ने व्यंग्य से कहा। इस बार नाम बदल गया है, अब इसे 'स्मार्ट सिटी' कहते हैं। इसमें ऑक्सीजन की जगह वाई-फाई बहता है। पास खड़ा नन्हा नीम सिसका, दादी, क्या वाई-फाई से चिड़ियां घोंसला बनाएंगी? बरगद ने कड़वाहट से उत्तर दिया, नहीं बेटा, वहां सिर्फ गिद्ध बैठेंगे, जो कागजों पर दस्तखत करते हैं। पूरे जंगल में एक ऐसी टीस थी, जैसे किसी ने जीवित खाल उधेड़ दी हो। संवाद छोटे थे, पर हर शब्द कुल्हाड़ी की धार से भी ज्यादा पैना था।

धूल से सने पत्तों पर अब ओस नहीं, बारूद की परत जमने लगी थी। अरे, तुम तो बड़े खुश दिख रहे हो? पलाश ने अपनी सूखी टहनियों को सिकोड़ते हुए कचनार से पूछा। कचनार ने फीकी हंसी हंसी, हां, मुझे कल 'सुंदरता' का सर्टिफिकेट मिला है। पलाश चौंक गया, मतलब? मतलब यह कि मुझे काटा नहीं जाएगा, बस गमले में फिट कर दिया जाएगा। मेरी जड़ें अब पाताल नहीं छुएंगी, बस दो मग पानी की मोहताज रहेंगी। इसे तो 'प्रमोशन' कहते हैं भाई! सागौन ने ठहाका लगाया, जो असल में एक रुदन था। जैसे ओड़िशा के गांवों में लोग भात की आस में आकाश ताकते हैं, हम अब टैंकर की आस में जिएंगे। जंगल की आत्मा अब एक ऐसी मंडी बन चुकी थी जहां हर पेड़ अपनी कीमत और अपनी मौत का दिन गिन रहा था। इंसानी आहट करीब आ रही थी, और हवा में 'विकास' की गंध तीखी होने लगी थी। वह देखो, चश्मा पहनकर 'संवेदना' आ रही है, महुआ ने दूर सड़क पर रुकती सफेद जीप को देखकर कहा। जीप से कुछ लोग उतरे, जिनके हाथ में फीते और फाइलें थीं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 मई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:54 सूर्यास्त 18:53
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - षष्ठी 12:21 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - उत्तराषाढा 21:20 उपरांत श्रवण
योग - शुभ 02:30 उपरांत शुक्ल
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 20 तारिख

**मेष-** आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ-** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। व्यापार में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कर्क-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे।

**सिंह-** व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या-** बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। पार्टनरों से मतभेद संभव है।

**तुला-** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

**वृश्चिक-** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। प्रमाद न करें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**धनु-** मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर-** व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ-** यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा।

**मीन-** रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

## समसामयिक

# कहीं हमारे बोल वचन हमको जकड़ न लें



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

किसी भी प्रकार के आक्रोश या उत्तेजना के चलते भावनाओं के वेग में बहकना कोई अच्छी बात नहीं। बोलकर वक्ती तौर पर चाहे विजेता भाव आ जाएं, लेकिन यह स्थायी भाव नहीं हो सकता। क्रिया की प्रतिक्रिया विपरीत परिणाम का कारण भी बन सकती है। इसलिए भावनाओं के वेग पर काबू पाना निहायत जरूरी हो जाता है। अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम नकारात्मक रूप से सामने आते हैं। इतनी सी बात यदि समझ में आ जाएं, तो न तो कोई विवाद जन्म ले सके और न ही मनोमस्तिष्क मे किसी किस्म का तनाव उत्पन्न हो सके।

लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं। यही कारण है कि आदमी अपनी मानसिक और शारीरिक क्षमताओं का पूर्ण रूप से लाभ नहीं ले पाता। इसके अतिरिक्त आदमी अपनी सृजनशीलता को भी खो बैठता है। कभी-कभी तो बेलगाम बोल वचन इस कदर गले का हार बन जाते हैं कि आदमी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नकारात्मक दृष्टि से देखा जाने लगता है। ऐसे में आदमी के तमाम गुणों पर अनर्गल प्रलाप का अवगुण भारी पड़ जाता है। इसके चलते व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़े बिना नहीं रहता। वास्तव में आदमी जब कभी कुछ बोलता है, वह औरों के सामने खुलता जाता है। यानी कि उसका आंतरिक व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रकट हो जाता है। एक अर्थ में वह पूरी तरह से बेनकाब हो जाता है। उसकी शक्ति, उसका सामर्थ्य और उसकी कुल जमा पहुंच और विचार शक्ति खुलकर सामने आ जाती है। यह स्थिति एक प्रकार से उसे इस कदर कमजोर कर देती है कि उसके बोल वचन ही उस पर भारी पड़ने लगते हैं। उसे अपने कहे को क्रियान्वित करना इतना आसान नहीं होता जितनी आसानी से कथन रूप में वह व्यक्त कर दिया गया होता है। इसलिए शब्दों को बहुत तोल मोल कर ही व्यक्त करना चाहिए।

अन्यथा इसके जो दुष्परिणाम निकल कर आते हैं, वह किसी और को नहीं बल्कि हमें ही भुगतने को विवश होना पड़ता है। गरज यह कि हर एक क्षेत्र में वाणी संयम ही हमारी साख एवं प्रतिष्ठा को बरकरार रख सकता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी शब्दों की फिजूल खर्ची से बचा जाएं। दरअसल शब्द तब ही सामने वाले पर सटीक प्रभाव छोड़ते हैं जबकि उसे संतुलित एवं मर्यादित रूप से व्यक्त किया जाएं। अन्यथा अनावश्यक रूप से शब्दों को उगलने से हमारे अपने शब्दों का जाल ही हमें बुरी तरह से घेर लेता है।

इसलिए यह आवश्यक है कि आक्रोश या उत्तेजना के पलों में किसी क्रिया की प्रतिक्रिया करने के पूर्व उसके दूरगामी परिणामों पर भी विचार कर लिया जाना चाहिए। दरअसल जुबान की चंचलता पर लगाम जरूरी है। कहा जाता है कि अस्त्र-शस्त्र से ज्यादा घातक शब्द रूपी बाण हुआ करते हैं। ऐसा नहीं है कि दुर्भावनापूर्ण कटुता के साथ हम किसी पर शब्द रूपी बाण चलाएं और आत्ममुग्ध स्थिति को प्राप्त कर लेवे। दरअसल यह एक भ्रम होता है कि हम अप्रिय शब्दावली का उपयोग करते हुए किसी को आहत करें और विजेता भाव से भर जाएं।

दरअसल होता यह है कि हमारा हाव भाव और व्यवहार जिस शब्दावली के साथ जिस भावना से भरा होता है, इसका व्यापक रूप से संज्ञान ले लिया जाता है। यहां अलग बात है कि हम उससे भिज्ञ हो या अनभिज्ञ हो। दरअसल आक्रोश या उत्तेजना के पलों मे हमारे द्वारा प्रयुक्त शब्दावली हमारे ही गले का हार बन जाती है। वास्तव में बोलना आसान है, लेकिन अपने कहे पर पूर्ण रूप से अमल करना इतना आसान नहीं होता जितने आसान तरीके से उसे जाहिर कर दिया जाता है।

# चिकित्सा जगत के सम्मान का प्रतीक

### अंतरराष्ट्रीयरेडक्रॉस दिवस



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

मानवता के प्रति स्वास्थ्य व सेवा के लिए समर्पित विश्वविख्यात, डेढ़ शताब्दी से ज्यादा समय से कार्यरत रेडक्रॉस संस्था की स्थापना वर्ष 1863 में हुई तथा इसका मुख्यालय जेनेवा में है।

युद्ध में घायल सैनिकों के प्रति सेवाभावना से इसे विश्वव्यापी सराहना मिली और रेडक्रॉस की वैश्विक पहचान स्थापित हुई। सफेद पार्श्व में लाल रंग के धन का चिन्ह चिकित्सा जगत के सम्मान का प्रतीक है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी डियोंट के जन्मदिन 8 मई को रेडक्रॉस दिवस व रेडक्रॉस क्रिसेंट दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। सामान्यतःमानवीय गतिविधियों में तथा आपदा की स्थिति में मानव सेवा व स्वास्थ्य संदर्भ में प्रमुखता से कार्य करने के उद्देश्य से संस्था का गठन किया गया। विश्व के लगभग 210 देशों में ये क्रियाशील है। भारत में वर्ष 1928 से यह कार्यरत हुई जिसे क्लाड़ हिल्स ने अपने कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ाया। मूलतः ये सात सिद्धांतो पर कार्य करती है। मानवता,निष्पक्षता,एकता ,स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा, तटस्थता ,सार्वभौमिक, शामिल है। पूरे देश में रेडक्रॉस की हजारों शाखाएं फैली हुई है और बेहतरीन कार्य कर रही है।

जिला स्तर पर इसके द्वारा सस्ती दरो पर दवाइयां, मेडिकल उपकरण और ब्लड बैंक, एम्बुलेंस आदि जैसी सुविधाएं मुहैया करवाई जाती रही है। सामान्यतः जिला चिकित्सालय परिसर या शिशु एवम बाल रोग अस्पताल में रेडक्रॉस की निर्धारित दुकानें अच्छा कार्य कर रही है। जिले के जिलाधीश कार्यालय से इनका समन्वय व नियंत्रण किया जाता है। जनऔषधि केंद्र खुलने से आम जनता को जेनेरिक दवाइयां सरलता से उपलब्ध हो रही है, जबकि रेडक्रॉस रिटेल केमिस्ट से देश की प्रमुख व मल्टीनेशनल कंपनी की ब्रांडेड दवाइयां व जेनेरिक दोनो ही बाजार की तुलना में सस्ती दरों पर मरीजों को मुहैय्या की जाती है।

बतौर उदाहरण पश्चिम मध्यप्रदेश के मंदसौर_ नीमच से लेकर छत्तीसगढ़ के रायपुर ,बिलासपुर में रेडक्रॉस की सभी शाखाएं मरीजों के लिए संभवतः 24 घंटे खुली रहती है। यहां के समर्पित कर्मचारियों की नियुक्ति निश्चित अवधि के लिए जिलाधीश कार्यालय व निविदा स्वीकृति के अन्तर्गत होती है। वार्षिक न्यूनतम निविदा के आधार पर रेडक्रॉस दवाइयों की दुकान का आवंटन किया जाता है। ये शासकीय उपनियम से बंधनकरी होती है तथा नियम पालन न होने पर आवश्यक विभागीय कार्रवाई भी की जाती है। समय समय पर खाद्य व औषधि निरीक्षक भी औचक निरीक्षण करते ही है।

पुनश्च, रेडक्रॉस ने हमेशा मानव सेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य किया,विदित है कि अनेक शहरों में रेडक्रॉस अस्पताल भी है जहाँ चिकित्सक,पैरामेडिकल स्टाफ भी सेवा की मिसाल बन रहे है और निश्चित रूप से प्राइवेट अस्पताल व अस्पताल परिसर में स्थित दवा व्यवसायियों के समक्ष मानवता के लिए समर्पण की भावना का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बने हुए है। रेडक्रॉस संस्थाओं की महत्ता बगैर प्रचार प्रसार उनके कार्यों से स्वतः ही स्पष्ट होती जा रही है।

## धर्म-आस्था

# महासागर के किनारे सजी पहचान, संस्कृति और नारी शक्ति का अद्भुत

समय के साथ बदलते वैश्विक परिदृश्य में जब भारतीय मूल की महिलाएं विदेश की धरती पर एक साथ जुटती हैं, तो वह केवल एक मिलन नहीं होता, बल्कि संस्कृति, आत्मविश्वास और सामूहिक पहचान का उत्सव बन जाता है। हाल ही में उत्तर अमेरिका में आयोजित एक भव्य पुनर्मिलन में मध्यप्रदेश की माहेश्वरी महिला समूह ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए यह संदेश दिया कि जड़ें चाहे जहां हों, पहचान हमेशा अपने संस्कारों से ही बनती है।

समुद्र के किनारे खिंचा यह समूह चित्र केवल एक यादगार क्षण नहीं, बल्कि बदलते समय का जीवंत दस्तावेज है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं, आत्मविश्वास से भरी मुस्कान और साथ होने का आनंद-यह सब मिलकर एक ऐसी तस्वीर रचते हैं, जो आधुनिकता और परंपरा के सुंदर संतुलन को दर्शाती है। यह दृश्य बताता है कि भारतीय नारी आज केवल परिवार की सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है।

माहेश्वरी समाज अपनी सादगी, अनुशासन और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है। जब इसी समाज की महिलाएं विदेश में एकत्र होकर अपने रिश्तों को और मजबूत करती हैं, तो यह केवल सामाजिक जुड़ाव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का भी प्रतीक बन जाता है। यह पुनर्मिलन उन भावनाओं का उत्सव है, जो दूरी के बावजूद दिलों को जोड़कर रखती हैं।

आज की महिला बहुआयामी भूमिका निभा रही है-वह घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज और विश्व में भी अपनी पहचान स्थापित कर रही है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाएं न केवल एक-दूसरे से जुड़ती हैं, बल्कि अपने अनुभवों, विचारों और जीवन दृष्टि को भी साझा करती हैं। यह संवाद उन्हें और अधिक सशक्त बनाता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है। इस संदर्भ में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और आरक्षण का विषय भी अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। जब समाज महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान अवसर देता है, तब विकास की दिशा और अधिक संतुलित और समावेशी बनती है। आरक्षण केवल अधिकार नहीं, बल्कि वह माध्यम है जिसके द्वारा महिलाओं को अपने विचार, क्षमता और नेतृत्व को सामने लाने का अवसर मिलता है। यह आवश्यक है कि हर क्षेत्र-सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक-में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि समाज का समग्र विकास संभव हो सके।

भारतीय संस्कृति में भी नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। हमारे शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है-

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः

अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है।

यह श्लोक केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है। जब हम इस विचार को व्यवहार में उतारते हैं, तभी समाज वास्तव में प्रगतिशील बनता है।

विदेश की भूमि पर इस प्रकार के आयोजन यह भी दर्शाते हैं कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी हैं। भले ही भौगोलिक दूरी हजारों किलोमीटर की हो, लेकिन मन और संस्कार हमेशा जुड़े रहते हैं। यह समूह उस भावना का प्रतीक है कि जहां भी रहें, अपनी पहचान को जीवित रखें। यह भी उल्लेखनीय है कि ऐसे मंच नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनते हैं। युवा पीढ़ी जब अपने परिवार और समाज की महिलाओं को इस प्रकार आत्मविश्वास और सम्मान के साथ देखती है, तो उनके भीतर भी आगे बढ़ने और कुछ नया करने की प्रेरणा जन्म लेती है। यह एक सकारात्मक चक्र है, जो समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज के समय में जब जीवन की गति तेज हो गई है और रिश्तों के लिए समय निकालना कठिन होता जा रहा है, ऐसे आयोजन रिश्तों को फिर से जीवंत करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह केवल मिलन नहीं, बल्कि भावनाओं का पुनर्संयोजन है, जहां पुरानी यादें ताजा होती हैं और नए संबंधों की नींव रखी जाती है।

समाज के लिए यह एक सकारात्मक संकेत है कि महिलाएं अब केवल सहभागिता नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। वे अपनी पहचान स्वयं गढ़ रही हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। यह परिवर्तन केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक प्रगति का प्रतीक है। अंततः, यह कहा जा सकता है कि महासागर के किनारे सजा यह दृश्य केवल एक तस्वीर नहीं, बल्कि एक विचार है-एक ऐसा विचार जो बताता है कि भारतीय नारी शक्ति, संस्कृति और आत्मविश्वास का संगम जब एक साथ आता है, तो वह सीमाओं को पार कर नई ऊंचाइयों को छूता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,400 रवा- 1,52,200 चांदी- टंच- 2,51,500 पाट- 2,50,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## पूर्व विधायक की निधि में पांच लाख के गबन का आरोप, ग्राम पंचायत आमगढ़ा का मामला

### कलेक्टर से की सरपंच-सचिव की शिकायत



**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत आमगढ़ा के तहत आने वाले ग्राम जमनागंज में सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम निवासी पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत एवं राजेश सुरावत ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से लेकर कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार द्वारा ग्राम जमनागंज में शासकीय मांगलिक भवन के निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की विधायक निधि स्वीकृत की गई थी। इस भवन के लिए बकायदा ड्राइंग और एस्टीमेट भी तैयार किया गया था। आरोप लगाए गए है कि सरपंच दिनेश पाल, सचिव घीसूलाल वर्मा, वर्तमान सचिव नारायण सिंह सोनगरा और जनपद पंचायत के इंजीनियर ने मिलीभगत कर मांगलिक भवन का निर्माण नहीं कराया। शिकायतकर्ता का दावा है कि इस राशि का कुछ हिस्सा मंदिर निर्माण में लगा दिया गया, जबकि शेष बडी राशि का आपस में बंदरबांट कर गबन कर लिया गया।

### जल संकट के निराकरण बड़ी पहल

## मंत्री के निर्देश पर सारंगपुर की 98 पंचायतों में बनेंगे रिचार्ज शाफ्ट



**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर में गिरते भू-जल स्तर को लेकर राज्यमंत्री द्वारा व्यक्त की गई चिंता और उनके निर्देशों के बाद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सारंगपुर ब्लॉक जो भू-जल रिपोर्ट में अति-दोहित श्रेणी में आता है, वहाँ जल स्तर सुधारने के लिए मंत्री एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में 98 ग्राम पंचायतों में रिचार्ज शाफ्ट्स (सॉफ्ट संरचना) बनाने का निर्णय लिया गया है। इसी तारतम्य में आज हाइड्रोलॉजिस्ट रामगोपाल नागर द्वारा क्षेत्र का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया गया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हेमेंद्र गोविल, सहायक यंत्री कृपाल पैरवाल, पांदा सरपंच दीपसिंह सोनगर तथा भैंसवामाता सरपंच कुलदीप नागर तथा आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंचगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान हाइड्रोलॉजिस्ट और तकनीकी टीम ने रिचार्ज शाफ्ट के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन किया। मौके पर उपस्थित जनपद सीईओ गोविल और सहायक यंत्री पैरवाल ने निर्माण कार्य की समय-सीमा और गुणवत्ता को लेकर चर्चा की, वहीं सरपंचों ने स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों से टीम को अवगत कराया। सीईओ गोविल ने बताया कि ब्लॉक की सभी 98 ग्राम पंचायतों में जल पुनर्भरण की योजना है। प्रथम चरण में 50 सॉफ्ट संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल को सीधे जमीन के भीतर उतारा जाएगा। गोविल ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तालमेल से शुरू किया गया यह अभियान सारंगपुर की प्यास बुझाने में निर्णायक साबित होगा। इस जल संवर्धन कार्य से क्षेत्र के जलस्त्रोतों में वृद्धि होगी, जिससे किसानों और आम जनता को ग्रीष्मकाल में होने वाली जल किल्लत से राहत मिलेगी।

### गोद में नवजात बेटी का शव लेकर निकला पिता

## 70 हजार कर्ज था, किसान ने बंधक बनाया; 4 दिन अस्पताल में पड़ा रहा

**सीहोर।** सीहोर जिला अस्पताल से गुरुवार को एक पिता अपनी नवजात बेटी का शव गोद में लेकर बाहर निकला। बच्ची का शव चार दिन तक अस्पताल की मचुर्री में पड़ा रहा था। पिता रवि रघुवंशी का आरोप है कि 70 हजार रुपए के कर्ज के कारण एक किसान ने उसे बंधक बना रखा था, इसलिए वह बेटी की मौत के बाद भी अस्पताल नहीं पहुंच पाया। बच्ची जुड़वा बहनों में से एक थी। 24 मार्च को जन्म के दौरान एक नवजात की मौत हो गई थी, जबकि दूसरी बच्ची बेहद कमजोर हालत में पैदा हुई थी। जन्म के समय उसका वजन सिर्फ 1.4 किलो था। पिछले 40 दिनों से जिला अस्पताल की क्3व में उसका इलाज चल रहा था। मामला सामने आने के बाद पुलिस अब बंधुआ मजदूरी के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची की 3 मई को इलाज के दौरान मौत हो गई थी, लेकिन माता-पिता शव लेने नहीं पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन ने कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिले। चार दिन तक कोई नहीं आया तो अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहले आष्टा तहसील के ग्राम हकीमाबाद पहुंची, जहां दंपती का घर है। वहां पता चला कि दोनों मजदूरी के लिए देवास जिले के सोनकच्छ के पास जालेरिया गांव गए हैं। इसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और माता-पिता को सीहोर लेकर आई। बाद में बच्ची का शव परिजनों को सौंपा गया।


## सार्वजनिक सूचना

आम जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 318/3, कुल रकबा 2.0500 हेक्टेयर में से 1.295 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 318/4, कुल रकबा 0.3400 हेक्टेयर में से 0.162 हेक्टेयर तथा सर्वे नंबर 306, कुल रकबा 1.6200 हेक्टेयर में से 0.798 हेक्टेयर, स्थित ग्राम अमला, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक शिवराज पिता बलवंत सिंह एवं बलवंत सिंह पिता मान सिंह से लीज पर लेने के इच्छुक हैं।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्थान यदि विषयक सम्पत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा, मांग या अधिकार रखता हो अथवा दावा करता हो, या विषयक सम्पत्ति के संबंध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुर्दगी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार, लंबित न्यायालयीन कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिक्री, किसी न्यायालय के आदेश, शासकीय अधिग्रहण, प्रतिबंध या किसी अन्य प्रकार की बाधा से संबंधित हो, तो ऐसी कम्पनी/व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पते पर नोटरीकृत दस्तावेजी साक्ष्यों सहित लिखित में सूचित करें।

निर्धारित अवधि में सूचना प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि विषयक सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल हक, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग अस्तित्व में नहीं है तथा उपरोक्त वर्णित मालिकों का विषयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट एवं बाजार योग्य स्वामित्व एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर**
**मो 9826562344**


### बरगी डैम हादसे के बाद देवास में प्रशासन सख्त

# नावों की जांच, सड़कों के खतरनाक कट प्वाइंट सुधारने के अधिकारियों को निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जबलपुर के बरगी डैम में हुए हादसे के बाद देवास प्रशासन सतर्क हो गया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

#### नेमावर घाट और धाराजी में नावों की जांच के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने नेमावर घाट, धाराजी और अन्य जल स्त्रोतों पर संचालित नावों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, लाइफ जैकेट की उपलब्धता, क्षमता और संचालन से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। नावों की गुणवत्ता और मशीनरी की भी जांच की जाएगी।

#### ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार के निर्देश दिए

सड़क सुरक्षा को लेकर भी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने शहर और जिले के दुर्घटना संभावित स्थानों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। भोपाल-सोनकच्छ रोड और मक्सी रोड पर अधिक हादसों को देखते हुए अवैध कट पॉइंट बंद करने और यातायात नियंत्रित करने को कहा गया। हाईवे पर स्थित ढाबों के सामने से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने जिलेभर में बने स्पीड ब्रेकरों की एक माह के भीतर जांच कर उन्हें निर्धारित मापदंडों के अनुसार ठीक करने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार नए स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे और गलत तरीके से बने ब्रेकरों को हटाया या सुधारा जाएगा।

#### अमानक स्पीड ब्रेकरों को ठीक करने के लिए कहा

उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर अमानक और झूले की तरह बने स्पीड ब्रेकरों को एक माह में ठीक किया जाए, और भविष्य में बनने वाले ब्रेकर सही मापदंडों के अनुसार हों।

### मुख्यमंत्री ने दुर्घटना प्रभावितों को दिया संबल

# मंत्री के प्रयासों से राजगढ़ जिले को मिली 29.50 लाख रु. की सहायता

### मुरैना से उज्जैन जा रही बस दुर्घटना प्रभावित हितग्राहियों को मिलेगा आर्थिक सहारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संवेदनशील निर्णय के तहत राजगढ़ जिले के ब्यावरा के नजदीक हुई बारात बस दुर्घटना प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 29 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार के प्रयासों एवं सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप यह सहायता राशि शीघ्र स्वीकृत हो सकी उन्होंने इस संवेदनशील मामले को प्राथमिकता देते हुए दुर्घटना प्रभावितों को त्वरित राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो उनके जनहितैषी दृष्टिकोण एवं प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आपको बता दे कि कुछ दिन पूर्व मुरैना जिले से उज्जैन जिले में बारात लेकर जा रही एक बस राजगढ़ जिले के ब्यावरा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस दुःखद घटना में कई लोग हताहत हुए थे। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही राज्यमंत्री पंवार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए घायलों एवं प्रभावित परिवारों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई तथा हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उनके प्रयासों से राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी आई और पीड़ितों को समय पर मदद मिल सकी। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार स्वीकृत सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को प्रति व्यक्ति 4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1 लाख रुपये तथा सामान्य घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि का त्वरित एवं पारदर्शी भुगतान किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो तथा सभी मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत सहायता राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-पेमेंट के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी, जिससे पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।

### केंद्रीय मंत्री खट्टर से मिलीं सावित्री ठाकुर

# बदनावर में सीवरेज लाइन प्लान दिया, मंजूरी मिलने पर 39.95 करोड़ से होगा काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव ने दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात की। यह मुलाकात बदनावर नगर के विकास कार्यों, विशेषकर भूमिगत सीवरेज पाइपलाइन के निर्माण को लेकर हुई। उन्होंने मंत्री खट्टर को इस संबंध में एक विस्तृत कार्ययोजना सौंपी।

सौंपे गए पत्र में बदनावर नगर क्षेत्र की वर्तमान गंभीर स्थिति का उल्लेख किया गया है। इसमें बताया गया है कि लगभग 50 वर्ष पुरानी नालियाँ जर्जर और अपर्याप्त हो चुकी हैं, जिसके कारण दूषित जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है।

पत्र में यह भी अवगत कराया गया कि बदनावर में पीएम मित्र पार्क का निर्माण कार्य प्रगति पर है और औद्योगिक विकास हो रहा है। इसके चलते दूसरे प्रदेशों के लोगों की संख्या इस क्षेत्र में बढ़ रही है। दूषित जल निकासी की समस्या और जटिल होने से पहले इसका समाधान अतिआवश्यक है।

यह संपूर्ण कार्ययोजना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर तैयार की गई है। इसमें भूमिगत सीवरेज पाइपलाइन बिछाने हेतु 39.95 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने बताया कि पूरे शहर में भूमिगत सीवरेज लाइन के निर्माण से गंदगी से मुक्ति मिलेगी और शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

### आष्टा में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह

# सीएम डॉ. यादव ने वर्चुअली नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया; 18 मुस्लिम जोड़ों का निकाह

**आष्टा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर सीएम कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत एक विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस समारोह में कुल 200 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के प्रयासों से 182 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। वहीं, 18 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम समाज की परंपराओं के अनुसार कराया गया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने दिवेश पिमपलगांवकर पिता श्री अशोक पिमपलगांवकर उम्र 42 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 1, तात्याटोपे मार्ग, अलकधाम धर्मशाला के सामने उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के भवन क्रमांक 1 सी तल मंजिला तात्याटोपे मार्ग फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 77.15 वर्गमीटर हैं को मय जमीन तला व उसमे किये हुए एक मंजीला कुल निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स नल बिजली कनेक्शन एवं बिना हवाई हक के खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई है और अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार को शेष राशि अदाकर मूल भवन स्वामी से विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 07-05-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग कुशलपुरा,**
**उज्जैन कार्यालय सी.एफ-5 भरतपुरी, उज्जैन**
**मो.बा. 9981260727**




पेट्रोल खत्म होने पर रुके, बदमाशों ने लूटे 10 हजार

## ट्रांजेक्शन डिटेल से पकड़ाए बदमाश, डरा धमकाकर अकाउंट में रुपए भिजवाए थे

**देवास।** नेशनल हाईवे पर बाइक सवार से लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को तीन बदमाशों ने दो युवकों से लूट की की थी।औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बुधवार को इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पेट्रोल खत्म होने पर सड़क किनारे रुके युवकों को डरा-धमकाकर उनसे पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए थे। पुलिस ने डिजिटल लेनदेन के डाटा के अनुसार पूरी वारदात का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, 4 मई को विशाल पालसिया ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे अपने भाई कपिल के साथ देवास में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात करीब 1:30 बजे इंदौर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, लोहार पिपलिया के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। जब वे बाइक को धक्का देकर पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे, तभी देवास की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आए। उन्होंने युवकों को धमकाया और 10,000 रुपये मांगे। पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट की गई और जबरन पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने डिजिटल ट्रेल का उपयोग करते हुए सक्रियता दिखाई और महज 12 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वीरेंद्र पिता पर्वत चौहान (25), भरत पिता राजेश रायकवार (26) और भरत पिता भगवान मांझी (25) शामिल हैं। सभी आरोपी भेरुगढ़, देवास के निवासी हैं।

## प्रशासन की कार्रवाई 828 सिलेंडर राजसात

**आगर-मालवा।** कलेक्टर प्रीति यादव आदेश पर श्री गंगा इंडेन गैस एजेंसी पर कार्रवाई करते हुए 828 घरेलू गैस सिलेंडर राजसात करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें 507 भरे और 321 खाली 14.2 किलो के सिलेंडर शामिल हैं। मामले में एजेंसी प्रबंधक और प्रोप्राइटर के खिलाफ धारा 6 (क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

# नगर परिषद् ब्यावरा एवं सुठालिया के सहयोग से पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति की अनोखी पहल

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कचरे का समुचित प्रबंधन कर, कचरे का सदउपयोग करके नगर पालिका परिषद ब्यावरा एवं सुठालिया के सयोग से पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति द्वारा अनुपयोगी सामग्री जैसे प्लास्टीक, पौलेथिन बेस्ट मटेरियल कपड़े, पानी की बोतल व घरो से, दुकानो से, रेस्टोरेन्ट से होटलो से स्कूलो आदि से प्राप्त कर उसको रिसायकल कर उपयोग वस्तुओ का निर्माण किया जा रहा। जिसमें ट्री गाड जाली, डस्टबीन, पेपर रखने का पेड (तख्ती), कुर्सी इक्रो ब्रिक्स, टेबल आदि छोटी-बड़ी उपयोगी सामग्री का निर्माण किया जाएगा। पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति द्वारा इक्रो ब्रिक्स की 730 इटों का निर्माण किया गया। जिसका उपयोग ब्यावरा नगर सौन्दर्यीकरण हेतु इक्रो विक्स से आई लव ब्यावरा के स्टेक्रर का निर्माण किया गया। इटो के स्थान पर इक्रो विक्स से पेड की क्यारियों का निर्माण किया। साथ ही नगर पालिका ब्यावरा के सहयोग से पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति द्वारा 11 बोतल बैंक, 2 पौलेथिन बैंक डस्टबीन ब्यावरा नगर में लगाया। इक्रो बिक्स से बैठने हेतु मुड्डा बनाया गया एवं नगर में जागरूकता को लेकर छोटी पहल बड़ा परिवर्तन करके एक कार्यक्रम नगर में किया। साथ ही प्लास्टीक मुक्त कार्यक्रम कैसे हो इस हेतु एक निःशुल्क बर्तन बैंक का शुभारम्भ शीघ्र किया जाएगा।

कलेक्टर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद नगर पालिका ब्यावरा व नगर परिषद सुठालिया को निर्देशित किया कि प्रथम फैस में दोनो निकायों की प्लास्टीक वेस्ट का प्रथक्कीकरण करके पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति को उपलब्ध कराई जाए। जिससे यह समिति इस दिशा में बेहतर कार्य करके ब्यावरा नगर व सुठालिया को पौलेथिन मुक्त कर सकें। जिससे नगर की समस्त गंदगी समाप्त होगी। जिससे नाली चोक नहीं होगी, जो गौ-माता इस पौलेथिन को खा जाती है जिसके कारण गौ-वंश की मृत्यु होती है उनके प्राण बचेगें एवं पौलेथिन खुले में डालने से भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म होती है वह भी उपजाऊ होगी। साथ ही कलेक?टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद ब्यावरा व नगर परिषद सुठालिया को यह भी निर्देश दिए गए कि पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति को उचित स्थान शहर में उपलब्ध कराए जाए ताकि संस्थान द्वारा निर्माण सामग्री का उपयोग जनहित में अधिक से अधिक हो सके।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि स्वामी अभय चौपडा पिता सरदारमलजी चौपडा निवासी राजे-?द्र मार्ग महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने पूर्व मे क्रय की राजपाल पिता ओकारसिंह निवासी 13 कुबेरनगर देवास जिला देवास से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम चितावदखेडा तहसील महिदपुर मे स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 524, रकबा 0.06 हेक्टर, व सर्वे नं. 649/2, रकबा 0.56 हेक?टर व सर्वे नं. 651, रकबा 1.65 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2.27 हेक?टर की कृषि भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध करार किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अनुबंध अनुसार कृषि भूमि स्वामी को अदा करके विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 10 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की (रजिस्-?ट्री) पंजीयन अपने हित मे करवा लिया जावेगा व जिसके पश्चात किसी की भी कोई आपत्ति मान्य नहीं होंगी। इति दिनांक 07-05-2026 स्थान महिदपुर

**आबिद सांखला मंसुरी अभिभाषक**
**कार्यालय तहसील परिसर के सामने महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.9926060115**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम नागझिरी तहसील उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 190/1/1/1 रकबा 0.10 हे०, सर्वे नंबर 190/1/1/2 रकबा 0.10 हे०, सर्वे नंबर 190/2 रकबा 0.53 हे0 कुल किता 03 कुल रकबा 0.73 हैं० स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम नागझिरी तहसील उन्हैल में स्थित है उक्त सर्वे नंबर 190/1/1/1 रकबा 0.10 हे०, सर्वे नंबर 190/1/1/2 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नंबर 190/2 रकबा 0.53 हे० कुल किता 03 कुल रकबा 0.73 हैं० सायतबाई विधवा सुखराम व मुकेश पिता सुखराम जातिगण कालबेलिया निवासीगण ग्राम नागझिरी तहसील उन्हैल जिला उज्जैन म०प्र० से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विकय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 06. 05.2026

**अजय मौर्य एडव्होकेट**
**उन्हैल तहसील उन्हेल जिला**
**उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9893257210**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री श्याम ठक्कर पिता श्री बृजमोहन ठक्कर एक भवन नगर पालिका निगम उज्जैन की सीमा में भवन म्यु. क्रमांक पुराना 4 व 4/1 स्थित धनवंतरी मार्ग उज्जैन पर निर्मित शांति प्लाजा के तृतीय मंजिल अर्थात थर्ड फ्लोर के कार्यालय क्रमांक 306 (क्षेत्रफल 23.50 वर्गमीटर) जो कि पक्के आर.सी.सी. का बना हुआ है उसका सौदा होना तय हुआ है जिसकी चतुसीमा निम्नानुसार है पूर्व में कामन लाबी। पश्चिम में तलमंजिल पर वर्तमान में भवन युसुफ अली जकीउद्दीन लोहावाला आदि का जो पहले नजरअली सायकलवाले का था। उत्तर में कार्यालय क्रमांक 307 दक्षिण में पोर्च व उसके बाद सड़क सरकारी व श्री श्याम ठक्कर पिता श्री बृजमोहन ठक्कर का एक निर्मित भवन म्यु. क्रमांक-16/4 जो कि शंकराचार्य मार्ग की गली क्र०-2 रणछोड गली. उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। निर्मित भवन का कुल क्षेत्रफल 42-88 वर्गमीटर है। उपरोक्त निर्मित भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का, मुख्य मार्ग से अंदर गली क्र०-2 रणछोड गली, आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर, आवासीय उपयोग का हैं इस अवन की द्वितीय मंजिल का सौदा होना तय हुआ है जो श्री श्याम ठक्कर जी के नाम है। जिसकी चतुसीमा निम्न प्रकार है पूर्व दिशा में तल पर मकान रामभट्ट का। पश्चिम दिशा में तल पर मकान धर्मेन्द्र जैन का उत्तर दिशा में उभय पक्षों का शामलाती जीना बाद तल पर शामलाती रास्ता दक्षिण दिशा में तल पर मकान मनोज भट्ट का एवं श्रीमती रितु उपाध्याय पति श्री प्रवीण उपाध्याय जी के नाम से रजिस्टर्ड एक कृषि भूमि स्थित ग्राम कालुहेड़ा तहसील घटिया जिला उज्जैन पटवारी हल्का नंबर 11 भूमि सर्वे न. 16/2 रकबा 0.10 हेक्टर व सर्वे न. 17/1, रकबा 0.39 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.49 हेक्टर याने दो बीघा नौ आरे भूमि भू-अधिकार ऋण पुस्तिका क्रमांक LJ058885 में अंकित है जिसका सौदा मेरे पक्षकार के साथ होना तय हुआ है। जिसकी चतुसीर्मा निम्नानुसार है पूर्व में :- नाला व मानसिंह की भूमि । पश्चिम में नदी। उत्तर में मानसिंह आदि की भूमि। दक्षिण में चंदर सिंह की भूमि । एवं एक और अन्य कृषि भूमि श्रीमती कांताबाई ठक्कर पति श्री बृजमोहन ठक्कर की एक रजिस्टर्ड कृषि भूमि जो कि स्थित ग्राम कालुहेड़ा तहसील घटिया जिला उज्जैन पटवारी हल्का नंबर 11 भूमि सर्वे न. 15 रकबा 0.62 हेक्टर व सर्वे न. 16/1, रकबा 0.52 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 1.14 हेक्टर याने पांच बीघा चौदह आरे भूमि भू-अधिकार ऋण पुस्तिका क्रमांक LJ058888 में अंकित है, जिसकी चतुसीर्मा निम्नानुसार है। पूर्व में नाला। पश्चिम में :- नदी। उत्तर में नदी। दक्षिण में :-जानीबाई की भूमि । उक्त संपत्तियों को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की लगभग सम्पूर्ण राशि अदा कर दी गई है जिससे कि विक्रेतागण को विक्रय पत्र या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधी उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक 07.05.20261

**हितेंद्र सिंह चौहान, (एडवोकेट)**
**एस.आई.जी. एफ / 31, ऋषि नगर, उज्जैन, म.प्र.**
**मोबा.न. 9826077284**

## नेशनल हाईवे 52 पर ट्रक की टक्कर से घायल

**शाजापुर।** ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 52 पर मोहनलाल गुर्जर 45 वर्ष पिता धनसिंह, निवासी पनवाड़ी, साइकिल से जा रहा था, तभी पनवाड़ी रोड के पास एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। सी-470 के आरक्षक बृजमोहन यादव, पायलट संजीव सूर्यवंशी एवं स्थानीय राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

## सत्यापन अधिकारियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**शाजापुर।** महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सत्यापन अधिकारियों के लिए बीकेएसएन कालेज में विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत वर्तमान में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। पंजीकृत विद्यार्थियों के आवेदन प्रपत्रों की सटीक जांच के लिए अग्रणी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी के मार्गदर्शन में यह अहम प्रशिक्षण संपन्न हुआ। आईटी सेल एवं ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन और लाइव पोर्टल के माध्यम से अधिकारियों को ऑनलाइन सत्यापन की बारीकियां सिखाईं।

## शाजापुर मुख्य डाकघर में कल लगेगा विशेष शिविर

**शाजापुर।** आधार कार्ड में नाम, पता या मोबाइल नंबर अपडेट करवाने के लिए अब नागरिकों को परेशान होने या बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शाजापुर मुख्य डाकघर ने एक बड़ी पहल की है। कल 9 मई 2026 शनिवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक डाकघर परिसर में एक विशाल आधार नामांकन एवं अपडेशन अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस एक दिवसीय मेगा कैंप के जरिए नागरिक अपने आधार से जुड़े सभी जरूरी काम सुगमता से एक ही जगह पर निपटा सकेंगे। शिविर में आम दिनों की तुलना में अधिक भीड़ होने की संभावना को देखते हुए डाकघर प्रबंधन ने नागरिकों की सुविधा के लिए पहले से ही पुख्ता इंतजाम किए हैं। शिविर में कार्य सुचारू रूप से हो सके, इसके लिए अग्रिम टोकन व्यवस्था लागू की गई है।

## लोक अदालत का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक

**गुना।** सर्वोच्च न्यायालय, भारत द्वारा समाधान समारोह-2026 के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है। इस आयोजन में पक्षकारों की सहमति से विभिन्न श्रेणियों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें बैंकिंग एवं बीमा संबंधी मामले, सिविल (दीवानी) प्रकरण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर प्रकरण, उपभोक्ता विवाद, पारिवारिक विवाद, वाणिज्यिक एवं आर्बिट्रेशन प्रकरण, किरायेदारी एवं बेदखली संबंधी प्रकरण सहित अन्य समझौता योग्य मामले शामिल हैं।

## पिछड़ा वर्ग के युवक/युवतियां होगें लाभान्वित

**गुना।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक/युवतियों को लाभांवित करने के उद्देश्य से शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 लागू की गई है। सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों पुलिस होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा जिससे उन्हें आने वाले भविष्य में इस योजना से लाभ मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से इन सेवाओं में भर्ती के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे। यह प्रशिक्षण 45 दिवसीय रहेगा। पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक/युवतियों को आवास एवं खाने की व्यवस्था पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग गुना द्वारा निःशुल्क प्रदान की जावेगी।

# कांग्रेस का सड़क सत्याग्रह, किसानों का खून चूस रही सरकार

## रोजवास टोल नाके पर 4 घंटे चक्काजाम, दिग्गजों ने मोहन सरकार को घेरा

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



मध्य प्रदेश में किसानों की बदहाली, कर्ज और खेती की बढ़ती लागत को लेकर कांग्रेस ने अब सड़क पर उतरकर आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को कांग्रेस ने अपने प्रदेशव्यापी किसान सड़क सत्याग्रह का आगाज शाजापुर से किया। यहां रोजवास टोल नाके पर हजारों किसानों और कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस दिग्गजों ने 4 घंटे तक नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हाईवे पूरी तरह ठप रहा, जिससे भारी वाहनों की कतारें लग गईं। इस दौरान मंच से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर सियासी तीर छोड़े।

**सड़क से संसद तक कृषि मंत्री परोसे रहे हैं झूठ-हरीश चौधरी-** सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर सीधा और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री सड़क से लेकर संसद तक सिर्फ झूठ बोल रहे हैं। हकीकत में किसानों की आय दोगुनी भी नहीं हुई है, और वे इसे 8 गुना बढ़ना बता रहे हैं। चौधरी ने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले खाद-बीज के दाम बढ़ाए और अब चोरी-छिपे खाद की बोरी का वजन कम कर दिया है। कांग्रेस की सरकार में खेती सस्ती थी, लेकिन आज महंगाई ने किसान की कमर तोड़ दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों का शोषण बंद नहीं हुआ, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

**मुख्यमंत्री नहीं समझ रहे दर्द-जीतू पटवारी-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार किसी भी लिहाज से किसान हितैषी नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, मोहन भैया किसान नहीं हैं, अगर होते तो आज प्रदेश के अन्नदाता की इतनी दयनीय हालत नहीं होती। पटवारी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में जानबूझकर लेट-लतीफी की गई, जिससे किसान सोसायटियों में धक्के खा रहे हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज हंकाई-जुताई से लेकर खाद, बीज, दवाई और कटाई तक सब कुछ महंगा है, लेकिन जब फसल बेचने की बारी आती है तो उचित दाम नहीं मिलता। पटवारी ने कहा, सोसायटियों को डिफॉल्टर बताकर किसानों पर ब्याज का बोझ लादा जा रहा है। यह सरकार किसानों का खून चूस रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के राज में सिर्फ व्यापारियों का भला हो रहा है, जबकि किसान, युवा, महिलाएं और कर्मचारी सब त्रस्त हैं।

**दिग्गजों का रहा जमावड़ा, उमड़ी हजारों की भीड़-**इस बड़े प्रदर्शन में उज्जैन और भोपाल संभाग के कई बड़े नेता और हजारों किसान शामिल हुए। सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व मप्र सह-प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मीनाक्षी नटराजन, तराना विधायक महेश परमार, प्रदेश महासचिव रामवीर सिकरवार सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शन में ब्लॉक व मंडल पदाधिकारी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे।

## हादसे में घायल नीलगाय के बच्चे का रेस्क्यू

**शाजापुर।** शहर के बाहरी इलाके में सड़क हादसे का शिकार हुए एक नीलगाय के बच्चे को गौरक्षा सेना के सजग सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू किया। टूटे पैर के साथ दर्द से छटपटा रहा यह वन्यजीव घबराहट में भागने की कोशिश कर रहा था। करीब आधे घंटे तक रात के अंधेरे में चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में नीलगाय के बच्चे को सुरक्षित पकड़कर उपचार के लिए केंद्र पहुंचाया गया। इस पूरे घटनाक्रम में वन्यजीव को बचाते समय रेस्क्यू टीम के तीन सदस्य भी चोटिल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 मई की रात्रि करीब 9 बजे गौरक्षा सेना को सूचना मिली थी कि शाजापुर से लगभग 5 किलोमीटर दूर सतगांव से पहले बाबा वेयरहाउस के सामने एक नीलगाय के बच्चे का किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही टीम के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे। घटना के बाद घायल बच्चा धीरे-धीरे खिसक कर सतगांव के बल्डे की ओर पहुंच चुका था। मौके पर पहुंची टीम ने जब उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो पैर टूटा होने के बावजूद वह बुरी तरह घबराकर भागने लगा। रात का अंधेरा होने के कारण उसे सुरक्षित पकड़ना टीम के लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। नीलगाय के बच्चे ने बचने की जद्दोजहद में छटपटाहट दिखाई, जिससे गौरक्षा सेना के तीन सदस्य घायल हो गए। इसके बावजूद सदस्यों ने अपना साहस और धैर्य बनाए रखा और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित रूप से काबू में कर लिया।

# जल की एक-एक बूंद सहेजना आज की महिती आवश्यकता, कालेज में हुआ कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



तेजी से घटते भूजल स्तर के बीच जल संरक्षण अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आने वाले कल को बचाने की अनिवार्यता बन गया है। इसी दिशा में युवाओं को जागरूक करने और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, गुरुवार को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार और प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर के प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष व मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पानी की हर बूंद को सहेजना समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने भूजल संरक्षण के व्यवहारिक उपाय बताते हुए घरों में सोक पिट (रिचार्ज पिट) बनाने और नगर की नजदीकी पहाड़ियों पर सघन वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक व रासेयो अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने बताया कि 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अति महत्वपूर्ण अभियान का मूल उद्देश्य जनभागीदारी से जल स्त्रोतों का संरक्षण व पुनरुद्धार करना है, जिसमें विद्यार्थियों की भूमिका सबसे अहम है। आयोजन में प्रो. गिडवानी ने मौजूद सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति संकल्पित करते हुए शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. अनिता यादव, प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ. सुनील मेवाड़ा, डॉ. आर.सी. चौहान, डॉ. बी.एल. मालवीय, रासेयो स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।


## भूखण्ड निरस्ती की जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड क्रमांक 38, 39, 40, 41, 46 व 47 के भूखण्ड धारक को सूचित किया जाता हैं, कि आपने रोशन एन्क्लेव ग्राम धतरावदा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे भूखण्ड क्रय किया था तथा आप भूखण्ड धारक की द्वितीय व तृतीय किश्त बाकी है जिसका भुगतान आपने मेरी फर्म "M/s Future Developers" के कर्यालय उज्जैन म.प्र. में जमा नहीं कराया है। मेरे पक्षकार फर्म द्वारा यह मान लिया गया है कि, उक्त भूखण्ड धारक उक्त भूखण्डो को क्रय करने में इच्छुक नही है तथा मेरे पक्षकार फर्म द्वारा उक्त भूखण्डो का आवंटन निरस्त कर दिया गया है तथा अब कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था मेरे पक्षकार की बगैर सहमति के उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अन्तरण, क्रय, संव्यवहार न करे अन्यथा उसकी समस्त जिम्मेदारी क्रय व्यवहारकर्ता अन्तरणग्रहिता की होगी तथा इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के बाद किसी भी प्रकार का दावा व आपत्ति मान्य नहीं होगी मेरी पक्षकार फर्म उक्त भूखण्ड को किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेगी। सो सूचित हो ।

इति दिनांक 07.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो. 98272-64140**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

यह कि, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन, दिनांक 01-5-2026 दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के पेज कमांक-09 बिजनेस भास्कर में ग्राम मेंडिया इसील-कोठी महल, जिला-उज्जैन के सर्वे क्रमांक-27/1/2/1.27/12/2.27/1/2/1. 22/1/2/2 की कृषि भूमि के संबंध में श्री बालाजी एसोसिएट Shiri Balaji Associates A group of SP's & Advocates) सपना सिकरवार (सर्विस प्रोवाईडर) 04, सदर बाजार मेनरोड़, इन्दौर (म.प्र.) मो.-8962272275 के माध्यम से कथित अनुबंधकर्तागण ललित सिंह आदि-2 द्वारा प्रकाशित करवाई गई जाहिर सूचना का प्रतिवाद मेरे पक्षकार सुनील पिता प्रभूलाल, निवासी-487, ग्राम मेंढ़िया, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) द्वारा निम्नानुसार प्रकाशित करवाया जाता है कि यह कि, मेरे पक्षकार सुनिल पिता प्रभूलाल, जाति-प्रजापत ने अपने स्वत्व, स्वामिव एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-27/12/2 रकबा 1.073 स्थित ग्राम-मॅढ़िया, तहसील व जिला-उज्जैन (म.प्र.) के संबंध में किसी भी कथित अनुबंधकर्ता से कोई मौखिक अथवा लिखित सौंदा कर अनुबंध-पत्र अथवा सौंदा चिट्ठी को नहीं लिखा है और ना ही कोई भी राशि उक्त संबंध में प्राप्त की है और ना ही कथित अनुबंधकर्तागण को जानते है तथा कथित अनुबंध-पत्र पर मेरे पक्षकार के हस्ताक्षर भी नहीं है। मेरे पक्षकार की उक्त भूमि को फर्जी तौर पर जाहिर सूचना प्रकाशित कर बेईमानीपूर्वक हड़पना चाहते है उक्त कथित अनुबंध और जाहिर सूचना से मेरे पक्षकार का कोई संबंध नहीं है। मेरे पक्षकार की उक्त भूमि के संबंध में उक्त कथित फर्जी अनुबंधकर्तागण से कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था कोई साँदा अथवा अनुबंध-पत्र निष्पादित कर उन्हें किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान नही करें। अन्यथा की दशा में स्वयं उनकी जवाबदारी होगी। मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नहीं होगी और ना ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगा। सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना का प्रतिवाद से उक्त संबंध में अवगत करवाया जाता है। सूचित हो। दिनांक 07-5-2026

**(सीताराम मदरोसिया) एडव्होकेट**
**46, देसाई नगर कॉलोनी (कम्युनिटी हॉल के पास)**
**उज्जैन, जिला-उज्जैन**
**मो. 9424014069,9826221039**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम उज्जैन

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाओं का आंमत्रण केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से लगसम आधार पर किया जाता है।

| नि.स.क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनु लागत | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य / प्रतिभूति राशि | समयावधि | निविदा क्रय एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_488167_2 | Execution of Balance work of Sewerage Network, Manhole, IC House Service Connection with Road Restoration of Sewer Zone 6 Part I under AMRUT-1.0 | 95649573/- | 20000/- 478247/- | 270 दिवस | 18-05-2026 |
| 2026_UAD_488169_2 | Execution of Balance work of Sewerage Network, Manhole, IC, House Service Connection with Road Restoration of Sewer Zone 6 Part II under AMRUT-1.0 | 90993327/- | 20000/- 454966/- | 270 दिवस | 18-05-2026 |
| 2026_UAD_488207_2 | Execution of Balance work of Sewerage Network, Manhole, IC, House Service Connection with Road Restoration of Sewer Zone 7 Part III under AMRUT-1.0 | 62372035/- | 20000/- 311860/- | 270 दिवस | 18-05-2026 |

निविदा संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना की जानकारी वेब साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन दर्शाई गई हैं।

कार्यपालन यंत्री
सीवरेज
नगर पालिक निगम, उज्जैन

आयुक्त
नगर पालिक निगम उज्जैन

## In The Court Of District and Session Judge, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री पूरनचंद्र गुप्ता**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCA/0000018/2026)**
**सुशील गुप्ता..............वादी**
**विरुद्ध**
**मेसर्स थिंक एंड लर्न प्रायवेट लिमिटेड मार्फत सीड ओ बायजू, ... प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक -18/06/2026**

प्रेषिती-

(1) मेसर्स थिंक एंड लर्न प्रायवेट लिमिटेड मार्फत सीइ ओ बायजू पिता रविन्द्रन पता आई बी सी नालेज पार्क 4/1 द्वितीय तल टावर डी बन्नेरघटटा मेन रोड बेंगलुरू 560029 (2) श्री रिजु पिता बायजू रवीन्द्रन पता- आई बी सी नालेज पार्क 4/1 द्वितीय तल टावर डी बन्नेरघटटा मेन रोड बेंगलुरू 560029 (3) श्रीमती दिव्या गोकुलनाथ पति बायजू रविन्द्रन पता- आई बी सी नालेज पार्क 4/1 द्वितीय तल टावर डी बन्नेरघटटा मेन रोड बेंगलुरू 560029 (4) श्री बायजू पिता रवीन्द्रन पता- आई बी सी नालेज पार्क 4/1 द्वितीय तल टावर डी बन्नेरघटटा मेन रोड बेंगलुरू 560029

यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 सुशील गुप्ता पिता स्व. श्री रामबाबू गुप्ता, उम्र-73 वर्ष, व्यवसाय- चिकित्सक, क्रं.2 श्रीमती सुधा गुप्ता पत्नि सुशील गुप्ता, उम्र-72 वर्ष, व्यवसाय गृहिणी, निवासीगण एस एस हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर 76, विक्रम मार्ग फ्रीगंज उज्जैन, क्रं.3 सुश्री अपूर्वा गुप्ता पुत्री श्री सुशील गुप्ता, उम्र-45 वर्ष, व्यवसाय- गृहणी, निवासी- गृह क्रमांक 1 विश्व ज्योति सहकारी समिति सूरज आई इंस्टीट्यूट के सामने, न्यू कालोनी नागपुर महाराष्ट्र, क्रं.4 मयंक गुप्ता पिता श्री सुशील गुप्ता, उम्र-47 वर्ष, व्यवसाय-चिकित्सक, निवासी- एस एस हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर 76, विक्रम मार्ग फ्रीगंज उज्जैन की ओर से न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड जिला उज्जैन अधिष्ठाता श्री अनुराग शर्मा द्वारा प्रकरण क्रमांक 7/2025 सुशील गुप्ता आदि वि. मेसर्स थिंक एंड लर्न प्राईवेट लिमिटेड आदि दिनांक 21/01/2026 के विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष एक रेग्युलर सिविल अपील अंतर्गत धारा 96 सहपठित आदेश 41 नियम 1 सीपीसी प्रथम अपील संस्थित की है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपरांजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी साखान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 05 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**पीसी गुप्ता**
**प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश उज्जैन मप्र**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड स्वामी श्रीमती उमा सोनवानी पति श्री पूरनलाल सोनेवानी, निवासी-एच-7/9 ऋषिनगर उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड क्रमांक-02 ब्लॉक-सी, जो कि भूमि सर्वे क्रमांक-49/3 रकबा 0.209 हेक्टर, 49/4 रकबा 0.209 हेक्टर एवं 49/5 रकबा 0.105 हेक्टर का भाग होकर वंश हिल्स ग्राम हामूखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-600.00 वर्गफीट या 55.74 वर्गमीटर है। भूखण्ड की चर्तुः सीमा में-पूर्व दिशा में-भूखण्ड अन्य का, पश्चिम दिशा में रास्ता कॉलोनी का, उत्तर दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-सी-1 एवं दक्षिण दिशा में-भूखण्ड सी-3 है। उक्त चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भूखण्ड़ पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-07.05.2026

**राजकुमार प्रजापत**
**एडवोकेट कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री कुन्दन पिता श्री छगनलाल, निवासी-09 सांवरिया परिसर, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-134/3/1/2 (एस) रकबा 0.2200 हेक्टर एवं 135/4/1/2 (एस) रकबा 0.0800 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.3000 हेक्टर ग्राम मतानाखुर्द, प. ह. नं.-00033 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री अर्जुन आंजना पिता श्री मोहनलालजी अंजना, निवासी-ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री अर्जुन आंजना के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-07.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामिनी श्रीमती दीपा जैन पति श्री प्रदीप जैन व्यवसाय व्यापार निवासी 41. तात्याटोपे मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) आधार नंबर 9346 2792 0725 से उनके एकमेव स्वत्य स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक भवन नया म्यु क्रमांक 14 का तल मंजिल वाला माग, एवं भवन नया म्यु क्रमांक 14-सी दोनों स्थित तात्याटोपे मार्ग, जिसका पुराना म्यु क्रमांक 14, गली क्रमांक 17 स्थित तात्याटोपे मार्ग एवं कालिदास मार्ग, उज्जैन में है जिसका तल मंजिल का कुल क्षेत्रफल 12.93 वर्ग मीटर, प्रथम मंजिल का कुल क्षेत्रफल 54.53 वर्ग मीटर एवं प्रथम मंजिल के ऊपर की खुली छत का कुल क्षेत्रफल 6438 वर्ग मीटर है को विक्रय करने के उद्देश्य से विक्रय अनुबंध पत्र किया गया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी भवनस्वामिनी को अदा कर दी है। अब शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष रहा है। विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार तय समयावधि में शेष बची राशि अदा करके विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष रहेगा। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान या किसी विभाग का कोई लेन देन बाकी हो, ऋण भार बाकी हो. स्वत्य या हित रखते हो, तो ऐसे व्यक्ति / संस्था इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति नय प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में करवा लिया जावेगा। इसके बाद कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों बंधनकारी नहीं होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 25.08.2025

**घनश्यामसिंह हंस, एडव्होकेट,**
**उज्जैन कार्या. चेम्बर 104, प्रथम मंजिल, कल्पतरू टॉवर, शास. माधव नगर अस्पताल, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9329410391**

## शुभम रावल शिवसेना के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**नीमच।** शिवसेना के संगठन विस्तार और मजबूती को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने नीमच जिले की कमान युवा और कर्मठ चेहरा शुभम रावल को सौंपी है। शिवसेना के प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर एवं रंजन स्वामी की अनुशंसा पर शुभम रावल को विधिवत शिवसेना नीमच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुभम रावल की यह नियुक्ति उनके द्वारा पिछले लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक और धार्मिक कार्यों को देखते हुए की गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रावल क्षेत्र में पीड़ित लोगों की आवाज उठाने, जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने और युवाओं के बीच अपनी विशेष लोकप्रियता के लिए जाने जाते हैं। उनके इन्हीं सेवाभावी कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। शुभम रावल की नियुक्ति की खबर मिलते ही नीमच जिले के शिवसैनिकों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

## पानी की मोटर में छुपाकर ले जाई जा रही एमडी ड्रग व अफीम जप्त

**मंदसौर।** कोतवाली पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्कूटी पर पानी की मोटर के भीतर मादक पदार्थ छुपाकर तस्करी के लिए रेलवे स्टेशन की ओर आ रहा है। घेराबंदी कर पुलिस ने ग्राम दावतखेड़ी निवासी इमरान पिता मीरगुल उर्फ बंटी पठान को पकड़ा। तलाशी लेने पर विद्युत मोटर की बॉडी के अंदर चतुराई से छुपाया गया 500 ग्राम एमडी ड्रग और 500 ग्राम अफीम बरामद हुआ। जब्त की गई ड्रग की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रुपये और अफीम की एक लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी की स्कूटी और मोबाइल भी जप्त किए हैं। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में शहर के कई अन्य संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, जिनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## 9 मई को कृति संस्था याद करेगी रविन्द्र नाथ टैगोर को

**नीमच।** शहर की सामाजिक संस्था कृति द्वारा बंगाली कैलेंडर के अनुसार कवि कुल गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती 9 मई को मनाई जाएगी द्य कृति संस्था द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और उनका पुण्य स्मरण प्रातः 9.30 बजे किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी और सचिव रघुनंदन पाराशर ने बताया की विश्व प्रसिद्ध साहित्य गीतांजलि रचना के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई जावेगी द्य संस्था के प्रचार सचिव कृष्णकुमार शर्मा ने संस्था के सदस्यों और नगर के साहित्य प्रेमियों से टैगोर प्रतिमा स्थल पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है ।

## तीन दिवसीय नि:शुल्क आत्मरक्षा एवं खेलकूद शिविर आज से

**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद्, शाखा-नीमच द्वारा नगर की बालिकाओं के लिए आत्म-निर्भरता एवं उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को देखते हुए, 8 से 19 वर्ष आयु समूह की बालिकाओं के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा एवं खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल एवं महिला प्रमुख श्रीमती सुनीता चैधरी, शिविर संयोजिका श्रीमती मीना जयसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 8 मई शुक्रवार से 10 मई रविवार तक बै्ट अग्रोहा भवन, गोमाबाई नेत्रालय मार्ग के सामने आयोजित किया जाएगा। शिविर के लिए 131 बालिकाओं का पंजीयन हो चुका है व पंजीकृत बालिकाएं ही शिविर में भाग ले सकेंगी।

## तहसीलदार ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्र कानिरीक्षण

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । आज एसडीएम रतलाम ग्रामीण श्री विवेक सोनकर ने प्रेस्टीज वेयरहाउस एवं तहसीलदार रतलाम शहर श्री ऋषभ ठाकुर ने धराड केन्द्र क्र 1 स्थित गेहूं उपार्जन केन्द्रो का निरीक्षण किया।

# ओर है न छोर है, यह सुशासन का दौर है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिनंदन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने बुधवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का परंपरानुसार स्वागत अभिनन्दन किया।

इस दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप उपस्थित रहे। रतलाम के समाजजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मनोनीत पदाधिकारियों द्वारा आयोजित स्वागत एवं धन्यवाद समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैसी नीयत होती है, ऊपरवाला वैसी ही बरकत देता है। हमारा प्रदेश देश में सुशासन के जरिए लोक कल्याण का पर्याय बन चुका है। लोक कल्याण के अवसर सबको मिलते हैं, लेकिन जो हृदय की गहराईयों से लोगों के कल्याण की सोच रखते हैं, ईश्वर उसकी मदद करते हैं।

हमारी सरकार लोक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्ध सोच, कर्मठता, समर्पण और नवाचारों के साथ आगे बढ़ रही है। आज प्रदेश के हर कोने में, हर छोर में सुशासन का दौर है। उन्होंने कहा कि हमने "विरासत से विकासइ्र की अपनी परम्परा को कायम रखते हुए जनहित में अधिकाधिक नवाचार अपनाकर प्रदेश की तरक्की के नए रास्ते बनाये हैं। प्रदेश की जनता की सेवा, कल्याण और सबके जीवन में खुशहाली लाने में हम कोई कसर नहीं रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि "सच्चा वादा- पक्का कामइ्र यही हमारी सरकार का मूलमंत्र है। प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वन पर्यटन बढ़ाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन बढ़ेगा तो प्रदेश में रोजगार बढ़ेंगे और इसका सीधा लाभ हमारे अपने नागरिकों को होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी और भी आयोग-निगम-मंडलों एवं विकास प्राधिकरणों में नियुक्ति की जाएंगी। प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सभी सुयोग्य व्यक्तियों को अवसर दिया जाएगा।

एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस अवसर पर रतलाम के विकास की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश के साथ विकसित रतलाम का संकल्प व्यक्त किया।

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव का रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, प्राधिकरण के उपाध्यक्षद्वय गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी, सदस्य राजेन्द्रसिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास एवं किरण महावर ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करके उन्हें जनकल्याण का सेवा दायित्व देने के लिए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय मंचासीन रहे। संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया।

### प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खण्डेलवाल का भी अभिनन्दन किया

रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह से पूर्व प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुँचकर प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खण्डेलवाल का भी एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में स्वागत, अभिनन्दन किया और नियुक्ति के लिए आभार जताया। उन्होंने प्रदेश कार्यालय परिसर में स्थित भाजपा के पितृपुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# खेती को लाभ का धंधा बनाना भाजपा का लक्ष्य

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस को घेरा

### कांग्रेस सिर्फ किसानों को भड़का रही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



भाजपा के नवगठित मंदसौर संभाग के मीडिया प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित अपनी पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति में सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए किसानों को भ्रमित कर रही है और नेशनल हाईवे पर चक्काजाम जैसे प्रदर्शन कर प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सिसोदिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए ७८ लाख टन गेहूं खरीदी के लक्ष्य को मुख्यमंत्री के आग्रह पर बढ़ाकर १०० लाख टन कर दिया गया है और आवश्यकता पड़ने पर इसे और भी बढ़ाया जाएगा।

पूर्व विधायक सिसोदिया ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो कार्य भाजपा ने 20 वर्षों में किए, वे कांग्रेस 55 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने मुलताई गोलीकांड और कमलनाथ सरकार की कर्जमाफी के वादों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को किसान विरोधी बताया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गेहूं के समर्थन मूल्य में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है और मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ 2585 रु. के समर्थन मूल्य पर 40 रुपये का अतिरिक्त बोनस देकर 2625 रु. प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। सिसोदिया ने कृषि क्षेत्र में भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार जीत चुका है और बासमती चावल से लेकर गेहूं तक का विदेशों में निर्यात कर रहा है।

सिंचाई और आर्थिक सहायता के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार गांधीसागर से लेकर संजीत क्षेत्र तक सूक्ष्म सिंचाई योजना के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जहाँ कांग्रेस के समय किसानों को 17 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, वहीं भाजपा सरकार २५ हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करा रही है।

पत्रकार वार्ता के अंत में संभाग के तीनों जिलों में गेहूं खरीदी के आंकड़े भी साझा किए गए। मंदसौर जिले में अब तक 1 लाख 30 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, सिसोदिया ने विश्वास दिलाया कि उपार्जन केंद्रों पर टोकन व्यवस्था के माध्यम से पारदर्शी तरीके से खरीदी जारी है और किसी भी किसान को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

## डॉ. मुखर्जी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक सक्रियता को धार देने के उद्देश्य से च्तपोभूमिच जिला भाजपा कार्यालय पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन को अभेद्य बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में विधायक दिलीपसिंह परिहार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चैपडा, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमन्त हरित, मण्डल प्रभारी योगेश जैन, मण्डल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत, मण्डल महामंत्री विक्की छाबडा मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत ने दिया। क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की असली शक्ति हमारे बूथ और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता हैं। जो कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पसीना बहाएगा, उसे संगठन में प्राथमिकता दी जाएगी।

# महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस, गैस सिलेंडर को पहनाई माला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने शहर में सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में हाल ही में की गई करीब ९९३ रूपए की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने अनोखे तरीके से विरोध जताते हुए गैस सिलेंडर को माला पहनाकर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की और सरकार की आर्थिक नीतियों को आमजन विरोधी बताया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह 8 से 10 बजे तक चले इस विशेष जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे और सीधे दुकानदारों, चाय-नाश्ते के ठेला संचालकों, होटल व्यवसायियों और अन्य छोटे व्यापारियों से संवाद किया। इस दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं। उनका कहना था कि गैस सिलेंडर की कीमतों में अचानक हुई भारी वृद्धि से उनके रोजमर्रा के खर्च में भारी इजाफा हुआ है, जिससे मुनाफा तो दूर, लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। कई व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि इसी तरह महंगाई बढ़ती रही, तो उन्हें अपना व्यवसाय बंद करने की नौबत आ सकती है। कांग्रेस नेताओं ने इस मूल्य वृद्धि को आम आदमी और छोटे व्यापारियों पर सीधा आर्थिक बोझ बताते हुए इसे जेब पर डाका करार दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो इस आर्थिक संकट से जूझ रहा है। बाहेती ने स्पष्ट किया कि जब तक आमजन को राहत नहीं मिलती और कीमतों पर नियंत्रण नहीं होता, तब तक कांग्रेस का यह विरोध और संघर्ष लगातार जारी रहेगा। जनसंवाद के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों को बढ़ती महंगाई के दुष्परिणामों से अवगत कराया और सरकार की नीतियों के खिलाफ जागरूकता भी बढ़ाई। यह कार्यक्रम शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों से होकर गुजरा, जहां आम लोगों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और कई स्थानों पर कांग्रेस के इस अभियान को समर्थन मिला। कार्यक्रम में जावद विधानसभा प्रभारी चन्द्रशेखर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल चोरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू लोक्स, ओम दीवान आदि उपस्थित थे।

# महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को दस करोड़ की मानहानि का नोटिस : बीजेपी

### विधायक चिंतामणि मालवीय पर लगाए थे महिला उत्पीडन के आरोप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले की आलोट से बीजेपी विधायक डॉ चिंतामणि मालवीय ने मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया को मानहानि का नोटिस भेजा है। विधायक ने अपने वकील के माध्यम से रीना बोरासी को 10 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस दिया है। रीना बोरासी द्वारा मीडिया में दिए गए उन बयानों को लेकर यह नोटिस भेजा गया है जिनमें बोरासी ने विधायक पर यौन शोषण और अवैध कब्जे जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। विधायक ने एक स्थानीय चैनल को भी लीगल नोटिस भेजा है।रीना बोरासी ने कुछ दिन पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल से लोकभवन भोपाल में मुलाकात के बाद मीडिया को बयान दिया था। जिसमें उन्होंने विधायक पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने एक महिला को लेकर कहा था कि उस महिला ने मुझे एफिडेविट के साथ सुबूत दिए हैं। वही राज्यपाल को देने आई हूं। मप्र का एक नेता, विधायक और पूर्व सांसद इस तरह से महिलाओं पर अत्याचार करेगा। उनका योन शोषण करेगा, उसके घर और पैतृक जमीन पर कब्जा करेगा। अपने 25-30 गुंडों को भिजवाकर यशटर तोड़े, 70 साल की महिला पर अत्यावार किया। मेरी सरकार और राज्यपाल से मांग है कि संबंधित की विधायकीर रद्द की जाए। नोटिस में विधायक की ओर से कहा गया है कि वे एक उच्च शिक्षित जनप्रतिनिधि हैं और समाज में उनकी प्रतिष्ठा है। रीना बोरासी ने बिना किसी ठोस प्रमाण के केवल चुनावी रंजिश और राजनीतिक द्वेष के चलते उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से ये झूठे आरोप लगाए हैं। विधायक का तर्क है कि पृथ्वी चक्र चैनल और सोशल मीडिया पर प्रसारित यह इंटरव्यू पूरी तरह से षड्यंत्र का हिस्सा है।

# कस्तूर मुनि पावन धाम का 17 मई को होगा लोकार्पण

### पत्रिका लेखन विधि जैन दिवाकर भवन में हुई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



मालव रत्न उपाध्यक्ष श्री कस्तूरचंद जी की स्मृति में बने श्री कस्तूर मुनि पावन धाम के पहले चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसका लोकार्पण एवं दूसरे चरण का भूमि पूजन 17 मई को खाचरोद रोड पर सेजावता के समीप आयोजित होगा। इस अवसर पर आगम मनस्वी विजय मुनि जी तीर्थ दक्षिण भूषण जैन मार्तंड उपाध्यक्ष श्री गौतम मुनि जी म स प्रथम प्रवचन कार उप प्रवर्तक श्री चंद्रेश मुनि जी एवं आगम ज्ञात सेवाभावी वैभव मुनि जी आदि थाना चार मिश्रा प्रदान करेंगे।

आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी संदीप राँका एवं सुभाष टुकडिया ने बताया कि कार्यक्रम आगम मनस्वी विजय मुनि जी तीर्थ दक्षिण भूषण गौतम मुनि जी महाराज साहब प्रथम प्रवचन कर उप प्रवर्तक श्री चंद्रेश मुनि जी एवं आगम ज्ञात सेवाभावी वैभव मुनि जी आदि ठाणा चार निश्रा प्रदान करेंगे ।

अनुष्ठान में आराधी का महाशति डॉक्टर कुमुद लता जी मधुर गायिका महासती डॉक्टर महाप्रज्ञा जी महासती डॉक्टर पदम कीर्ति जी एवं डॉक्टर राज कीर्ति जी आदि ठाणा चार की उपस्थिति रहेगी । समारोह की पत्रिका लेखन विधि जैन दिवाकर भवन में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ श्री कस्तूर मुनि जी पावन धाम ट्रस्ट मन्नालाल ट्रस्ट जैन दिवाकर नवयुवक मंडल एवं जैन दिवाकर महिला मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई ।

इस दौरान कस्तूर धाम ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश मेहता, सचिव सूजन को चटा ,बसंती लाल चपडोद, पारसमल बरडिया, पुखराज कोचट्टा, सुशील चपलोद ,श्रीपाल कोचट्टा, पारसमल गादिया ,आकाश जैन ,अजीत राँका , चंद्रप्रकाश ओसवाल ,विनोद लूनिया ,सुरेंद्र कोचट्टा, दिलीप चतर ,राहुल राँका , विजय नाहर ,आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज कालम



## महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड को भेंट की बेंचें

**मन्दसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मानवता की मिसाल पेश करते हुए जिला चिकित्सालय के नए शिशु वार्ड में मरीजों के परिजनों की सुविधा हेतु आरामदायक बेंचें भेंट की गईं। यह सेवा कार्य वरिष्ठ समाजसेवी चमेली बाई के सौजन्य से भूपेंद्र कुमार-अंगूरबाला पितलिया की विवाह वर्षगांठ और अनमोल पितलिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन ने महिला प्रकोष्ठ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सक्षम परिवारों को अपने मांगलिक अवसरों पर ऐसे सेवा कार्य करने चाहिए जिससे जरूरतमंदों को सीधा लाभ मिले। गौशाला अध्यक्ष संजय लोढ़ा और भाजपा नेता अनिल कियावत ने भी इस पहल को अनुकरणीय बताया। महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज की विभिन्न महिला पदाधिकारी और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों का उत्साह बढ़ाने के लिए लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया।

## कांग्रेस सेवादल ने संस्थापक डॉ. एन. एस. हार्डिकर की जन्म जयंती मनाई



**मंदसौर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 138वीं जन्म जयंती के अवसर पर कांग्रेस सेवादल द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार देवड़ा ने डॉ. हार्डिकर के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने 1923 में हिंदुस्तान सेवादल की स्थापना की थी और वे देश की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहे। उनके योगदान के लिए उन्हें 1958 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और सेवादल पदाधिकारियों ने उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मोहनपुरी, प्रदीप बड़ोदिया, दशरथ राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता और महिला नेत्री उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राकेश सेन सम्राट द्वारा किया गया।

## मंदसौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 48 रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य पूर्ण

**मन्दसौर।** प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले में जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पंचायत द्वारा चयनित कुल 180 कार्यों में से 48 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 84 कार्यों पर निर्माण प्रक्रिया तेजी से जारी है। इन संरचनाओं के माध्यम से शासकीय भवनों में वर्षा जल का सीधे भूमि के भीतर संचय किया जा सकेगा, जिससे गिरते भू-जल स्तर में सुधार होगा और भविष्य में जल संकट से राहत मिलेगी। अभियान के तहत केवल हार्वेस्टिंग ही नहीं, बल्कि कंटूर ट्रेंच, पकोर्लेशन तालाब, अमृत सरोवर और खेत तालाब जैसे कार्यों के माध्यम से भी जल पुनर्भरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार और सार्वजनिक प्याऊ की स्थापना पर भी जोर दिया है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे वर्षा जल संचयन को अपनाकर जल सुरक्षित भविष्य के निर्माण में सहभागी बनें।

## रतनगढ़ के गांव में घर की खिड़की की ग्रिल तोड़कर 25 लाख की चोरी

**नीमच ।** रतनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चामुण्डिया में एक घर हुई 25 लाख रुपए से अधिक की चोरी को क्या बदमाशों ने अंजाम दे दिया। ग्रामीणों की माने तो यह सुनियोजित रेकी के बाद अंजाम दी गई बड़ी साजिश है। हालांकि अब तक मामले में पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगे हैं, पर दावा किया जा रहा है कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। ग्राम चामुण्डिया निवासी अतिथि शिक्षक राधेश्याम धाकड़ के घर 3-4 मई की देर रात चोरी की यह वारदात हुई। घटना के समय उनकी पत्नी घर के बाहर बरामदे में सो रही थीं, जबकि बदमाशों ने बेहद शातिर तरीके से घर में प्रवेश किया। पड़ताल में सामने आया है कि चोरों ने खिड़की की लोहे की ग्लि को उखाड़कर उसी रास्ते से अंदर दाखिल हुर और सीधे कीमती सामान तक पहुंचे। सीधे निशाने पर जेवरात, बाकी सामान नहीं हुआ- बदमाशों ने घर के अंदर पहुंचकर करीब 14 तौले से अधिक सोने के आभूषण, सवा किलो से ज्यादा चांदी तथा नकद पर हाथ साफ कर दिया। इस तरह अज्ञात बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाते एक आरोपी गिरफ्तार, एक करोड़ से अधिक का हिसाब जप्त

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में थाना वायडी नगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए एक सटोरिये को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इंदिरा कॉलोनी निवासी इमरान पिता याकुब शाह को पकड़ा, जो मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा उतार रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक एंड्रायड मोबाइल जप्त किया है, जिसमें १ करोड़ 14 लाख 66 हजार 150 रुपये का हिसाब मिला है। इसके अतिरिक्त 50 हजार रुपये नगद और हिसाब की डायरी भी बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उज्जैन निवासी राहुल भावसार से आईडी लेकर सट्टा चला रहा था और खानपुरा निवासी असलम को मास्टर आईडी देकर सट्टा लिखवाता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु जय कन्हैयालाल के लगे जयकारे

**कानड़।** समीपस्थ ग्राम कोहडिया में चल रही सप्तद्विसीय श्रीमद् भगवत कथा के चतुर्थ दिवस मे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम



से मनाया गया।2 मई से प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मे जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव के दिन गोकुल में नंद बाबा ओर यसोदा मैया के यहां सभी गोकुलवासियों ने आकर नंद बाबा शसोदा मैया को बधाई दी ओर नृत्य करते हुए बडी धूमधाम के साथ नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयकारे लगाए गए उसी प्रकार गांव कोहडिया में हनुमान मंदिर पर कथा पांडाल में सभी श्रोता गण व यजमान जो की यज्ञ मे बेठे हुए थे। उनके साथ सभी गांव वालों ने बड़े हर्ष ओर उल्लास के साथ एक स्वर मे नंद के घर आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की का उद्घोष किया। इसके पूर्व कथा का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास पंडित जय प्रकाश शर्मा के मुखारविंद से अन्य प्रसंग जैसे की ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, अजामिल आख्यान, समुद्र मंथन, वामन अवतार और श्री राम कथा का बड़े ही सुंदर रूप मे वर्णन किया गया । इन्हीं कथाओं के अंतर्गत मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने के लिए मनुष्य में तीन बातें दान, दया ओर दमन के बारे में बताया कथा वाचक पंडित जय प्रकाश ने कहा कि मनुष्य जीवन मे दान करना, दूसरो के ऊपर दया करना ओर अपनी इंद्रियों का दमन करना ये तीन बाते मनुष्य करे तो वह देवता बन जाता है।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, चालक फरार



**सुसनेर।** नगर के डग रोड चौराहा क्षेत्र में गत रात्रि करीब 8:30 बजे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक लखन पिता बालू सिंह राजपूत, निवासी कड़ियां है। उसे रेत-चूरी से भरे डंपर ने जोरदार टक्कर मारी। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं घायल का अस्पताल में उपचार जारी है।

## म.प्र. स्पोर्ट्स कराटे सब जूनियर चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने 2 ब्रांज मेडल हासिल किए



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के 9 खिलाड़ियों का चयन जिले की राजगढ़ कराटे टीम में हुआ यह खिलाडी मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल में 1 मई से 4 मई तक आयोजित हुई ,क्रीड़ा भारती मध्य भारत प्रान्त राजगढ़ जिला मंत्री ओर राजगढ़ कराटे संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की जिले के हिमाशु सुखवानी पिता राजू सुखवानी ने 13 वर्ष वर्ग में 40 किलो में 4 फाइट जीत कर ब्रांज मेडल, केशव सक्सेना पिता प्रमोद सक्सेना ने 8 वर्ष वर्ग में -25 वेट कैटगरी में फाइट जीतकर ब्रांज मेडल, अवयुत सेन पिता जितेन्द्र सेन, नीतिका प्रजापति पिता दिनेश प्रजापति, अवनी शर्मा पिता योगेश शर्मा, क्रूतीका गौड़ पिता पवन गौड़, वर्णिका मेवाड़े पिता शुभम मेवाड़े, राजीव मकवाना पिता रघुवीर सिंह मकवाना ने राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व कर अपना और अपने जिले का नाम गौरान्वित किया। मेडल प्राप्त इन 2 खिलाड़ियों तथा अन्य 7 खिलाड़ियो का स्वागत क्लब ग्राउंड स्थित कराटे एके-डमी में किया गया ,नगर तथा राजगढ़ जिले का नाम राज्यीय स्तर पर पहुंचाने के इस गौरान्वित पल पर क्रीड़ा भारती और कराटे संघ के पदाधिकारी, कंचन सोनी, सचिन शर्मा, विशाल भरथरे, अरविन्द तोमर, सुनील बाफना, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिची, गौरव अग्रवाल, इन्द्रनारायण श्रीवास ,सुनील जाटव, विक्रम गुर्जर, सुभाष जंगले नगर और जिले के विभिन्न खिलाड़ियों और इनके इष्टमित्रो ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महिदपुर में प्रोजेक्ट संवर्धन से बच्ची के स्वास्थ्य में बड़ा सुधार



**महिदपुर।** जनपद क्षेत्र के ग्राम लाखाखेड़ीनाहरपुर में शासन की प्रोजेक्ट संवर्धन योजना के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्ची प्रियांशी के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति का अवलोकन किया गया। ए.एन.एम. उषा गोयल ने बताया कि जन्म के समय बच्ची का वजन 3 किलोग्राम था, जो नियमित पोषण, स्तनपान एवं स्वास्थ्य निगरानी के कारण बढ़कर 7 किलो 100 ग्राम हो गया। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ एवं सक्रिय पाई गई। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री कुमट ने ए.एन.एम. उषा गोयल के कार्य, समय प्रबंधन एवं सतत मॉनिटरिंग की प्रशंसा की। साथ ही सभी स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं को अन्य बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### प्रशासनिक उदासीनता एवं हठधर्मी के चलते मुख्यमंत्री द्वारा 1 जनवरी 2026 में भूमि पूजन करने के बाद भी

## नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए आज तक भूमि आवंटन नहीं करना प्रोटोकॉल का उल्लंघन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद



25 मार्च 2026 को जनपद परिषद द्वारा प्रस्ताव क्रमांक 4 पारित कर भूमि आवंटन हेतु कलेक्टर को भेजा प्रस्ताव। स्थानीय अधिकारियों द्वारा जानबूझकर भूमि आवंटन प्रकिया को लंबित रख जनपद पंचायत परिषद की छवि जनता के बीच खराब करने का किया जा रहा है प्रयास । खाचरोद - कलेक्टर, कमिश्नर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी स्थानीय राजस्व अधिकारियों की हठधर्मिता एवं गंभीर उदासीनता के चलते जनपद पंचायत कि अपनी स्वयं की भूमि होने के पश्चात भी बार बार मांग करने पर भी आवंटित नहीं की जा रही है जिस के चलते नवीन भवन निर्माण में काफी विलंब हो रहा है।

उक्त आशय की शिकायत जनपद पंचायत अध्यक्ष कुं पृथ्वीराज सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री से की है। पत्र में मुख्यमंत्री का इस ओर भी ध्यान आकर्षित कराया आपके द्वारा 1 जनवरी 2026 को खाचरोद आगमन पर सर्वे क्र. 984 जो कि जनपद की स्वयं की भूमि है इस पर भूमि पूजन स्थानीय अधिकारियों द्वारा कराया जा चुका है चार माह बीतने के बाद भी बार बार मांग करने पर भी S.D.M व तहसीलदार द्वारा नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि का आवंटन नहीं किया जाना सरासर मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है। गत दिनों जनपद पंचायत परिषद द्वारा सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित कर नवीन भवन निर्माण हेतु सर्वे क्र. 984 पर जहां पर्याप्त शासकीय भूमि है भूमि आवंटन शीघ्र करने कि मांग भी की गई है लेकिन स्थानीय अधिकारी ऐसा रवैया अपना रहे हैं जैसे उनसे उनकी निजी भूमि की मांग की जा रही हो और आवंटन में देरी कर रहे हैं। पवांर ने पत्र में यह भी लिखा है कि प्रदेश के मुखिया से भूमि पूजन सर्वे क्र 984 पर करवाया टैंडर प्रकिया भी पूर्ण हो चुकी है ठेकेदार भवन निर्माण करने के लिए तैयार हैं लेकिन कलेक्टर कमिश्नर के निदेशों का पालन S.D.M तहसीलदार नहीं कर रहे हैं जिससे जनहित की योजनाओं का क्रियान्वयन लम्बे समय से रुका हुआ है।

पंवार ने बताया कि जनपद पंचायत परिषद द्वारा नवीन भवन हेतु भूमि आवंटन हेतु सवार्नुमति से प्रस्ताव क्रमांक 4 पारित कर सर्वे क्रमांक 984 पर कलेक्टर को प्रेषित किया गया है लेकिन आज दिनांक तक भूमि आवंटन नहीं करना मुख्यमंत्री द्वारा किए गए भूमि पूजन प्रोटोकॉल का सरासर उल्लंघन किया जा रहा है। पंवार ने बताया कि एक तरफ तो शासन एक परिसर में सभी कार्यालय संचालित करने की बात जोरो से कर रही है वहीं जनपद पंचायत के नवीन भवन निर्माण के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि S.D.M कार्यालय के समीप हे तो फिर नवीन जनपद भवन के लिए भूमि आवंटन करने में आनाकानी क्यों की जा रही है। क्यों स्थानीय प्रशासन द्वारा हठधर्मिता अपनाई जा रही है यदि शीघ्र ही 5 करोड़ 25 लाख से निर्मित होने वाले जनपद भवन के लिए सर्वे क्र 984 पर एक सप्ताह में भूमि आवंटन करने की कार्यवाही नहीं की गई तो स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जनआंदोलन किया जाएगा।

### सुसनेर भाजपा मंडल की कामकाजी बैठक का हुआ आयोजन

## भाजपा कार्यकर्ता व्यक्ति नहीं, विचार-धारा के लिए काम करता है - मालवीय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



भाजपा मंडल की कामकाजी बैठक का आयोजन बुधवार को जिलाध्यक्ष ओम मालवीय के मुख्य आतिथ्य, मण्डल प्रभारी आभा चोपड़ा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र सिंह चंद्रावत व सजनसिंह कलारिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव के विशेष आतिथ्य व मण्डल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन की अध्यक्षता में सोयत रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में हमारी सरकार है इसके पीछे पार्टी के कार्यकताओं का संघर्ष है। भाजपा का कार्यकर्ता व्यक्ति के लिए नही विचार धारा के लिए काम करता है। यही कारण है कि आज पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनी है। जिलाध्यक्ष ने बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति पर बधाई देते हुए कार्यकताओं की पार्टी के प्रति समर्पण की सराहना की। जिला उपाध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी आभा चोपड़ा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रत्येक पदाधिकारी प्रवास करे इसके लिए रचनात्मक बैठके संगठन नेतृत्व ने शुरू की। यही हमारी सफलता का मंत्र होगा। स्वागत भाषण अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन ने दिया।

संचालन मण्डल महामंत्री लखन सेन ने किया व आभार कालुसिंह नाहरखेड़ा ने माना। इस अवसर पर मण्डल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहें। जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने दी।

## सुसनेर में हुए दिनदहाड़े गोली कांड में 4 आरोपियों पर केस दर्ज

**सुसनेर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई दिनदहाड़े फायरिंग की घटना ने क्षेत्र में दहशत फैला दी। बाइक सवार बदमाशों ने मां-बेटे को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार मगरिया निवासी विष्णु गुर्जर अपनी मां धापुबाई (उम्र करीब 55 वर्ष) के साथ सुसनेर से खरीदारी कर वापस गांव लौट रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे जब वे रामगढ़ के रास्ते सोयत-सुसनेर रोड पर गोपाल पाटीदार के घर के पास पहुंचे, तभी पीछे से दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आरोपियों ने उनका पीछा किया और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली धापुबाई को जा लगी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। फरियादी विष्णु गुर्जर की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुल्तानसिंह, एलकारसिंह, ईश्वरसिंह और हेमराज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। फायरिंग के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

## नागदा से मथुरा के बीच ब्रॉड गेज रेल्वे रूट पर तीसरी और चौथी रेल लाइन को मिली मंजूरी

**महिदपुर रोड।** मुंबई दिल्ली ब्रॉडगेज रेल्वे ट्रैक पर शीघ्र ही मथुरा से नागदा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन को मंजूरी मिलने से यात्री गाड़ियों को छोटे- छोटे बड़े स्टेशनों पर रोक कर गुड्स ट्रेनों को गुजारने से यात्रियों को होने वाली दिक्कतों से मुक्ति मिलेगी इस संबंध में रेल्वे प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मुंबई दिल्ली ब्रॉड गेज रेल्वे ट्रैक पर मथुरा से नागदा के बीच तीसरी तथा चौथी रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है केंद्र सरकार के आर्थिक मामलों की समिति की इस स्वीकृति से मध्य प्रदेश राजस्थान उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के छोटे-बड़े स्टेशनों सहित पर्यटन परिवहन तथा अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी वही दूसरी और रेल्वे की गुड्स ट्रेनों के साथ साथ सुपरफास्ट ट्रेनों के भी साथ अन्य यात्री ट्रेनों को भी सुपर फास्ट ट्रेनों को पहले निकालने की प्रक्रिया में लोकल यात्री ट्रेनों को रेल्वे स्टेशनों पर रेल्वे प्रशासन को बेवजह खड़ा रखना नहीं पड़ेगा।

### देवास पुलिस ने 5 चोरी का खुलासा किया

## नाबालिग समेत 6 आरोपी गिरफ्तार 15 लाख के वाहन और बकरे चुराए थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में बकरों और वाहनों की चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने बुधवार को पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में एक नाबालिग सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार मोटरसाइकिल, एक कार और दो बकरे सहित करीब 15 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद किया है।

#### बकरे चोरी के बाद जांच शुरू की

पुलिस के अनुसार, 1-2 मई की रात ग्राम गदेशियापिपलिया, हवनखेड़ी और संजयनगर क्षेत्रों से मोटरसाइकिल और बकरों की चोरी की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष अभियान चलाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने ह्यऑपरेशन त्रिनेत्रह्न के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और डिजिटल ट्रेल के आधार पर संदिग्धों की पहचान की।

#### पूरे गिरोह का भंडफोड़ हुआ

जांच के दौरान पुलिस ने टोंककला स्थित कंजर डेरे में दबिश दी, जहां से गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने क्षेत्र में हुई सभी चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में राज झाला (21), युवराज झाला (20), जतिन हाड़ा (19), अमन चौहान (20), महेंद्र कुमावत (30) और एक नाबालिग शामिल है। पुलिस का कहना है कि गिरोह सुनसान इलाकों को निशाना बनाकर रात के समय वारदात को अंजाम देता था।

### नगर निगम ने दो घंटे में पूरा इलाका खाली कराया, नहीं मानने पर जेसीबी चलवाई

## देवास में मक्सी रोड ब्रिज के नीचे अतिक्रमण हटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास




देवास में कलेक्टर के सख्त निदेशों के बाद बुधवार शाम नगर निगम ने मक्सी रोड ब्रिज के नीचे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान में अस्थायी दुकानों और ढांचों को हटाया गया।

नगर निगम की टीम बुधवार शाम करीब 5 बजे मक्सी रोड ब्रिज के नीचे पहुंची। टीम ने ब्रिज के नीचे लगी अस्थायी दुकानों और टीन शेड को हटाया। कुछ अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ा भी गया।

#### विरोध पर भी कार्रवाई जारी रही

कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने विरोध किया और कार्रवाई रोकने की मांग की। हालांकि नगर निगम ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध के बावजूद टीम ने सख्ती से दुकानों के आगे रखे सामान और अवैध कब्जों को हटाया।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई को देखते हुए कई लोगों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लिया। नगर निगम ने इस दौरान चालानी कार्रवाई भी की और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

नगर निगम की टीम ने लगभग दो घंटे से अधिक समय तक अभियान चलाकर ब्रिज के नीचे के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान कुछ सामान जब्त किया गया और ब्रिज के नीचे पड़ी निर्माण सामग्री भी हटाई गई।



## पोस्ट ऑफिस में एक दिवसीय आधार अपडेट शिविर का आयोजन

**मक्सी।** 9 मई शनिवार को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मक्सी डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट आदी आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान के दौरान संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकी अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। नागरिकों से अनुरोध है की दिनांक 9 मई के आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अभियान हेतु दिनांक 7 एवं 8 को डाकघर में टोकन प्रदान किए जायेंगे वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण करा सकते हे। मक्सी पोस्ट ऑफिस द्वारा नागरिकों से अपील है की वे दिनांक 9 मई शनिवार को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मक्सी डाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठा सकते हे।

## हज यात्रा पर जा रहें हाजियों का किया इस्तकबाल



**सारंगपुर।** मुस्लिम समाज की पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना हज यात्रा पर जा रहें पाडल्या माता निवासी हाजी मुमताज मंसूरी, हाजी फकीर मोहम्मद व उनकी पत्नीयों एवं हाजी सद्दाम मंसूरी व उनकी वाल्दा का जामा मस्जिद के सामने मुस्लिम समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर परिजनों, मित्रों और समाजजनों ने फूल-मालाओं, मिठाई खिलाकर हाजियों का इस्तकबाल किया और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हाजियों से अपने हक व देश और समाज की खुशहाली के लिए दुआ करने का आग्रह किया। हज यात्रा इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में से एक मानी जाती है, जिसे हर मुस्लिम अपने जीवन में कम से कम एक बार पूरा करने की इच्छा रखता है। हाजियों ने कहा कि वे इस पवित्र यात्रा को लेकर अत्यंत उत्साहित हंय और सभी के लिए अमन, शांति और भाईचारे की दुआ करेंगे। इस मौके पर हाजी शफीक बाबू मंसूरी , हाजी फकीर मोहम्मद सेठ, ईशाक मोहम्मद,सहित अन्य समाजसेवी भी मौजूद रहे।

## पूर्व पार्षद हज के लिए रवाना, समाज जनों ने स्वागत कर दी मुबारकबाद



**सारंगपुर।** हज के मुकद्दस सफर पर रवाना हो रहे पूर्व पार्षद इखलास अंसारी का मंगलवार रात्रि में फूल-मालाओं के साथ जोरदार इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और मित्रों ने उन्हें मुबारकबाद पेश की और उनके सफल व आसान सफर के लिए दुआएं मांगी। इखलास अंसारी के हज पर जाने की खुशी में पूर्व पार्षद रफीक मंसूरी, मुजीब पटेल, हाफिज मंसूर और मास्टर नासिर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। सभी ने फूल मालाएं पहनाकर उन्हें विदा किया और इस रूहानी सफर के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित साथियों ने अल्लाह रब्बुल इज्जत से दुआ की कि श्री अंसारी का यह सफर आसान हो, उनकी इबादत और हज कबूल हो और वे खैरियत के साथ मुकद्दस मकामात की जियारत कर वतन वापस लौटें।

## महिदपुर में विशेष आधार अपडेट अभियान 9 मई को

**महिदपुरा।** उपडाकघर में दिनांक 9 मई को प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक विशेष आधार अपडेट अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न कार्य जैसे बायोमेट्रिक अपडेट, मोबाइल नंबर अपडेट, नाम एवं पता संशोधन तथा नए आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा। मुख्य पोस्ट ऑफिस अधिकारी ने क्षेत्र के अधिक से अधिक नागरिकों से अभियान का लाभ लेने की अपील की है।

## सुसनेर में नए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने संभाला पदभार

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर के आदेशानुसार सुसनेर न्यायालय में नए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में महेश लाछोरिया ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जारी आदेश के मुताबिक लाछोरिया पूर्व में आगर-मालवा में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के पद पर पदस्थ थे जहां से उनका स्थानांतरण सुसनेर के रिक्त पद पर किया गया है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने न्यायालयीन कार्यों की शुरूआत कर दी है। उनकी नियुक्ति से सुसनेर क्षेत्र में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय अधिवक्ताओं एवं नागरिकों ने उनके आगमन का स्वागत करते हुए न्याय व्यवस्था में मजबूती की आशा व्यक्त की है।

# नोरा फतेही ने अश्लील गाने पर माफी मांगी...

## महिला आयोग से बोलीं- अब ऐसे आइटम सॉन्ग नहीं करूंगी; अश्लीलता फैलाने का इरादा नहीं था

फिल्म 'केडी द डेविल' के गाने 'सरके चुनर' में अश्लीलता फैलाने के मामले में गुरुवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। नोरा ने आयोग को लिखित माफीनामा सौंपा और स्पष्ट किया कि उनका इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। नोरा ने महिला आयोग से कहा की आगे से वे ऐसे आइटम सॉन्स नहीं करेंगी जिससे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचे या समाज में महिलाओं के प्रति गलत संदेश जाए। इसी के साथ नोरा ने अनाथ बच्चियों के की शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी ली है।

### 'मुझे हिंदी वर्जन की जानकारी नहीं थी'

दिल्ली में महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर के सामने पेश होने के बाद नोरा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैंने लिखित में माफी मांग ली है। एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी जिम्मेदारी समझती हूं। मेरा इरादा किसी को आहत करने का नहीं था, लेकिन यह एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मुझे डाल दिया गया था। इससे पहले नोरा ने दावा किया था कि उन्होंने केवल कन्नड़ वर्जन के लिए शूटिंग की थी और उनकी सहमति के बिना इसे हिंदी में डब किया गया।





### अनाथ लड़कियों की पढ़ाई का उठाएंगी खर्च

माफी मांगने के साथ ही नोरा ने घोषणा की कि वह अनाथ लड़कियों की शिक्षा को स्पॉन्सर करेंगी। नोरा ने कहा, ₹समाज को वापस लौटाना बहुत जरूरी है। इसलिए मैंने तय किया है कि मैं कुछ अनाथ बच्चियों की पढ़ाई का खर्च उठाऊंगी।

### संजय दत्त भी मांग चुके हैं माफी

बता दें कि पिछले महीने इसी गाने को लेकर अभिनेता संजय दत्त भी ठउह के सामने पेश हुए थे। उन्होंने भी लिखित माफीनामा देते हुए खेद जताया था। सुधारात्मक कदम के रूप में संजय दत्त ने 50 आदिवासी बच्चियों की शिक्षा का खर्च उठाने का वादा किया था। आयोग ने गाने में इस्तेमाल किए गए शब्दों और महिलाओं के चित्रण पर कड़ा ऐतराज जताया था।

क्या है 'सरके चुनर' विवाद? यह विवाद 15 मार्च को फिल्म के हिंदी वर्जन गाना रिलीज होने के बाद शुरू हुआ था। गाने के बोल को लेकर सोशल मीडिया पर काफी गुस्सा देखा गया। लोगों ने इसे महिलाओं का अपमान और बेहद अश्लील बताया। विवाद बढ़ता देख मेकर्स ने यूट्यूब से गाना हटा लिया था। इस गाने की आलोचना रवि किशन, कंगना रनौत और सिंगर अरमान मलिक जैसे कई सेलेब्स ने भी की थी।

पिछले महीने महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर इस गाने पर स्वतः संज्ञान लिया था। आयोग का कहना था कि गाने के बोल और कोरियोग्राफी पहली नजर में यौन संकेत देने वाले और आपत्तिजनक हैं।



# सिंगर ने उठाया थलापति विजय की पार्टी पर सवाल

## कार्यकर्ता की सेक्शुअल हैरेसमेंट मामले में गिरफ्तारी हुई, चिनमई श्रिपदा बोलीं- सब एक जैसे हैं

थलापति विजय की पार्टी (तमिल वेट्री कड़गम) ने तमिलनाडु चुनाव में 108 सीट जीती हैं। चुनाव के नतीजे सामने आने के ठीक बाद उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता की एक नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। खबर सामने आने के बाद साउथ की पॉपुलर सिंगर चिनमई श्रीपदा ने विजय की पार्टी पर सवाल उठाते हुए उनकी आलोचना की है।


चिनमई श्रीपदा ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर थलापति विजय की पार्टी के कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर रिएक्ट कर लिखा है, जो आदमी यौन अपराध करते हैं, वे अक्सर वहां पहुंचने की कोशिश करते हैं जहां उन्हें ताकत और बच निकलने का मौका दिखाई देता है। तमिल वेट्री कड़गम में एक ऐसे व्यक्ति पर नाबालिग के साथ यौन शोषण का आरोप है। पार्टी को पहले उसका सही बैकग्राउंड चेक करना चाहिए था। आगे चिनमई श्रीपदा ने लिखा, अगर बदलाव का वादा करने वाले लोग भी ऐसी गलतियां करें, तो फिर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उम्मीद कम हो जाती है। बार-बार यह कहना अच्छा नहीं लगता कि सब एक जैसे हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं लोगों को यही सोचने पर मजबूर कर देती हैं।

एक्टर से राजनेता बने थलापति विजय की पार्टी की हाल ही में गिरफ्तारी हुई है। उन पर 10 साल की बच्ची का यौन शोषण करने का आरोप है। आरोपी की पहचान दिनेश उर्फ पांबू दिनेश के रूप में हुई है। उसके खिलाफ पीड़िता के परिवार ने इसी हफ्ते शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। विजय ने 2 साल पहले तमिल वेट्री कड़गम पार्टी बनाई। उनकी पार्टी ने तमिलनाडु चुनाव में सभी 234 सीटों से चुनाव लड़ा, जिसमें से पार्टी 108 सीटों पर विजयी रही।

# Sport

सनराइजर्स ने 33 रन से दर्ज की जीत, 11वीं बार 220 प्लस का लक्ष्य बचाया

## कोनोली का शतक नहीं आया काम



एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

कूपर कोनोली का नाबाद शतक भी पंजाब किंग्स को लगातार तीसरी हार से नहीं बचा सका। कोनोली की 107 रन की पारी के बावजूद पंजाब को बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से 33 रन से हार मिली। हैदराबाद ने इस जीत से पंजाब से नंबर एक का ताज भी छीन लिया।

हैदराबाद ने लगातार 11वीं बार 220 प्लस का बचाव किया है। यह हैदराबाद की पंजाब के खिलाफ इस स्टेडियम में लगातार नौवीं जीत है। उसने चेन्नई का एक स्टेडियम (चेपॉक) में बेंगलुरु के खिलाफ लगातार आठ जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

हैदराबाद ने ईशान और क्लासेन की तूफानी अर्धशतकीय पारियों से चार विकेट पर 235 रन बनाए। क्लासेन (69) ने ईशान (55) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 88 और नीतीश रेड्डी (29 नाबाद) के साथ चौथे विकेट के लिए 32 गेंदों में 63 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 13 गेंदों में 35 तो हेड ने 19 गेंद में 38 रन बनाए।

विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम सात विकेट पर 202 रन ही बना पाई। कोनोली एक शोर पर टिके रहे और दूसरे पर विकेट गिरते रहे। उनके अलावा स्टोइनिस (28), सूर्यांश (25) और यानसेन (19) ही दोहरे अंक तक पहुंचे। उसके दोनों ओपनर सात गेंदों में चार रन पर पवेलियन में थे। कमिंस ने पहले ओवर की अंतिम गेंद पर प्रियांश को तो अगले ओवर की पहली गेंद पर नीतीश ने प्रभसिमरन को आउट किया। कमिंस और शिवांग ने दो-दो विकेट लिए।

श्रेयस को मलिंगा ने आउट कर पंजाब के शीर्षक्रम को पूरी तरह से झकझोर दिया। स्कोर तीन विकेट पर 23 रन हो गया। कोनोली ने मोर्चा संभाले रखा पर टीम को जीत नहीं दिला पाए। इससे पहले हैदराबाद ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी का अपना सबसे बड़ा जबकि कुल दूसरा बड़ा स्कोर बनाया। पिच से गेंदबाजों को बिल्कुल मदद नहीं मिली। पंजाब की फील्डिंग भी खराब रही। उसने तीन कैच टपकाए जिसका खामियाजा उसने भुगता। अभिषेक ने यानसेन को लांग ऑफ और लांग आन पर छक्के जड़े। उन्होंने फर्ग्युसन को पूल शॉट खेलकर टीम के 50 रन पूरे किए। हैदराबाद का यह पंजाब के खिलाफ पहली पारी का सबसे बड़ा जबकि कुल दूसरा बड़ा स्कोर है। इससे पहले उसने पिछले साल इसी स्टेडियम में दूसरी पारी में चार विकेट पर 247 रन बनाए थे।

## अहमदाबाद में फाइनल, धर्मशाला में प्लेऑफ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल का फाइनल अब बेंगलुरु की जगह लगातार दूसरे साल 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। प्लेऑफ के तीन मुकाबले दो अलग-अलग शहरों में खेले जाएंगे। क्वालिफायर वन धर्मशाला में और एलिमिनेटर और क्वालिफायर दो न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने बुधवार को यह ऐलान किया। परंपरा के अनुसार फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को मिलनी थी, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स मौजूदा चैंपियन है। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी। बीसीसीआई ने कहा, आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। पर स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण जो बोर्ड के स्थापित दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया है।

## शिखर धवन के विवाह पर गुरुग्राम में लगी मुहर

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन बुधवार को अपनी पत्नी सोफी शाइन के साथ गुरुग्राम स्थित विकास सदन पहुंचे, जहां उन्होंने विवाह का आधिकारिक पंजीकरण कराया। मैरिज रजिस्ट्रार कार्यालय में दोनों ने आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। मैरिज रजिस्ट्रार कार्यालय के सुपरिटेंडेंट वासुदेव के अनुसार, क्रिकेटर शिखर धवन दोपहर करीब तीन बजे अपनी पत्नी और करीब सात परिजनों व दोस्तों के साथ कार्यालय पहुंचे थे।

सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शिखर-सोफी को विवाह प्रमाण पत्र सौंप दिया गया। बता दें कि शिखर और आयरलैंड मूल की प्रोडक्ट कंसल्टेंट सोफी ने 21 फरवरी 2026 को दिल्ली-एनसीआर में निजी समारोह में शादी की थी।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### दो बदमाशों ने कारों के कांच फोड़े सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में बुधवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए करीब आधा दर्जन कारों के कांच फोड़ दिए। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे की हालत में थे और कंबल ओढ़कर इलाके में पहुंचे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश की जा रही है। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सत्यदेव नगर, नार्थ मोहल्ला और सूर्यदेव नगर में बदमाशों ने देर रात खड़ी कारों को निशाना बनाया। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक दिखाई दिए हैं, जो आते ही कारों पर पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं। भागते समय उन्होंने रास्ते में खड़ी अन्य कारों के कांच भी तोड़ दिए। करीब रात 2 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद बीट के जवान मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान बाबूनाथ और आरसी चौहान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी इलाके में खुद को बड़ा गुंडा बताकर लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश करते हैं। उन पर झपटमारी जैसी वारदातों में शामिल होने के आरोप भी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नशे के आदी हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है और गिरफ्तारी के बाद उनका इलाके में जुलूस निकालने की तैयारी भी कर रही है।

### कैट चौराहे पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई 2745 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त



**इंदौर।** कैट चौराहा स्थित मोक्ष ट्रेडर्स पर गुरुवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2745 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। कार्रवाई के दौरान जब दुकान संचालक ने ताला खोलने से इनकार कर दिया और चाबी नहीं होने का बहाना बनाया, तो निगम टीम ने आरी से ताला कटवाकर अंदर प्रवेश किया। यह कार्रवाई जोन क्रमांक-21 के वार्ड क्रमांक-79 में स्थित फैमिली कलेक्शन (मोक्ष ट्रेडर्स) पर की गई। कार्रवाई अपर आयुक्त प्रखर सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी अवधनारायण सिंह के नेतृत्व में हुई। नगर निगम अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुकान में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण किया गया है। टीम ने मौके पर दबिश दी, लेकिन संचालक ने सहयोग नहीं किया। इसके बाद पंचनामा बनाकर आरी से ताला कटवाया गया। तलाशी के दौरान 2745 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त की गई पॉलीथिन को कार्रवाई के बाद नेप्रा प्लांट भेजा गया। निगम टीम ने मोक्ष ट्रेडर्स को सील करते हुए एक लाख रुपए की पेनल्टी भी लगाई है। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अवधनारायण सिंह, सीएसआई विजय यादव, एसीएसआई रवि सिंह, वार्ड सहायक दरोगा मिंटू कल्याणे सहित निगम की टीम मौके पर मौजूद रही।

### महिला से 3.70 लाख लिए, न प्लॉट मिला न रजिस्ट्री, थाने में एफआईआर कराई

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस ने निजी कंपनी के नाम पर कॉलोनी विकसित करने का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। मामले में पुलिस ने कंपनी संचालक और उसकी सहयोगी को आरोपी बनाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक बजरंग नगर कांकड़ निवासी ममता मिश्रा की शिकायत पर अखिलेश यादव और रिया पटेल उर्फ भगवती किराडे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि अखिलेश यादव रिलाय एग्रो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म का डायरेक्टर है, जिसका ऑफिस विजयनगर स्थित अपोलो प्रीमियम में संचालित होता है। रिया पटेल भी इसी कंपनी से जुड़ी हुई है। ममता मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात ब्रोकर इंद्रपाल के जरिए अखिलेश यादव से हुई थी। आरोपियों ने देवास नाका क्षेत्र में सन सिटी नाम से कॉलोनी विकसित होने की बात कही और वहां प्लॉट बेचने का प्रस्ताव दिया। शिकायत के मुताबिक 13 अक्टूबर 2024 को उन्हें 1235 साइज का प्लॉट दिखाया गया, जिसकी कीमत 10 लाख 50 हजार रुपए तय हुई। सौदे के तहत महिला ने 3 लाख 70 हजार रुपए जमा भी कर दिए। महिला का आरोप है कि बाद में जानकारी मिली कि संबंधित कॉलोनी किसी भी स्तर पर विकसित ही नहीं हुई न वहां प्लॉट का विकास हुआ और न ही किसी खरीदार की रजिस्ट्री की गई। ममता मिश्रा ने पुलिस को यह भी बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने प्लॉट के नाम पर कई अन्य लोगों से भी धोखाधड़ी की है। मामले में रूचिता पटेल नाम की एक अन्य पीड़िता भी सामने आई है। आरोपियों के खिलाफ पहले जनसुनवाई में भी शिकायत की जा चुकी है। पीड़िता के मुताबिक जब उन्होंने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो अखिलेश और रिया ने एक नया एग्रीमेंट बनाकर ब्याज सहित रुपए लौटाने का प्रस्ताव दिया। साथ ही कहा कि यदि रुपए नहीं लेना चाहतीं तो किसी दूसरी जगह प्लॉट एडजस्ट कर दिया जाएगा। विजयनगर पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पलासिया चौराहे पर दो कारों की भीषण टक्कर में एक युवक घायल

**इंदौर।** पलासिया चौराहा पर बुधवार देर रात दो कारों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कारों को जब्त कर लिया है। शुरूआती जांच में एक कार से नशे में इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला है। एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब व्हाइट चर्च चौराहे की ओर से आ रही एक कार को रीगल की तरफ जा रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार सड़क पर घूम गई। सूचना मिलते ही बीट पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में महेश्वर निवासी विनायक और उसका साथी घायल हुए हैं। विनायक को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक एक कार की तलाशी के दौरान गोगो पेपर सहित नशे में उपयोग होने वाला अन्य सामान मिला है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि टक्कर मारने वाली कार में सवार युवक नशे की हालत में थे। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। राऊ इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सड़क किनारे स्थित एक मकान के सामने के हिस्से में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार मकान के बाहर ही रुक गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में कार चला रहे युवक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद युवक कार छोड़कर मौके से चला गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को सीधा कर थाने पहुंचाया और वाहन जब्त कर लिया है।

## प्रदेश में बेपटरी नर्सिंग शिक्षा को ट्रैक पर लाने की सरकार की कोशिश नहीं हो पाई सफल

# फर्जीवाड़े और कानूनी पेचीदगियों ने बिगाड़ा खेल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मप्र नर्सिंग कॉलेजों के उजाड़े और कानूनी पेचीदगियों से छात्रों का भविष्य फिर से अधर में लटक गया है और शैक्षणिक सत्र 2026 में भी देरी के कारण उनका एक और साल पिछड़ रहा है। हाई कोर्ट के आदेशों और सीबीआई जांच के बीच, सत्र 2021-22 और उसके बाद के छात्रों की परीक्षाएं और परिणाम अटके हुए हैं।

हालांकि हाल ही में इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) ने स्टेट नर्सिंग काउंसिल की सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। आईएससी के अनुसार बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों को 15 जून 2026 से पहले एंट्रेंस परीक्षा करानी है। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर है और कक्षाएं 1 अगस्त से शुरू होंगी।

दरअसल, मप्र में बेपटरी नर्सिंग शिक्षा को ट्रैक पर लाने की सरकार की कोशिश सफल नहीं हो पाई है। साल 2023 में फर्जी कालेजों को मान्यता देने की गूंज हाई कोर्ट से लेकर सीबीआई जांच के कारण देशभर में रही। सरकार ने पिछड़ी शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुचारू करने और नर्सिंग घोटाले के पुराने दाग मिटाने के लिए मेडिकल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित हो रहे नर्सिंग कालेजों को 11 साल बाद सत्र 2025-26 से एक बार फिर उच्च शिक्षा



विभाग के तहत पारंपरिक विश्वविद्यालयों में ले आई,लेकिन यहां भी हालात सुधर नहीं पाए हैं। संबद्धता शुल्क की खींचतान के चलते एक सत्र पिछड़ गया है और कॉलेजों ने विश्वविद्यालयों से संबद्धता नहीं ली और न ही प्रवेशरत छात्रों का एनरोलमेंट हो पाया है। वहीं अब नए सत्र में प्रवेश का समय आ गया है। इन हालातों के चलते हजारों छात्रों का भविष्य दाव पर लगा है और उच्च शिक्षा विभाग के एक आला अधिकारी का कहना है कि उन्हें इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं है।

### अब सीधे काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश के निर्देश

नर्सिंग घोटाला उजागर होने के बाद मध्य प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पिछले दो सत्रों से नर्सिंग के सभी पाठ्यक्रमों में एंट्रेंस परीक्षा के मध्यम से प्रवेश दिए जा रहे थे। हांलाकि इसके चलते बीएससी और एसएससी में 60 से 70 प्रतिशत सीटें खाली रहीं, जबकि जीएनएम और पोस्ट बेसिक में 90 प्रतिशत तक सीटें नहीं भर सकी। हाल ही में आईएनसी ने एमएससी, पोस्ट बीएससी और जीएनएम पाठ्यक्रमों में सीधे काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश के निर्देश जारी किए हैं। काउंसलिंग के माध्यम से सीधे प्रवेश होने से प्रवेश संख्या बढ़ेगी, लेकिन गुणवत्ता प्रभावित होगी। प्रदेश में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में 33 नर्सिंग कालेज, डीएविवि इंदौर के 25, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के 25, विक्रम विवि उज्जैन के 22 और जीवाजी विवि ग्वालियर के अंतर्गत 18 नर्सिंग कॉलेज हैं। एक ओर कालेजों को संबद्धता की जगह निरंतरता देने के विभाग के आदेशा से विश्वविद्यालयों को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। अब कालेजों की मांग है कि वे विवि को प्रवेशित छात्र संख्या के अनुसार प्रति सीट शुल्क देंगें। इधर विवि अपने नियम के अनुरूप आवंटित सीट के अनुसार फीस की मांग रहे हैं। इस विवाद के चलते कॉलेज संबद्धता नहीं ले रहे हैं। चेपरमैन मप्र नर्सिंग काउंसिल डॉ. बीनू सिंह का कहना है कि हम आईएनसी के निर्देश अनुसार सत्र 2026-27 के प्रवेश करेंगे। अब तक सत्र 25-26 के लिए कॉलेजों की निरंतरता नहीं हुई है, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग को मार्च से अब तक तीन रिमाइंडर लेटर लिख चुके व्हीसल ब्लोअर रवि परमार माफिया की मनमानी चल रही है, जिम्मेदार मौन या निष्क्रिय हैं।

## फिंगरप्रिंट से पकड़ में आया आरोपी, महाराष्ट्र तक पहुंची पुलिस

# सुपर कॉरीडोर जैन मंदिर में हुई चोरी का मिला सुराग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम इलाके स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात में पुलिस को बड़ा सुराग मिला है। एफएसएल जांच में मिले फिंगरप्रिंट्स के आधार पर पुलिस ने लखन नाम के आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक मंदिर में सोमवार को हुई चोरी के बाद जोन-1 पुलिस ने विशेष टीम गठित की थी। मौके से एफएसएल टीम ने फिंगरप्रिंट जुटाए थे, जिनका मिलान तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पकड़े गए आरोपी लखन के रिकॉर्ड से हुआ।

एरोड्रम थाना पुलिस अब तक चोरी गई मूर्तियां और सामान बरामद नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि दीपक चौहान और गोलू चोरी का माल लेकर महाराष्ट्र भाग गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर ली है और अब माल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।



**बदमाशों ने चोरी के लिए महाराष्ट्र से बुलाए थे साथी**

- पुलिस जांच में सामने आया है कि लखन और रामबाबू ने वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथियों दीपक चौहान, गोलू और अन्य लोगों को महाराष्ट्र से बुलाया था। चोरी के बाद आरोपी मंदिर से मूर्तियां और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए थे।
- पुलिस के मुताबिक लखन मूल रूप से महाराष्ट्र क्षेत्र का रहने वाला है। उसके खिलाफ तेजाजी नगर थाने में पहले से एक आपराधिक मामला दर्ज है, जबकि अन्य अपराध दूसरे राज्यों में दर्ज बताए जा रहे हैं।
- पुलिस को शक है कि यही गैंग 25 लाख रुपए की एक अन्य चोरी में भी शामिल हो सकता है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

**सीसीटीवी से नहीं हुई पहचान**

जांच में सबसे अहम सुराग मंदिर परिसर से मिले फिंगरप्रिंट साबित हुए। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में किसी आरोपी की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई थी। इसके बाद फिंगरप्रिंट जांच के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

सूत्रों के अनुसार इस मामले में लखन और उसके साथी बलराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम महाराष्ट्र पहुंची हुई है।

## इंदौर में 9 से 17 मई तक होगा

# श्री सिद्ध चक्र महामण्डल विधान एवं विश्व कल्याण की मंगल कामना का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जिनेन्द्र प्रभु की असीम अनुकम्पा एवं गुरुओं के आशीर्वाद से सिद्धों की महाआराधना का अनूठा महोत्सव श्री सिद्ध चक्र महामण्डल विधान एवं विश्व कल्याण कामना का आयोजन 9 मई शनिवार से 17 मई 2026 रविवार तक श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर वेशाली नगर अन्नपूर्णा रोड इंदौर में किया जा रहा है।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि गुरु आचार्य विद्यासागर श्रमण संस्कृति के महान पट्टाचार्य आचार्य विशुद्ध सागर, आचार्य निजानंद सागर एवं मुनि श्री प्रणीत सागर महाराज के मंगलमय आशीर्वाद से आयोजित हो रहा है। महोत्सव की पावन प्रेरणा स्त्रोत स्मृति शेष घीसालाल एवं तारा बाई छाबड़ा की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हो रहा है। इस विधान के पुण्यार्जक परिवार देवेंद्र मधु जैन छाबड़ा एवं समस्त छाबड़ा परिवार हैं। साथ में परितोष-नितिका, मिरल-नित्या जैन परिवार एवं सुमित-लतिका, रियांश-निमित पाटनी परिवार का भी सहयोग प्राप्त है। **विधानाचार्य एवं प्रवचनकार:** विधान की क्रियाएं विधानाचार्या श्रीमती किरण बड़जात्या, जैन कॉलोनी इंदौर द्वारा संपन्न कराई जाएंगी। शास्त्र प्रवचन शास्त्री सौरभ बड़जात्या, गुमास्ता नगर इंदौर द्वारा प्रतिदिन दिए जाएंगे। दद्दू ने बताया कि श्री सिद्ध चक्र विधान जैन धर्म का सर्वोच्च एवं प्रभावशाली विधान माना जाता है। 9 दिन तक चलने वाले इस विधान में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं साधु परमेष्ठी की आराधना की जाती है। विश्व शांति, देश की समृद्धि एवं मानव मात्र के कल्याण की भावना से यह विधान आयोजित किया जा रहा है।

# बेटमा में कंपनी कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के पास बेटमा इलाके में कंपनी से ड्यूटी कर लौट रहे एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बदमाश वारदात के बाद युवक का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। युवक खून से लथपथ हालत में भेरूबाबा मंदिर के पास ओटले पर पड़ा मिला। पुलिस ने हत्या और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 28 वर्षीय राहुल पुत्र चंदन सिंह पंवार निवासी ग्राम रावत के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक राहुल सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अपनी कंपनी की ड्यूटी के लिए बुलेट से निकला था। उसकी कंपनी से रात करीब साढ़े 11 बजे छुट्टी होती थी और वह आमतौर पर रात 12 बजे तक घर पहुंच जाता था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार को चिंता हुई। राहुल के भाई रवि पंवार ने बताया कि उसने कई बार राहुल के मोबाइल पर कॉल किए, लेकिन फोन बंद आ रहा था। इसके बाद वह बाइक लेकर उसकी तलाश में निकला।

## बारात में बदमाशी का डांस!

### नोट उड़ाए, फिर कार पर चढ़कर लहराया चाकू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में शादियों का सीजन हो और बारात में रंग न जमे, ऐसा हो ही नहीं सकता। लेकिन अब जश्न के नाम पर कुछ युवक खतरनाक स्टंट और बदमाशी दिखाने से भी बाज नहीं आ रहे। ताजा मामला ऐसा ही सामने आया है, जहां एक युवक बारात में खुलेआम चाकू लहराते हुए डांस करता नजर आया और पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पहले युवक दूल्हे के ऊपर नोट न्योछावर करता है, माहौल बनाता है, लेकिन कुछ ही देर में उसका अंदाज बदल जाता है। युवक अचानक चाकू निकालता है और फिर कार पर चढ़कर फिल्मी स्टाइल में डांस करने लगता है। इस दौरान आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहते हैं, लेकिन किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की।

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com